राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- सम्मान और सुरक्षा के लिए शिक्षा जरूरी - 12

जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को - 12



यूक्रेन युद्ध के परोक्ष परिणाम ग्लोबल साउथ के देशों पर डाल रहे हैं असर - 13

यूएस ओपन में सबालेंका और अनिसिमोवा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत - 14

आज का मौसम

33.0° अधिकतम तापमान

27.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05.51

सूर्यास्त 06.23

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

अयोध्या

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

लखनऊ बरेली कानपुर मुरादाबाद अयोध्या हल्द्वानी

भाद्रपद शुक्ल पक्ष चतुर्दशी 01:41 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2082

शनिवार, 6 सितंबर 2025, वर्ष 4, अंक 25, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये

ब्रीफ न्यूज

फर्जीवाड़ा को लेकर सेबी ने किया आगाह

नई दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने शुक्रवार को निवेशकों को आगाह किया कि वे सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों पर उसके नाम से प्रसारित हो रहे धोखाधड़ी वाले संदेशों और सूचनाओं को लेकर सतर्कता बरतें। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने निवेशकों से कहा कि वे ऐसे संदेशों के आधार पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा करने या धनराशि देने से बचें। सेबी ने कहा कि उसके संज्ञान में कई ऐसे मामले आए हैं जिनमें धोखेबाजों ने सेबी अधिकारियों के रूप में खुद को पेश करने के साथ प्रतीक चिह्न (लोगो), लेटरहेड और मुहर का दुरुपयोग किया तथा फर्जी ई-मेल आईडी बनाकर संदेश भेजे।

वैष्णो देवी यात्रा 11वें दिन भी स्थगित

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर के लिए यात्रा शुक्रवार को लगातार 11वें दिन भी स्थगित रही। 26 अगस्त को भूस्खलन के बाद यात्रा स्थगित कर दी गई थी। इस भूस्खलन में 34 लोगों की मौत हो गई थी और 20 अन्य घायल हो गए थे। हालांकि दस दिन की भारी बारिश, बाढ़ और भूस्खलन के बाद मौसम में काफी सुधार हुआ है और धूप निकली है, लेकिन अधिकारियों ने अभी तक यात्रा को फिर से शुरू करने पर कोई फैसला नहीं लिया है। इस बीच, माता वैष्णो देवी मंदिर के आधार शिविर जम्मू और कटरा के बीच शुरू की गई लोकल ट्रेन सेवाएं निलंबित रहीं।

छह माओवादियों पर प्राथमिकी दर्ज

मेदिनीनगर। झारखंड के पलामू में पुलिसकर्मियों के साथ हुई मुठभेड़ के संबंध में तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति समिति (टीएसपीसी) के छह सदस्यों के खिलाफ शुक्रवार को प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस ने बताया कि इस मुठभेड़ में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए और एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। पुलिस के मुताबिक, टीएसपीसी के स्वयंभू जोनल कमांडर शशिकांत गंझू, कार्यकर्ता मुखदेव यादव, उमेश सिंह खरवार, रोहिणी गंझू, कुलदीप और एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने बताया कि पलामू जिले के मनातू थाना क्षेत्र के केदल गांव में गुरुवार रात करीब साढ़े 12 बजे सुरक्षा बलों और प्रतिबंधित टीएसपीसी संगठन के सदस्यों के बीच मुठभेड़ हुई थी।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के इंजन में आई खराबी, इमरजेंसी लैंडिंग

इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- **विमान को इंदौर में एहतियातन उतारा गया, सभी 161 यात्री सुरक्षित**

दिल्ली से इंदौर आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान को एक इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना के बाद यहां देवी अहिल्याबाई होलकर हवाई अड्डे पर शुक्रवार को एहतियातन उतारा गया और इसमें सवार सभी 161 यात्री सुरक्षित हैं।

हवाई अड्डे के निदेशक विपिनकांत सेठ ने बताया कि इंजन में तकनीकी खराबी की सूचना मिलने पर हमने तमाम एहतियात बरतते हुए इस वायुयान को इंदौर के हवाई अड्डे पर सुबह 09:55 बजे उतारा। निर्धारित समय के मुताबिक इस विमान को सुबह 09:35 बजे इंदौर हवाई अड्डे पर उतरना था। उन्होंने बताया कि उड़ान संख्या आईएक्स 1028 वाले इस विमान का चालक दल और इसमें सवार सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। विमान के पायलट ने एटीसी को पैन-पैन संकेत भेजा जिसके बाद एसओपी के तहत हवाई अड्डे पर अग्निशमन और चिकित्सा के इंतजाम किए गए।

हमने भारत-रूस को चीन के हाथों खो दिया : ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

- **टैरिफ वॉर के बीच एससीओ समिट के बाद नरम पड़े अमेरिकी राष्ट्रपति के तेवर**
- **ट्रुथ सोशल पर लिखा- चीनी राष्ट्रपति पुतिन और किंग जोंग के साथ रच रहे साजिश**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, लगता है कि हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। यह बात ऐसे समय में कही गई है जब अमेरिकी टैरिफ (शुल्क) को लेकर भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय में संभवतः सबसे बुरे दौर से गुजर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर ट्रंप का यह पोस्ट ऐसे समय में आया है जब कुछ ही दिन पहले चीन के शहर तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच गर्मजोशी से हुई बातचीत ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया। अमेरिका के राष्ट्रपति ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, लगता है हमने भारत और रूस को चीन के हाथों खो दिया है। साथ में उनका भविष्य दीर्घकालिक और समृद्ध हो! ट्रंप द्वारा भारतीय वस्तुओं पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर दिए जाने के बाद नई दिल्ली और वाशिंगटन के बीच संबंधों में खटास आ गई है,पिछले कुछ दिनों में, व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो सहित ट्रंप प्रशासन के कई अधिकारियों ने भारत पर निशाना साधने के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल किया है।

अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का लगाया आरोप

ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति पर पुतिन और उत्तर कोरिया के किम जोंग उन के साथ मिलकर अमेरिका के खिलाफ साजिश रचने का आरोप लगाया। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कृपया व्लादिमीर पुतिन और किम जोंग उन को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं दें, क्योंकि आप अमेरिका के खिलाफ षड्यंत्र रच रहे हैं।

भारत ने पीटर नवारो की टिप्पणियां की खारिज

नई दिल्ली। भारत ने अमेरिका के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो की रूसी कच्चे तेल की खरीद के लिए नई दिल्ली पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणियों को गलत और भ्रामक बताते हुए शुक्रवार को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हमने नवारो द्वारा दिए गए गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और हम उन्हें स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। पिछले सप्ताह, नवारो ने भारत पर क्रेमलिन के लिए तेल धन शोधन केन्द्र होने का आरोप लगाया था। भारत रूसी हथियार खरीदना जारी रखे हुए है, जबकि उसने अमेरिकी रक्षा कम्पनियों से संवेदनशील सैन्य प्रौद्योगिकियों को स्थानांतरित करने और भारत में विनिर्माण संयंत्र स्थापित करने का आग्रह किया था।

आतंकवादी कहीं भी होगा, उसे ढूंढ़कर मारा जाएगा: चौहान

सीडीएस बोले- युद्ध व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता

- **गोरखपुर में भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषय पर संगोष्ठी में रखे विचार**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध में सफलता प्राप्त करने के लिए सरप्राइज एक महत्वपूर्ण फैक्टर होता है। भारतीय सेनाओं ने हर बार दुश्मन को सरप्राइज कर अपना टारगेट पूरा किया। आतंकवादी कहीं भी हो, उसे ढूंढ़कर मारा जाएगा। उन्होंने आने वाले समय में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी की जरूरत भी गिनाई। कहा कि युद्ध व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता।

गोरखपुर में शुक्रवार को भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां विषयक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि समग्र रूप से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए तीन घटक भूमि की सुरक्षा, विचारधारा की सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा महत्वपूर्ण होते हैं। कहा कि सैन्य तत्परता के लिए रक्षा संसाधनों, अनुसंधान एवं विकास के साथ रणनीतिक संस्कृति अहम होती है। जनरल चौहान ने एक जर्मन विद्वान के उद्धरण के हवाले से कहा कि अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में युद्ध, राजनीति का ही विस्तार है। सैन्य क्षमता की मजबूती इस बात पर भी निर्भर होती है कि किसी राष्ट्र ने शांतिकाल में रक्षा क्षेत्र में कितना खर्च किया। सीडीएस ने बताया कि उरी सर्जिकल स्ट्राइक में भारत ने जमीन के रास्ते जाकर आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया, बालाकोट में एयर स्ट्राइक का सहारा लिया जबकि पहलगाम हमले के बाद लो एयर स्पेस, ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। बालाकोट हमले के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने अलग अलग सीख ली। पाकिस्तान ने एयर डिफेंस पर ध्यान दिया तो भारत ने लंबी दूरी तक हमला करने वाले हथियारों पर। सीडीएस ने यह भी कहा कि 'न्यू नॉर्मल' नीति ऐसी स्थिति होती है जो संकट खत्म होने के बाद बनती है। जैसे कोविड के बाद वर्क फ्रॉम होम और नोटबंदी के बाद डिजिटल लेनदेन की अभ्यस्तता। पर, न्यू नॉर्मल में यह स्पष्ट है कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते।

ऑपरेशन सिंदूर में कम थी आमने-सामने की लड़ाई

सीडीएस चौहान ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व से सैन्य बलों को दिशा मिलती है। ऑपरेशन सिंदूर में नेतृत्व से क्लियर कट दिशानिर्देश था कि आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाना है, नागरिक ठिकानों को नहीं। दुश्मन के किसी भी उकसावे पर सेना को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दी गई थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सिर्फ बदला लेना नहीं था, धैर्य का स्तर भी बढ़ाना था। ऑपरेशन सिंदूर ऐसा पहला युद्ध तहस जिसमें दुश्मन से आमने सामने की लड़ाई काफी कम थी। इसमें न फ्रंट था और न रियर। ऑपरेशन सिंदूर अभी ऑफिशियली टर्मिनेट नहीं किया गया है।

सीमा विवाद राष्ट्र की सुरक्षा में पहली चुनौती

सीडीएस ने कहा कि भारत में राष्ट्र की सुरक्षा की पहली चुनौती सीमा विवाद की है। पाकिस्तान और चीन से हुई लड़ाइयां सीमा विवाद का ही परिणाम हैं। पाकिस्तान की तरफ से प्रॉक्सी वार, पड़ोसी देशों में अस्थिरता और युद्ध के बदलते स्वरूप अन्य चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप अब विकेंद्रित होता जा रहा है। भविष्य में नई तकनीकी आधारित, रोबोटिक्स और मानवरहित युद्ध हो सकते हैं।

दिल्ली-एनसीआर समेत कई राज्यों में बाढ़, नोएडा के सेक्टरों में घुसा पानी

बारिश से पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही

- **दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही**
- **हिमाचल में 350 श्रद्धालुओं को हेलीकॉप्टरों से निकाला गया**

नई दिल्ली, एजेंसी

नोएडा में यमुना नदी के उफान के कारण जलमग्न हुआ क्षेत्र।

बारिश के कारण पहाड़ी राज्यों से लेकर मैदानी इलाकों तक तबाही आ गई है। यमुना का उफनता पानी दिल्ली-एनसीआर और हरियाणा में तबाही मचा रहा है। दिल्ली में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। जिससे यहां कई इलाकों में बाढ़ की चपेट में आ गए। नोएडा में सेक्टर-135 और सेक्टर-151 डूब गए हैं। कई इलाके में 3 से 4 फीट पानी भर गया। उत्तर दिल्ली के मजनू का टीला की तंग गलियों में पानी घुस आया, जिससे दर्जनों घर और दुकानें जलमग्न हो गईं और जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है।

यमुना नदी में आई बाढ़ ने फरीदाबाद में भारी तबाही मचाई है और बाघपुर के मोहना पुल के पास सड़कें क्षतिग्रस्त होने के कारण गांवों का संपर्क पूरी तरह टूट गया है। फरीदाबाद और पलवल जिलों के 20 से अधिक गांवों के लोगों का उत्तर प्रदेश में आवागमन बंद हो गया है। इन गांवों को उत्तर प्रदेश के जेवर से जोड़ने वाले मोहना पुल की सड़कें क्षेत्र में बाढ़ के कारण ध्वस्त हो गई हैं।

वहीं पंजाब में बाढ़ में मरने वालों की संख्या गुरुवार को बढ़कर 43 हो गई। राज्य के 23 जिलों के 1,655 गांवों में 3.55 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। 1.71 लाख हेक्टेयर जमीन पर लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। हिमाचल में मणिमहेश यात्रा मार्ग पर फंसे करीब 350 श्रद्धालुओं को भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टरों के जरिए भरमौर से चंबा पहुंचाया गया। चंबा जिले के विभिन्न भागों में, विशेषकर भरमौर विधानसभा क्षेत्र में सैकड़ों तीर्थयात्री अब भी फंसे हुए हैं। इस विधानसभा क्षेत्र का अगस्त के अंतिम सप्ताह में भारी बारिश के कारण हुए कई भूस्खलनों और अचानक आई बाढ़ की वजह से सड़क संपर्क टूट गया है। चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने कहा कि वायुसेना के दो हेलीकॉप्टरों को सेवा में लगाया गया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा का भी अनिल अंबानी पर धोखाधड़ी का आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

- **एसबीआई, बीओआई भी पूर्व में लगा चुके हैं आरोप**

एसबीआई और बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला घोषित किया है। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से दो सितंबर को एक पत्र मिला जिसमें कंपनी एवं उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को धोखाधड़ी वाला वर्गीकृत करने के उसके फैसले की जानकारी दी गई है।

इसमें कहा गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। ऋणदाताओं के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने कहा कि इस खाते को पांच जून 2017 से एनपीए के रूप में वर्गीकृत किया गया है। रिलायंस कम्युनिकेशंस कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है और कंपनी को अपने नियंत्रण में लेने तथा अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए उपयुक्त व्यक्ति की तलाश है। बैंक ने पत्र में कहा कि वर्तमान में एनसीएलटी द्वारा अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना नहीं है। धोखाधड़ी की घोषणा फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में निष्कर्षों/टिप्पणियों पर आधारित है और यह वर्गीकरण न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है। अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने कहा कि बीओबी की कार्रवाई 12 साल से भी अधिक पुराने मामलों से संबंधित है।

बीओबी की कार्रवाई से कारोबार पर असर नहीं

नई दिल्ली। रिलायंस पावर ने कहा कि रिलायंस कम्युनिकेशंस के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा (बीओबी) की कार्रवाई का उसके कारोबारी संचालन और वित्तीय प्रदर्शन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। शेयर बाजार को बताया कि वह एक अलग और स्वतंत्र सूचीबद्ध इकाई है, जिसका रिलायंस कम्युनिकेशंस से कोई व्यावसायिक या वित्तीय संबंध नहीं है।

विस्फोटक के साथ 14 अतंकियों के मुंबई में घुसने की धमकी

मुंबई। मुंबई यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक संदेश मिला जिसमें दावा किया गया है कि 14 आतंकवादी 400 किलोग्राम आरडीएक्स के साथ शहर में घुस आए हैं और उन्होंने इसे वाहनों में रख दिया है, एक अधिकारी ने बताया कि गणेश उत्सव के 10वें दिन अनंत चतुर्दशी के लिए पुलिस सुरक्षा इंतजाम कर रही है, इस बीच यातायात पुलिस नियंत्रण कक्ष को गुरुवार को व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर धमकी भरा संदेश मिला। संदेश भेजने वाले ने इसमें 'लश्कर-ए-जिहादी'' नामक संगठन का नाम लिखा है। उसने दावा किया कि 14 आतंकवादी शहर में घुस आए हैं और 34 वाहनों में 400 किलोग्राम आरडीएक्स रखा है, जिससे देश दहल जाएगा।

बंदरों ने 2 माह के बच्चे को पानी भरे ड्रम में डाला, मौत

(मछरेहटा) सीतापुर। सूरजपुर गांव में पलंग पर सो रहे दो महीने के बच्चे का शव ड्रम में मिला। घटना के समय बच्चे की मां नहाने गई हुई थी। परिजनों का दावा है कि बंदरों के झुंड ने बच्चे को पलंग से उठाकर पानी भरे नीले ड्रम में डाल दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मछरेहटा थाना क्षेत्र के सूरजपुर निवासी अनुज कुमार के मुताबिक गांव में पिछले कई दिनों से बंदरों के झुंड उत्पात मचा रहे हैं।

- **परिजनों का दावा- चारपाई पर सोते समय उठाकर ले गए थे बंदर**

घटना के समय वह गांव में मजदूरों से निर्माण कार्य को लेकर बातचीत करने निकला था। पत्नी सविता पलंग पर दो माह के बच्चे को सुलाकर नहाने चली गईं। तभी बंदरों का झुंड नीचे उतरा ओर बच्चे को ड्रम भरे पानी में डुबो दिया। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

66 करोड़ की धोखाधड़ी में शिल्पा और राज के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर

मुंबई। मुंबई पुलिस ने 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके व्यवसायी पति राज कुंद्रा के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि शहर पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने एलओसी जारी किया, क्योंकि शिल्पा और उनके पति अंतर्राष्ट्रीय यात्राएं करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि अभिनेत्री और उनके पति के खिलाफ 14 अगस्त को जुहू थाने में एक कारोबारी से ऋण-सह-निवेश सौदे में कथित तौर पर लगभग 60 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का मामला दर्ज किया गया था।



पहल

शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी की ऐतिहासिक घोषणा, शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोइयों को भी कैशलेस इलाज की सुविधा

प्रदेश के नौ लाख शिक्षकों को मिलेगा कैशलेस इलाज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के शिक्षकों को ऐतिहासिक सौगात दी। उन्होंने घोषणा की कि प्रदेश के सभी शिक्षकों को अब कैशलेस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इस योजना का लाभ बेसिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त और उच्च शिक्षा संस्थानों के शिक्षकों के साथ-साथ शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों को भी मिलेगा।

उन्होंने विपक्ष के तमाम दुष्प्रचारों पर प्रहार करते हुए कहा कि एक समिति शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय पर विचार कर रही है।

लखनऊ के लोकभवन सभागार में इस्लामिया गर्ल्स इंटर कालेज बरेली की प्रधानाचार्या चमन जहां को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह व्यवस्था लगभग नौ लाख परिवारों को राहत देगी और शिक्षकों को इलाज के लिए अब आर्थिक कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि तय समय सीमा में इस सुविधा को लागू किया जाए। लोक भवन में कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने चयनित शिक्षकों को सम्मानित कर टैबलेट वितरित किए और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल टेक्नोलॉजी के माध्यम से शिक्षा को नई दिशा देने का कार्य तेजी से हो रहा है। प्रदेश के 2204 विद्यालयों को टैबलेट, और 1236 विद्यालयों में स्मार्ट क्लास की शुरुआत हो चुकी है। योगी ने कहा कि 2017 से पहले यूपी बोर्ड परीक्षाएं नकल के लिए कुख्यात थीं। लेकिन आज सीसीटीवी निगरानी, पारदर्शिता और समयबद्ध परिणाम के चलते यूपी बोर्ड देश के श्रेष्ठ बोर्डों में गिना जाने लगा है। उन्होंने कहा कि एक माह में परीक्षा परिणाम देना अब यूपी की पहचान बन चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत प्रारंभ की गई 'बाल वाटिका' में अब तक 5000 केंद्रों पर 25,000 बच्चों का नामांकन हो चुका है। इसे पोषण मिशन और आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ा गया है, ताकि बच्चे शिक्षा के साथ स्वस्थ भी रहें। 'निपुण भारत मिशन' के तहत बच्चों की भाषा और गणितीय दक्षता बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

शिक्षामित्रों के मानदेय पर विचार

मुख्यमंत्री ने यह भी घोषणा की कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी के लिए उच्चस्तरीय समिति का गठन किया गया है। समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि ये सभी कार्मिक शिक्षा अभियान में कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रहे हैं, ऐसे में सरकार उनके हितों की अनदेखी नहीं कर सकती।

नवाचार करने वाले शिक्षकों का होगा प्रचार-प्रसार

मुख्यमंत्री ने सभी जिलों के अधिकारियों से कहा कि शिक्षकों के नवाचारों को प्रकाशित कर स्कूलों तक पहुंचाया जाए। इससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे और सरकारी विद्यालयों की छवि बदलेगी। उन्होंने कहा कि आज कई सरकारी स्कूल कॉन्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार,6 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

प्रतापगढ़ के धार्मिक स्थलों का होगा विकास

अमृत विचार, लखनऊ : धार्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहरों के विकास के लिए प्रतापगढ़ में 8 करोड़ रुपये की आठ परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इन योजनाओं के तहत जिले के प्रमुख मंदिरों, धामों और बौद्ध स्थलों के आसपास पर्यटक सुविधाओं का विस्तार और विकास किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि स्वीकृत विकास कार्यों में नगर पालिका बेल्हा, सुगता नन्द बौद्ध बिहार, राम जानकी मंदिर, ग्राम सभा बुआपुर (रूपपुर), बौद्ध बिहार, बाबा घुईसरनाथ धाम, मां दुर्गा मंदिर, नरसिंह धाम मंदिर (गंगा तट), बाबा अवधेश्वरनाथ धाम मंदिर (गंगा तट) तथा मां ज्वाला देवी धाम सिद्धपीठ शामिल हैं। प्रत्येक धार्मिक स्थल को पर्यटन विकास के लिए एक-एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

आज कई बड़ी सौगात देंगे सीएम योगी

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को परिवहन विभाग के जरिए प्रदेशवासियों को कई सौगातें देंगे। आयोजन शनिवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में होगा। कार्यक्रम में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 1.5 लाख जनसेवा केंद्रों (सीएससी) के माध्यम से परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने की भी शुरुआत करेंगे। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सरल परिवहन हेल्पलाइन 149 की भी करेंगे। आईआईटी खड़गपुर, परिवहन विभाग, परिवहन निगम व सीएससी के मध्य एमओयू होगा। इसके अलावा कई अन्य सुविधाओं का लोकार्पण करेंगे।

मेरे वाहन पर आठ लाख का जुर्माना : अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पुलिस पर जनता से वसूली करने का आरोप लगाते हुए राज्य सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि मेरी गाड़ी का ओवर स्पीड में आठ लाख रुपये का चालान कर दिया है। सपा अध्यक्ष शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की तरफ से जो गाड़ी हमें दी गई है, वो चलने की हालत में नहीं है। भाजपा सरकार जनता से वसूली कर रही है। बिना सुविधाएं जमकर टैक्स वसूला जा रहा है।

मतदेय स्थलों पर अब लंबी नहीं होगी मतदाताओं की लाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रत्येक मतदेय स्थल पर 1500 मतदाताओं के मानक को कम कर किया 1200
- मतदाता सूची भी बड़ी नहीं होगी और सत्यापन व रखरखाव हो जाएगा आसान
- 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन हो

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रति मतदेय स्थल पर 1500 मतदाताओं के मानक को कम कर अब 1200 मतदाता कर दिया है। इससे अब चुनाव के दिन मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की भीड़ कम होगी और लंबी लाइनें नहीं लगेंगी। अब चुनाव के दौरान मतदाता मतदेय स्थल पर ज्यादा देर तक प्रतीक्षा किए बगैर आसानी से अपना मत डाल सकेंगे।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस बाबत जानकारी साझा करते हुए कहा कि मतदाता सूची भी बड़ी नहीं होगी और बीएलओ के लिए मतदाता सूची का सत्यापन एवं रखरखाव करना आसान हो जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी मतदेय स्थलों पर न्यूनतम आश्वासित सुविधाएं उपलब्ध कराईं जाए, जिसमें पीने का साफ पानी, महिला एवं पुरुष मतदाताओं के लिए अलग-अलग शौचालय, पर्याप्त फर्नीचर की व्यवस्था, मतदेय स्थल पर पर्याप्त बिजली की व्यवस्था, दिव्यांग मतदाताओं की व्हीलचेयर के लिए मतदेय स्थल पर स्थायी रैम्प उपलब्ध हो।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

उन्होंने कहा कि 83 साल की आयु से अधिक उम्र के सभी वयोवृद्ध मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाय, जिससे ऐसे मतदाताओं की वास्तविक संख्या का पता चल सके, जिससे वर्ष 2027 के चुनाव में घर पर रहकर वोट डालने के लिए पात्र अधिकतम मतदाताओं की संख्या का सही आंकलन किया जा सके।

त्रुटिरहित सूची समेत महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने के निर्देश

अमृत विचार : आगामी विधान सभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित एवं शुद्ध बनाने की कवायद तेज होने वाली है। आयोग ने मतदाता सूचियों में मतदाताओं की धुंधली, काली, अस्पष्ट तथा मानक के अनुरूप न पाये जाने वाली फोटो को यथाशीघ्र हटा कर उनके स्थान पर स्पष्ट व मानकानुसार फोटो अपलोड करने और दोहरी प्रविष्टियों को हटाने व मतदाताओं के मकान संख्या को सही से अंकित कराये जाने के निर्देश दिये। दरअसल, वर्तमान मतदाता सूचियों में मतदाताओं के नामों में त्रुटि होने, मतदाता की फोटो त्रुटिपूर्ण होने, मकान नम्बर की जगह शून्य दर्ज होने जैसे उदाहरण सामने आए हैं, ऐसे में सभी बीएलओ को ऐसी त्रुटियों को सही कराने के लिए मतदाताओं से फार्म-8 भरवाकर एक माह के भीतर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने के निर्देश दिये। खासकर अयोध्या जिले के लिए यह भी कहा गया है कि जनसंख्या के लिंगानुपात के अनुरूप मतदाता सूची में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ायी जाए।

17 तक कर सकेंगे दावे और आपत्तियां

अमृत विचार : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सम्बन्धित सभी मतदाता अपना नाम मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र. लखनऊ की वेबसाइट (ceouttarpradesh.nic.in) पर देख सकते हैं। जो व्यक्ति अर्हता तिथि 1 जुलाई को या उससे पूर्व अर्ह हो चुके हैं और उनका नाम किसी कारणवश प्रकाशित आलेख्य नामावली में अभी शामिल नहीं हो पाया है, तो निर्वाचक नामावली में नाम शामिल किए जाने को अपना आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 356-मऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में दावे और आपत्तियां 17 सितम्बर तक प्राप्त की जाएंगी।

बलरामपुर और श्रावस्ती आईजीआरएस में अव्वल

अमृत विचार, लखनऊ : आईजीआरएस की अगस्त माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में बलरामपुर और श्रावस्ती ने बराबर अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है जबकि शाहजहांपुर ने दूसरा और हमीरपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। आईजीआरएस द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और जन शिकायत की सुनवाई की रिपोर्ट जारी की जाती है। अगस्त माह की रिपोर्ट के अनुसार बलरामपुर और श्रावस्ती ने मानक पूर्णांक 140 के सापेक्ष 137 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह शाहजहांपुर ने दूसरा, हमीरपुर ने तीसरा और पीलीभीत ने चौथा स्थान प्राप्त किया है। वहीं सोनभद्र पांचवें पायदान पर है। वहीं टॉप टेन जिलों में बरेली, अमेठी, हाथरस, औरैया और चंदौली शामिल हैं।

राज्य पुरस्कार से 81 शिक्षक सम्मानित

शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री ने 2204 माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को वितरित किए टैबलेट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 1236 स्कूलों में स्मार्ट क्लास से डिजिटल शिक्षा की ओर बड़ा कदम

अमृत विचार : शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी लखनऊ स्थित लोकभवन में शुक्रवार को बेसिक और माध्यमिक शिक्षा से जुड़े कुल 81 शिक्षकों को राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया। इस दौरान प्रदेश के 2204 माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को टैबलेट भी वितरित किए गए, जबकि 1236 स्कूलों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण कर डिजिटल शिक्षा की ओर बड़ा कदम बढ़ाया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाले नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के वाहक हैं। शिक्षा के क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को मंच मिलना चाहिए। उन्होंने एससीईआरटी द्वारा तैयार की गई बाल कहानी संग्रह 'गुल्लक', हस्त पुस्तिका 'बाल वाटिका', नवाचारों की पुस्तिका 'उद्गम' का विमोचन किया। साथ ही 'उद्गम' के डिजिटल प्लेटफॉर्म की शुरुआत भी की।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 1236 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित स्मार्ट क्लास का भी लोकार्पण किया और पांच विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को इस बाबत मंच से प्रमाण पत्र प्रदान किया। इनमें बांदा के अजय प्रकाश सिंह, गाजीपुर के दिनेश यादव, गोरखपुर की किरणमई तिवारी, ललितपुर की अंजना वर्मा और गोरखपुर से विश्वप्रकाश सिंह शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य सचिव दीपक कुमार, महानिदेशक कंचन वर्मा सहित सैकड़ों शिक्षक मौजूद रहे।

लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्मार्ट क्लास का लोकार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में मंत्री गुलाब देवी और संदीप सिंह।

सम्मानित शिक्षक

- **बेसिक शिक्षा :** संतोष कुमार सिंह (भदोही), रेनू सिंह (मेरठ), मोहिनी श्रीवास्तव (लखीमपुर), डॉ. रीना मिश्रा (प्रयागराज), प्रमोद कुमार सिंह (गोरखपुर)
- **माध्यमिक शिक्षा :** रामप्रकाश गुप्त (हमीरपुर), कोमल त्यागी (गाजियाबाद), चमन जहां (बरेली), जंगबहादुर (जौनपुर), डॉ. वीरेन्द्र पटेल (गोरखपुर)

सम्मान कार्यक्रम के मुख्य बिंदु

- बेसिक शिक्षा के 66 और माध्यमिक शिक्षा के 15 शिक्षक सम्मानित।
- चयनित शिक्षकों को 25,000 की धनराशि, प्रशस्ति पत्र, मां सरस्वती की प्रतिमा और शाल भेंट की गई।
- गुल्लक पुस्तक के जरिए नैतिक मूल्यों और ज्ञान को सहज रूप से बच्चों तक पहुंचाने का प्रयास।
- समर कैंप और पौधरोपण पर आधारित शैक्षिक लघु फिल्म का भी प्रदर्शन हुआ।

बालिकाओं की शिक्षा प्राथमिकता : संदीप सिंह

बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने कहा कि स्मार्ट क्लास, आधुनिक पद्धतियों और समावेशी कंटेंट के जरिए सरकार हर बच्चे तक समान व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने में सफल हो रही है। बालिकाओं की शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

शिक्षक जीवन का मार्गदर्शक : गुलाब देवी

माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के जीवन का मार्गदर्शक होता है। योगी सरकार ने नकल पर पूरी तरह नियंत्रण पाया है, अब नकल माफिया को आजीवन कारावास तक का प्रावधान है।

दुष्टों के संहार से ही सुरक्षित रहेगा राष्ट्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्यमंत्री ने कहा- दुर्गति की ओर ले जाती है किसी भी राष्ट्र के भीतर की अराजकता

अमृत विचार : मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है। सुरक्षा के माहौल में ही समृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

वे शुक्रवार को गोरखपुर में युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर आयोजित संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन 'भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतरिक रूप से सुरक्षित न हो तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है। ऐसा अराजक राष्ट्र शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। पाकिस्तान इसी तरह के अराजक राष्ट्र का उदाहरण है। आंतरिक अराजकता से वह पूरी तरह खोखला हो चुका है। उन्होंने कहा कि अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति की ओर ले जाती है। दुर्गति से अस्तित्व पर संकट होता है। भारत प्राचीनकाल से ही इस पर सजग और सतर्क रहा है।

हर समस्या का कराएंगे समाधान : योगी

अमृत विचार : गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन कर लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों से आत्मीयता से संवाद करते हुए कहा कि घबराइए मत, आपकी समस्या का प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराएंगे। सरकार सबकी समस्या दूर करने को संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर बिना ब्रेक सफर

एनएचएआई ने तैयार की योजना, टोल प्लाजा से नहीं घटेगी रफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ से कानपुर तक की दूरी अब और तेज, सुगम व सुचारु होगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की बड़ी योजना के तहत लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे को इस तरह डिजाइन किया गया है कि वाहनों की गति पर टोल का कोई असर नहीं पड़ेगा। 63 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे के मुख्य मार्ग पर एक भी टोल नहीं होगा, जिससे लखनऊ से कानपुर की दूरी महज 40-45 मिनट में तय की जा सकेगी। इस एक्सप्रेसवे पर वाहन 120 किमी/घंटे की रफ्तार से चल सकेंगे, क्योंकि पांच टोल प्लाजा कनेक्टिंग रैंप पर होंगे, जिससे मुख्य एक्सप्रेसवे पर गाड़ियों की रफ्तार बिना रुके बरकरार रहेगी।

टोल दरें रहेंगी राष्ट्रीय राजमार्ग से अधिक

प्रस्तावित दरों के अनुसार, लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली राष्ट्रीय राजमार्ग की तुलना में लगभग 25% अधिक होगी। इसका कारण है उच्च गुणवत्ता की सड़क और तेज गति की यात्रा।

यानी वाहन अगर एक्सप्रेसवे पर चढ़ेंगे या उतरेंगे तो उन्हीं पांच स्थानों पर टोल वसूली होगी। इससे बीच मार्ग पर न तो ट्रैफिक रुकेगा और न ही अनावश्यक विलंब होगा।

एनएचएआई ने जानकारी दी है कि 15 दिसंबर तक लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे के सभी कार्य पूरे कर लिए जाएंगे। ज्यादातर निर्माण कार्य हो चुका है, केवल कुछ छोटे पैच और बिजली विभाग की लो-टेंशन लाइन को हटाना बाकी है। यह कार्य 14 सितंबर से शुरू किया जाएगा।

वाहन श्रेणी	एकल यात्रा	वापसी यात्रा
लाइट मोटर वाहन	125	181
मिनी बस/हल्के वाहन	200	294
बस और ट्रक (2 एक्सेल)	413	619
थ्री एक्सेल वाणिज्य वाहन	450	675
ओवरसाइज वाहन	794	1187

एनएचआई सूत्रों के अनुसार, यह दरें (रुपये में) संभावित हैं और इन्हें नवाबगंज टोल प्लाजा की वर्तमान दरों के आधार पर तय किया गया है, जिसमें 25% अतिरिक्त शुल्क जोड़ा गया है। यदि यह शुल्क हटाया जाएं तो दोनों दरों में समानता आ सकती है।

इन 5 स्थानों पर होंगे टोल प्लाजा

- मीरनपुर पिनवट (लखनऊ से चढ़ने के लिए)
- आजाद नगर (कानपुर से चढ़ने के लिए)
- खंडदेव (प्राधिकरण टोल बिंदु - काम में विलंब के बाद गति)
- बनी (लखनऊ के पास इंटरसेक्शन)
- अमरसस गांव (उन्नाव-लालगंज के समीप)

जीएसटी जनता की संतुष्टि से बड़ा नहीं

वित्त मंत्री व जीएसटी काउंसिल के सदस्य सुरेश खन्ना ने जानकारी की साझा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा- सरकार पैसे कमाने के लिए नहीं बैठी
- जीएसटी दरें कम होने से होंगे दूरगामी परिणाम

अमृत विचार : वित्त मंत्री व जीएसटी काउंसिल के सदस्य सुरेश कुमार खन्ना ने शुक्रवार को जीएसटी की दरें कम होने से राजस्व पड़ने वाले प्रभावों पर मीडिया से चर्चा की। उन्होंने कहा कि इससे शुरुआत में राजस्व को चोट पहुंच सकती है, लेकिन दूरगामी परिणाम सुखद होंगे।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की संतुष्टि से बड़ा जीएसटी नहीं है, क्योंकि सरकार पैसे कमाने के लिए नहीं बैठी है। लंबी अवधि में जीएसटी सुधारों से राज्य की अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार होगा और रोजगार के भी नये अवसर सृजित होंगे। जीएसटी काउंसिल की बैठक से लौटने पर शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी में सुधार बड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए जरूरी था।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना।

वित्त मंत्री ने कहा कि जीएसटी दरों में बदलाव आम आदमी के हित में की गई एक बड़ी राहत है। छोटे व्यापारियों को तीन दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन देने की बात की गई है, जो एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि अनुभव बताते हैं कि जब-जब कर की दर में कमी की गई है, तब तब वस्तुओं एवं सेवाओं का वॉल्यूम बढ़ा है यानी मांग बढ़ी है। मांग बढ़ने से अर्थव्यवस्था को गति मिलती है। एक तरफ इनकम टैक्स में बड़ी छूट देने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था से आम आदमी एवं व्यापारी काफी प्रसन्न है और सभी ने इसे सराहा है।

काउंसिल ने यूपी सरकार के प्रस्तावों को स्वीकारा

वित्तमंत्री ने यह भी बताया कि जीएसटी काउंसिल ने यूपी सरकार के प्रस्तावों को स्वीकार किया है। विलासिता की वस्तुओं पर टैक्स बढ़ा है। सरकार नशाखोरी को हतोत्साहित करना चाहती है। काउंसिल की 11 घंटे तक चली बैठक के बाद सभी राज्यों ने जीएसटी में बदलाव को ध्वनिमत से स्वीकार किया। जीएसटी सुधार आम आदमी के हित में सरकार का बड़ा कदम है।

सरकार ने अगस्त में करों से 606 करोड़ ज्यादा कमाए

लखनऊ। वित्तमंत्री के मुताबिक राज्य सरकार को अगस्त में मुख्य कर व करेत्तर राजस्व से 16,575 .70 करोड़ रुपये मिले हैं। यह धनराशि पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 के अगस्त माह के मुकाबले 606 .05 करोड़ रुपये अधिक है। वर्ष 2024-25 के अगस्त माह में कुल 15,969 .65 करोड़ रुपये ही मिले थे। अगस्त में जीएसटी से 6,611 .59 करोड़, वैट से 2,659 .95 करोड़, आबकारी से 3,754 .43 करोड, स्टांप तथा निबंधन से 2,538 .00 करोड, परिवहन से 786 .87 करोड़ तथा भूतत्व व खनिकर्म से 224 .86 करोड़ रुपये मिले हैं। भूतत्व व खनिकर्म को छोड़ अन्य सभी मदों में अधिक राजस्व हासिल हुआ है।

विकसित भारत @2047 | जेवर बनेगा देश का सबसे बड़ा एयर कार्गो और एमआरओ हब

हर मंडल में एयरपोर्ट, हर शहर बनेगा स्मार्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 117 नए शहरी निकाय, 5 वर्ल्ड क्लास स्मार्ट सिटी के निर्माण का लक्ष्य

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'विकसित भारत @2047' के संकल्प को मिशन मोड में बदलते हुए उत्तर प्रदेश को एविएशन और शहरी विकास में भारत का नेतृत्वकर्ता बनाने का रोडमैप तैयार किया है। सरकार का फोकस है कि आने वाले 22 वर्षों में यूपी देश का लॉजिस्टिक और एविएशन पावर सेंटर तो बने ही, साथ ही दुनिया के सामने शहरी विकास का भी आदर्श मॉडल बनेगा। हर मंडल में इंटरनेशनल एयरपोर्ट, हर जिले में हवाई संपर्क होगा। 117 नए शहरी निकाय, 5 वर्ल्ड क्लास स्मार्ट सिटी बनाने का लक्ष्य है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का स्पष्ट विजन है कि आने वाले 22 वर्षों में यूपी देश का लॉजिस्टिक और एविएशन पावर सेंटर बने। इसके लिए "एक मंडल, एक इंटरनेशनल एयरपोर्ट" का संकल्प लिया गया है। इस समय प्रदेश में 4 अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे संचालित हैं, जबकि जेवर में बन रहा पांचवां एयरपोर्ट एशिया के सबसे बड़े और अत्याधुनिक हवाई अड्डों में शामिल होगा। जेवर एयरपोर्ट न केवल यात्री सुविधाओं बल्कि कार्गो और ट्रांजिट हब के रूप में भी भूमिका निभाएगा। यहां एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहॉल) सेंटर की स्थापना से प्रदेश को वैश्विक विमानन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी। प्रदेश में अब तक 16 घरेलू हवाई अड्डे संचालित हो चुके हैं और 5 निर्माणाधीन हैं। 2017 से पहले बेहद सीमित एयर कनेक्टिविटी वाले यूपी ने बीते साढ़े 8 वर्षों में ऐतिहासिक उड़ान भरी है।

इसी तरह पिछले आठ वर्षों में 117 नए शहरी स्थानीय निकाय बनाए गए और 123 का विस्तार किया गया। स्मार्ट सिटी योजना से 17 जिलों में अत्याधुनिक सुविधाएं पहुंची हैं। इसके अलावा राज्य राजधानी क्षेत्र (SRC) का गठन लखनऊ और आस-पास के 5 जिलों को मिलाकर किया गया है, जिससे योजनाबद्ध विकास की नई मिसाल कायम हो रही है।

सरकार का जोर स्वच्छ पेयजल, 24 घंटे बिजली, पक्के मकान, मेट्रो, लाइट मेट्रो और वैज्ञानिक सीवेज प्रबंधन जैसी बुनियादी सुविधाओं पर है। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरा निस्तारण और रिसाइकलिंग की आधुनिक व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी बनेंगे वर्ल्डक्लास

रोडमैप में शहरी विकास को भी एक नया आयाम दिया गया है। सरकार का लक्ष्य 2047 तक यूपी के हर शहर को स्मार्ट बनाना और पांच अंतरराष्ट्रीय स्तर के स्मार्ट सिटीज़ तैयार करना है। लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, गोरखपुर और वाराणसी जैसे शहरों को वैश्विक मानकों के अनुरूप विकसित किया जा रहा है।

> शहरी और हवाई विकास केवल ढांचा खड़ा करने की योजना नहीं, बल्कि नागरिकों के जीवन को बेहतर बनाने का मिशन है। सरकार का यह विज़न यूपी को निवेश, कनेक्टिविटी और जीवन स्तर के मामले में देश का नहीं, बल्कि दुनिया का नेतृत्वकर्ता बनाएगा।
>
> -मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ

17 नगर निगमों को 477 करोड़ जारी

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ, कानपुर, बरेली समेत प्रदेश के 17 नगर निगमों को इस बार पंचम वित्त आयोग की सिफारिश पर 477 करोड़ सात लाख रुपये जारी हुए हैं। इस कड़ी में सबसे अधिक 72.72 करोड़ रुपये लखनऊ नगर निगम को जारी हुए हैं। वहीं कानपुर को 62.17 करोड़ और बरेली को 21.57 करोड़ रुपये, जारी हुए हैं। मेरठ को 30 करोड़ और सहारनपुर को 16.21 करोड़ रुपये जारी हुए हैं। इसी क्रम में गाजियाबाद को 39.89 करोड़ रुपये, प्रयागराज को 38.38 करोड़ रुपये, आगरा को 29.39 करोड़ रुपये, अलीगढ़ को 21.60 करोड़ रुपये, गोरखपुर को 20.59 करोड़ रुपये जबकि मुरादाबाद को 21.01 करोड़ रुपये जारी किए हैं। माना जा रहा है कि इस बार काफी राशि विकास कार्यों के लिए उपलब्ध होगी।

नए आठ लाख वृद्धा पेंशनरों का होगा सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अक्टूबर में आनी है वृद्धावस्था पेंशन, 15 दिन का समय
- ट्रांजेक्शन फेल 1.10 लाख पेंशनरों का भी होगा सत्यापन

अमृत विचार : प्रदेश में वृद्धा पेंशन की दूसरी किस्त आने से पहले 15 दिन में कुल 67.50 लाख लाभार्थियों का घर-घर पारदर्शिता से सत्यापन करना समाज कल्याण विभाग के लिए चुनौती से कम नहीं है। समय को देखते हुए इस वर्ष बढ़े आठ लाख लाभार्थी और पहली किस्त का ट्रांजेक्शन फेल होने वाले 1.11 लाख लाभार्थियों का सत्यापन कराया जाएगा।

वृद्धा पेंशन का मई और जून में सत्यापन कराकर कुल 67.50 लाख लाभार्थियों को जुलाई में पहली किस्त मिली थी। अब इन्हें दूसरी किस्त अक्टूबर में मिलेगी। इससे पहले 15 सितंबर तक सभी लाभार्थियों का सत्यापन कराने के निर्देश मिले हैं। ऐसे में समाज कल्याण विभाग इस वर्ष शामिल हुए नये आठ लाख लाभार्थियों का ही सत्यापन कराने की तैयारी में है, क्योंकि नये लाभार्थी एक वर्ष के अंतराल में जुड़े हैं और उनका सत्यापन शुरुआती दौर में हुआ था। वहीं, पहली किस्त 1.11 लाख लाभार्थियों के गलत खाता नंबर, एनपीसीआई व आधार से लिंक न होने के कारण ट्रांजेक्शन फेल हो गए। इन लाभार्थियों का भी सत्यापन प्राथमिकता पर किया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

जिले के 30 केंद्रों पर होगी पीईटी परीक्षा आज से

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से आयोजित होने वाली प्रारंभिक अर्हता परीक्षा जिले के 30 केंद्रों पर छह सितंबर से शुरू होगी। परीक्षा दो दिन 6 व 7 सितंबर को होगी। परीक्षा की शुचिता के लिए प्रत्येक केंद्र पर एक मजिस्ट्रेट के साथ एक स्टेटिक मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है। परीक्षा पहली पाली की परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12 बजे और दूसरी पाली की परीक्षा अपराह्न तीन बजे से शाम पांच बजे आयोजित की जाएगी। जिले के सभी 30 परीक्षा केंद्रों पर 50304 अभ्यर्थियों के बैठने की व्यवस्था की गई है। नोडल अफसर व एडीएम वित्त एवं राजस्व महेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा की तैयारी पूर्ण हो गई है।

दीपोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक 8 को

अयोध्या, अमृत विचार : दीपोत्सव की तैयारी को लेकर मंडलायुक्त राजेश कुमार आठ सितंबर को आयुक्त सभागार में शाम पांच बजे से बैठक करेंगे।अपर जिलाधिकारी नगर/मेलाधिकारी योगानंद पाण्डेय ने कहा कि सभी संबंधित विभागीय अधिकारी बैठक में दीपोत्सव मेला की व्यवस्था से सम्बन्धित तैयारियों की प्रति के साथ समय से उपस्थित होंगे। अपने-अपने विभाग से सम्बन्धित कराए जाने वाले कार्यों की कार्ययोजना की प्रति उपलब्ध कराएंगे।

साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए

रुदौली, अमृत विचार। लाल राम कुमार इंटर कॉलेज पटरंगा में शुक्रवार को साइबर जागरुकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने कहा कि ऑनलाइन पैसे के ट्रांजेक्शन को साइबर अपराधी अपना हथियार बना रहे है। मोबाइल फोन पर जालसाजों का एक खास गिरोह सक्रिय है। जो फरेब करने के नए तरीके खोज रहे हैं। इससे बचने के लिए सभी को जागरुक होना होगा। अनावश्यक आए मैसेज के लिंक को मत खोलिए, ओटीपी किसी से शेयर न करें। उपनिरीक्षक प्रतीक्षा यादव, आकांक्षा तिवारी व विनोद कुमार ने भी साइबर ठगी से बचने के उपाय बताए।

संविदा कर्मियों का धरना जारी

अयोध्या, अमृत विचार : निष्कासित निविदा/ संविदा कर्मचारियों ने गुरुवार को 100वें दिन भी मुख्य अभियंता वितरण के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन जारी रखा। कर्मचारी 5 जुलाई को तत्कालीन मुख्य अभियंता के साथ हुए समझौते के पालन की मांग कर रहे हैं। इस मौके पर विद्युत मजदूर पंचायत उत्तर प्रदेश जोन कमेटी के जोनल अध्यक्ष केएन सिंह, प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा समेत बड़ी संख्या में संविदा कर्मचारी मौजूद रहे।

मंडलीय बालिका टेबल टेनिस टीम चयनित

अयोध्या, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में आगरा में आयोजित प्रदेशीय समन्वय जूनियर बालक-बालिका टेबल टेनिस प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली अयोध्या मंडल की बालिका टीम क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय की ओर से चयनित कर शुक्रवार को घोषित कर दी गई। आरएसओ अनिमेष सक्सेना ने बताया कि मंडलीय चयन ट्रायल के बाद चयनित बालिका टीम मैनेजर बबलू कुमार के साथ प्रतियोगिता के लिए आगरा रवाना हो गई। टीम में ज्योति भारती, शालिनी, अनुष्का राठौर, गुड़िया, लक्ष्मी व खुशी सभी अयोध्या की शामिल हैं।

आज का समाधान दिवस स्थगित

अयोध्या, अमृत विचार : पीईटी की परीक्षा के मद्देनजर शनिवार को आयोजित होने वाली संपूर्ण समाधान दिवस स्थगित कर दिया गया है। जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने बताया कि अब संपूर्ण समाधान दिवस आठ सितंबर सोमवार को आयोजित होगा।

बच्चे को बचाने में पलटी कार, दो घायल

मिल्कीपुर, अयोध्या। अयोध्या-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर थाना इनायतनगर क्षेत्र के गहनागन देव स्थान के समीप शुक्रवार सुबह एक साइकिल सवार बच्चे को बचाने के चक्कर में कार डिवाइडर से टकराकर तीन बार पलटने के बाद सीधी खड़ी हो गई। हादसे में कार चालक विवेक कुमार वर्मा व सवार आशीष सिंह घायल हो गए। घायलों को सीएचसी मिल्कीपुर ले जाया गया। डॉ. गया प्रसाद विश्वकर्मा ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को घर भेज दिया। कार में आशीष सिंह का पुत्र अभिनव भी सवार था, जो बाल बाल बच गया। सभी जमुनिया मऊ गांव के निवासी हैं।

रामलला के सामने नतमस्तक हुई भूटान की सरकार

पीएम तोबगे ने तीन बार किया साष्टांग प्रणाम, उतारी आरती | मंदिर के स्थापत्य कला से हुए रू-ब-रू, जाना राममंदिर का इतिहास

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: पड़ोसी देश भूटान की सरकार शुक्रवार को राम लला के सामने नतमस्तक हुई। भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने तीन बार राम लला के सामने साष्टांग प्रणाम किया। आरती उतारी। प्रसाद ग्रहण किया। राम लला और राम दरबार की अपने मोबाइल से तस्वीरें खींची। राम मंदिर का इतिहास जाना। मंदिर की स्थापत्य कला से रू-ब-रू हुए। वह लगभग एक घंटे 40 मिनट मंदिर परिसर में रहे। दर्शन-पूजन किया। श्री राम मंदिर परसिर के विभिन्न क्षेत्रों का अवलोकन किया। टहले, सेल्फी ली, अविभूत दिखे।

भूटान के प्रधानमंत्री पत्नी टासी डोमा सहित लगभग 10 लोगों के प्रतिनिधिमंडल के साथ शुक्रवार सुबह लगभग साढ़े नौ बजे महर्षि वाल्मीकि इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर भारतीय वायु सेना के विशेष विमान से पहुंचे। यहां कृषि एवं जिले के प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, अयोध्या महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, मंडलायुक्त राजेश कुमार, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम निखिल टी. फुंडे के साथ भारतीय परिधान और कलश धारण किए बालिकाओं के समूह ने रेड कार्पेट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।

कड़ी सुरक्षा और शाही अंदाज में उनका कारवां अयोध्या श्रीराम मंदिर पहुंचा। यहां श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र सहित अन्य ने स्वागत किया। राम मंदिर पहुंचने के साथ ही पत्नी के साथ उन्होंने राम मंदिर की आभा को निहारना शुरू किया तो निहारते ही रहे। यहाँ की संस्कृति, वैभव और परंपरा से रू-ब-रू होते रहे।

श्रीराम मंदिर में राम लला के सामने पहुंचे तो मुखाकृति देखने लायक थी। राम लला को अपलक निहारते रहे। रामनामी ओढ़ी। दर्शन-पूजन के बाद घूमकर मंदिर की भव्यता को भी निहारा। इसके बाद पीएम टोबे राम मंदिर परिसर स्थित प्राचीन कुबेर टीला पहुंचे। यहां पत्नी के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कुबेश्वर महादेव का जलाभिषेक कर आराधना की। मंदिर परिसर में चरणवार मंदिर निर्माण को लेकर लगाई गई चित्र प्रदर्शनी से जानकारी ली। महासचिव राय ने उनको पूरी जानकारी दी।

श्री राम जन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि भूटान के प्रधानमंत्री ने करीब एक घंटा 40 मिनट राम मंदिर परिसर में बिताया। इस दौरान उन्होंने रामलला, राम दरबार, कुबेर टीला, जटायु और सप्त मंडप के दर्शन किए। मंदिर की नक्काशी व म्यूरल्स को गौर से देखा। स्वयं अपने मोबाइल से तस्वीरें खींचीं। प्रधानमंत्री ने तीन बार साष्टांग प्रणाम कर भगवान की आरती की, पुष्प अर्पित किया और प्रसाद ग्रहण किया। ट्रस्ट और यूपी सरकार ने इस ऐतिहासिक अवसर पर भूटान सरकार का आभार व्यक्त किया।

अयोध्या दौरे के अंतिम कार्यक्रम में प्रधानमंत्री अयोध्या-लखनऊ हाईवे स्थित एक होटल पहुंचे। जहां उनके स्वागत में यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। यहां भारतीय कला और संस्कृति को करीब से जाना। साथ ही दोपहर का भोजन ग्रहण किया। यहाँ भी उनके साथ परिवार और प्रधानमंत्री कार्यालय के स्टाफ सहित लगभग 10 लोग शामिल हुए। भूटान के पीएम लगभग चार घंटे अयोध्या में रहे। लगभग डेढ़ बजे प्रधानमंत्री टोबे महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गए।

रामलला की आरती उतारते भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे।

भोलेनाथ के मंदिर में जलाभिषेक करते भूटान के प्रधानमंत्री व पत्नी।

मंदिर परिसर में सेल्फी लेते भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे व पत्नी।

रामनामी ओढ़ पत्नी के साथ खिंचवाई फोटो, ली सेल्फी

भूटान के प्रधानमंत्री राम मंदिर में आनंद विभोर दिखे। पत्नी के साथ रामनामी गले में डाल दोनों ने मंदिर परिसर में फोटो खिंचवाई।साथ ही परिसर में मखमली घास पर सेल्फी लेते दिखे। उन्होंने ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के साथ भी फोटो खिंचवाई।

भूटानी पीएम ने उपहार स्वरूप दिया आर्गेनिक शहद व चाय की पत्ती

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : अयोध्या श्रीराम मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे ने देश की ओर से भूटान का आर्गेनिक शहद और चाय की पत्ती का उपहार भेंट किया। वहीं महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने अपनी पुस्तक हृदय में राम, मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने पांच जिलों के ओडीओपी प्रोडक्ट और श्रीराम जन्म भूमि न्यास की ओर से श्री राम मंदिर का मॉडल प्रदान किया गया। भूटान के प्रधानमंत्री ने मंत्री शाही को भूटान की आर्गेनिक शहद और मेयर त्रिपाठी को चाय की पत्ती भेंट स्वरूप प्रदान की।

एयरपोर्ट में भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे का स्वागत करते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता।

भूटान के प्रधानमंत्री का स्वागत करते कमिश्नर राजेश कुमार,आईजी प्रवीण कुमार व जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

राम मंदिर पहुंचे भूटान के प्रधानमंत्री ने श्री राम मंदिर के इतिहास से परिचित हुए। गेट पर लगे शिला पर लिखी इबारतों के जरिए ठहरकर उन्होंने इतिहास जाना। परिचित हुए। मंदिर के वास्तु के बारे में जानकारी। मंदिर प्रचिलत नागर शैली में बना बताया गया।

तहसील रुदौली के 2,273 राशन कार्ड सत्यापन में मिले अपात्र

रुदौली अयोध्या।

- 627 राशन कार्ड धारकों के पास चार पहिया वाहन, 237 के पास पांच एकड़ से ज्यादा भूमि

अमृत विचार : तहसील रुदौली के 2,273 राशन कार्ड धारक आधार कार्ड सत्यापन में अपात्र पाए गए है। अब कार्ड धारकों के कार्ड निरस्त करने व वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

पात्र गृहस्थी राशन कार्ड के आधार बेस सीबीडीवी सत्यापन में आरटीओ से आई सूची में चार पहिया वाहन स्वामी, आयकर और जीएसटी सूची के साथ किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों के चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। विभागीय जांच में कुल 2,273 ऐसे कार्ड धारक पाए गए हैं जो पात्रता की शर्तों को पूरा नहीं करते, फिर भी सरकारी राशन का लाभ ले रहे हैं। आरटीओ के रिकॉर्ड के आधार पर 627 राशन कार्ड धारकों के पास चार पहिया वाहन हैं। इसके अलावा पीएम किसान सम्मान निधि पोर्टल से जुड़े खतौनियों की जांच में पांच एकड़ से अधिक सिंचित भूमि के मालिक 237 लोग पाए गए हैं, जो अभी भी अंत्योदय या पात्र गृहस्थी योजना के तहत राशन ले रहे हैं। बैंक और आयकर विभाग की साझा रिपोर्ट में 1,407 राशन कार्ड धारक ऐसे हैं जिनकी वार्षिक आय दो लाख रुपये से अधिक है, जबकि शासन के नियमों के अनुसार इतनी आय वाले व्यक्ति राशन लेने के पात्र नहीं हैं। इसके अलावा, दो ऐसे कार्ड धारक भी पाए गए हैं जिनका वार्षिक व्यावसायिक टर्नओवर 25 लाख रुपये से अधिक है, जिसकी जानकारी उनके जीएसटी नंबर से प्राप्त हुई है। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बच्चे सिंह डोलिया ने कहा कि शासन से आई सूची के कार्ड धारकों को नोटिस भेजी जा रही है। स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। अपात्र होने पर राशन कार्ड रद्द कर दिया जाएगा और उनसे वसूली की कार्रवाई भी की जा सकती है। आपूर्ति निरीक्षक शशांक सिंह चौहान ने बताया कि जिन लोगों ने गलत दस्तावेजों के आधार पर राशन लिया है, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। अपात्र लोगों को राशन लेने से रोकने के लिए अब डिजिटल माध्यमों से सत्यापन तेज किया जा रहा है।

भगवान गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन आज

अयोध्या, अमृत विचार। गणेश चतुर्थी 26 अगस्त को नगर में स्थापित पूजा पंडालों में स्थापित भगवान गणेश के प्रतिमाओं का विसर्जन आज शनिवार को होगा। विसर्जन के लिए भगवान गणेश की प्रतिमाएं शनिवार दोपहर दो बजे से जमुनिया बाग में सामूहिक शोभा यात्रा के रूप में एकत्र होगी। शोभायात्रा चौक, रिकाबगंज चौराहा, नियावां के रास्ते थाना कैंट के सामने से होते हुए मिलेट्री मंदिर के रास्ते मीरन घाट होते हुए विसर्जन स्थल गुप्तार घाट जाएगी।

केंद्रीय समिति के अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने बताया कि पूर्व सांसद लल्लू सिंह, डॉ. निर्मल खत्री, महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रुदौली विधायक रामचंद्र यादव, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, बीकापुर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान और मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान समेत तमाम गणमान्य नागरिक शोभायात्रा की अगुवाई करेंगे। गणेश पूजा विसर्जन यात्रा के लिए केंद्रीय समिति के पदाधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते एमएलसी हरिओम पांडेय। ● अमृत विचार

एमएलसी ने स्पेशल ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

गोसाईगंज, अमृत विचार। लखनऊ से वाराणसी के बीच चलने वाली स्पेशल ट्रेन (संख्या 04217) का ठहराव अब गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर भी शुरू हो गया है। एमएलसी हरिओम पांडे व सभासद आरती जायसवाल ने शुक्रवार को हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। एमएलसी ने कहा कि इससे गोसाईगंज व आसपास के लोगों को लखनऊ और वाराणसी के बीच यात्रा करने में बड़ी सुविधा मिलेगी। उन्होंने रेलवे अधिकारियों और जनता के सहयोग का आभार व्यक्त किया। स्टेशन अधीक्षक महेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि पहले ही दिन 125 यात्रियों ने यात्रा की। यह ठहराव न केवल यात्रियों के लिए लाभकारी है, बल्कि रेलवे की आय में भी वृद्धि करेगा।

चयनित मंडलीय सबजूनियर बालक बास्केटबॉल टीम। ● अमृत विचार

प्रदेशीय सबजूनियर बास्केटबॉल के लिए अयोध्या टीम चयनित

अयोध्या, अमृत विचार : लखनऊ स्थित बाबू केडी सिंह स्टेडियम में 8 सितम्बर से आयोजित होने वाली प्रदेशीय सबजूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली अयोध्या टीम शुक्रवार को घोषित कर दी गई। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजय शर्मा ने बताया कि 29 वीं सबजूनियर प्रदेशीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए साकेत महाविद्यालय में टीम का चयन किया गया। टीम में देवत कुमार, रेहान खान, युवराज, राजवीर, आशुतोष तिवारी, श्रेयांश, यश उपाध्याय, राजा बाबू, शशिकांत, विश्व प्रताप, अनंत तिवारी, अभिनव पांडेय का चयन किया। दिग्विजय मिश्र व अभय को टीम मैनेजर व कोच चुना गया है।

मलेरिया व डेंगू के 24 से ज्यादा मरीज भर्ती

मवई, अयोध्या।

अमृत विचार : बरसात के मौसम में मवई क्षेत्र में संक्रामक रोगों का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। तकिया कुशहरी गांव के बाद अब अशरफपुर गंगरेला के 24 से अधिक लोग विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं। कई मरीजों में मलेरिया और डेंगू की पुष्टि हुई है, शुक्रवार को गांव पहुंची मेडिकल टीम ने शिविर लगाकर ग्रामीणों की जांच की।

कल्याणी नदी की कछार पर स्थित इस सीमावर्ती गांव में एक महीने से लोग बुखार से पीड़ित हैं। मवई चौराहा स्थित एक निजी अस्पताल में मालती, मनीष कुमार, मायाराम, किरन, अशोक कुमार, सोनम, शिवानी, शुभम, अंकित और विशाल भर्ती हैं। मनीराम(60) बाराबंकी के एक अस्पताल में उपचाराधीन हैं। मैंकूलाल, आसाराम, नंदलाल रावत, तारादेवी, दिनेश और शिवकुमार भी संक्रमण की चपेट में हैं। गांव निवासी डॉ. कुलदीप सिंह यादव ने बताया कि एक सप्ताह पहले गांव में संक्रमण की शुरूआत हुई, 12 से अधिक मरीज मवई चौराहा स्थित अस्पताल में भर्ती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने गांव में मेडिकल कैंप लगाया है। मरीजों की जांच की जा रही है और दवाइयां वितरित की जा रही हैं। मच्छरों के नियंत्रण के लिए दवा का छिड़काव किया जा रहा है। मवई सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार वर्मा ने बताया कि 38 लोगों के सैंपल लेकर जांच के लिए जिला मुख्यालय भेजे गए हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार सर्वे कर रही है।

अशरफपुर गंगरेला में मरीजों की जांच करते एलटी मेडिकल टीम। ● अमृत विचार

छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन

अयोध्या, अमृत विचार : अवध विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय द्वारा छात्रवृत्ति से संबंधित मास्टर डाटा लॉक कर दिया गया है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक ने बताया कि छात्र-छात्राओं द्वारा सत्र 2025-26 के लिए छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन कर रहे हैं। छात्रवृत्ति के लिए 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य है। समस्त प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित एडीएसडब्लू द्वारा आवेदन पत्रों का परीक्षण किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग अयोध्या के अनुसार विश्वविद्यालय स्तर से अग्रसारण की अंतिम तिथि 20 दिसंबर घोषित की गई है। समस्त अर्ह छात्र आवेदन फार्म को 22 दिसंबर तक जमा करें।

कवायद | पॉवर कॉर्पोरेशन में चल रही है तैयारी, इलेक्ट्रॉनिक वाहन धारकों पर कसी जाएगी नकेल

जेब ढीली करने के लिए रहे तैयार, ईवी पर अलग कनेक्शन का वार

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : अगर आपके पास इलेक्ट्रॉनिक वाहन है तो अपनी जेब ढीली करने के लिए तैयार हो जाईये। बहुत जल्द इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के शौकीन लोगों को ये शौक भारी पड़ने वाला है। पॉवर कॉर्पोरेशन इसके लिए अलग कनेक्शन देने की तैयारी कर रहा है। घरेलू कनेक्शन से इलेक्ट्रॉनिक वाहनों की चार्जिंग प्रतिबंधित की जा सकती है। इसके लिए अयोध्या जोन के सभी एसडीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में ऐसे उपभोक्ताओं की सूची तैयार करने के लिए निर्देश दिए गए हैं जो इलेक्ट्रॉनिक वाहन

रखते हैं। इसके लिए आरटीओ से भी ब्यौरा जुटाया जाएगा। इसके लिये शहरी क्षेत्र के तीन और ग्रामीण क्षेत्रों के आठ डिवीजन के एसडीओ इसके लिए लगाए जा रहे हैं।

बिजली की नई दरें तय करने के प्रस्ताव के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन मालिकों के लिए चार्जिंग महंगी हो सकती है। उन्हें या तो ज्यादा चार्ज देना होगा या वाहनों की चार्जिंग के लिए अलग कनेक्शन लेना पड़ेगा। इससे पहले घरेलू बिजली और ईवी चार्जिंग की दरें लगभग बराबर थीं, जिससे उपयोगकर्ता घर की बिजली से ही वाहन चार्ज करते थे, अगर यह प्रस्ताव मान लिया गया तो घर की बिजली महंगी होने के कारण ईवी चार्जिंग भी महंगी हो जाएगी। जिसके कारण अलग कनेक्शन लेना आवश्यक हो जाएगा।ईवी चार्जिंग पर कोई फिक्स्ड कॉस्ट नहीं होगी। यह दरें सामान्य मकानों के लिए 5.90 और बहुमंजिला भवनों के लिए 6.20 रुपये प्रति यूनिट रहेगी, जबकि घरेलू बिजली की दरें 4 से बढ़कर 9 रुपये प्रति यूनिट और फिक्स्ड कॉस्ट 110 से बढ़ाकर 190 रुपये तक होगी।

पॉवर कॉर्पोरेशन का अनुमान है कि घरेलू बिजली की अधिकतम दरें 12-13 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच सकती हैं। एक अधिकारी ने बताया कि घरेलू कनेक्शन से ईवी चार्जिंग के कारण पॉवर कॉर्पोरेशन को प्रतिमाह पांच करोड़ से अधिक का राजस्व घाटा हो रहा है। यह घाटा उपयोग की जा रही बिजली यूनिट के आधार पर सामने आया है। नगर क्षेत्र में 350 मेगावाट यूनिट आपूर्ति वर्तमान में है ऐसे में पॉवर कॉर्पोरेशन को 90 से 125 मेगावाट यूनिट की हानि हो रही है।

ईवी के लिए अलग कनेक्शन कैसे होगा

ईवी के लिए उपभोक्ताओं को अपने निकटतम विद्युत उप केन्द्र में अथवा ऑनलाइन आवेदन करना होगा। उसमें वाहन का प्रकार, मॉडल, खरीद की तिथि, नियमित संचालन और चार्जिंग अवधि के साथ वाहन पंजीकरण प्रमाण-पत्र लगाना होगा। शपथ-पत्र देना होगा कि घरेलू बिजली से चार्जिंग नहीं की जाएगी। जेई अथवा टीजीटू घर जाकर सत्यापन करेंगे।

> इलेक्ट्रॉनिक वाहनों के लिए अतिरिक्त कनेक्शन अभी प्रस्ताव में है। तैयारी कराई जा रही है। इससे न केवल राजस्व बढ़ेगा वरन बिजली की चोरी भी रुकेगी। -बृजेश कुमार, मुख्य अभियंता वितरण।

रामकोट की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु। ● अमृत विचार

राम जन्मभूमि की नित्य परिक्रमा में बढ़ रहे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : राम जन्मभूमि मंदिर स्थापित रामकोट की नित्य परिक्रमा में प्रत्येक सुबह 5.30 बजे बड़ी संख्या में श्रद्धालु रामलला की आराधना करते और भजन गाते हुए पांच किलोमीटर परिधि की परिक्रमा कर रहे हैं। राम मंदिर के मुख्य द्वार से प्रतिदिन रामकोट की परिक्रमा के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना हो रहा है। धीरेश्वर वर्मा ने बताया कि राम मंदिर और रामकोट की परिक्रमा सबसे पवित्र और प्राचीन है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ.अनिल मिश्रा ने बताया कि कुछ दिन पूर्व साधु-संत व कुछ लोगों के साथ प्रारंभ की गई इस परिक्रमा में अब 100 के ऊपर भक्त शामिल हो रहे हैं। परिक्रमा का उद्देश्य मात्र सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार है।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार,6 सितंबर 2025

शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता : डॉ. बिजेंद्र

कुलपति बोले - सूर्य की रोशनी से पौधों को ऊर्जा मिलती है, उसी प्रकार शिक्षक भी करते हैं छात्रों को ऊर्जा देने का कार्य

कुमारगंज, अयोध्या

अमृत विचार: शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होता वह जीवन पर्यंत अपने ज्ञान से दूसरों को सींचने का कार्य करता है। जिस प्रकार सूर्य की रोशनी से पौधों को ऊर्जा मिलती है, उसी प्रकार शिक्षक भी छात्रों को ऊर्जा देने का कार्य करते हैं। ये बातें शुक्रवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बृजेंद्र सिंह ने कहीं। वह सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में आयोजित शिक्षक दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

शिक्षक दिवस पर पूर्व शिक्षकों को सम्मानित करते अवध विवि के कुलपति डॉ. बिजेन्द्र सिंह।

कृषि अधिष्ठाता डॉ. डीके सिंह ने कहा कि समाज के विकास में शिक्षक दीपक का कार्य करता है। एक अच्छे समाज के विकास के लिए अच्छे लोगों का चयन जरूरी है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए कठिन परिश्रम और निरंतर प्रयास जरूरी है। किसी बड़े सपने को साकार करने के लिए लक्ष्य भी बड़ा निर्धारित करना होगा। अधिष्ठाता डॉ. सीपी सिंह ने कहा कि छात्र-छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा बहुत जरूरी है। शिक्षकों को नैतिक शिक्षा देने पर जोर देना चाहिए। अधिष्ठाता डॉ. सीपी सिंह के संयोजन में शिक्षक दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ.आर्या सिंह ने किया।

डॉ. राधाकृष्णन शिक्षक समाज के लिए एक आदर्श : कुलपति

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : देश के पूर्व राष्ट्रपति व शिक्षाविद डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन शिक्षक समाज के लिए आदर्श हैं। ये बात शुक्रवार को अवध विवि के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने कही। वह शिक्षक दिवस पर आयोजित समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सेवानिवृत्त शिक्षकों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। अवध विवि कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन आक्टा के तत्वावधान में आयोजित समारोह में दिवंगत साथियों के परिजनों को पांच लाख की सहायता राशि व गंभीर बीमारी वाले साथियों को भी सहायता राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि फुप्फुटा अध्यक्ष प्रो. वीरेंद्र सिंह चौहान, महामंत्री प्रो. प्रदीप सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. आशुतोष सिंह, महिला उपाध्यक्ष प्रो. आशा गुप्ता, विवि प्रतिनिधि डॉ. शिव बहादुर आदि ने विचार व्यक्त किए। आक्टा अध्यक्ष डॉ. जन्मेजय तिवारी ने आभार व्यक्त किया। संचालन साकेत महाविद्यालय के प्रो. आशुतोष व डॉ. उदल कुमार ने किया।

अयोध्या सदियों से ज्ञान, संस्कृति व आस्था की धरोहर : प्रो. अनूप

अयोध्या कार्यालय। अयोध्या सदियों से ज्ञान, संस्कृति और आस्था की धरोहर रही है। यहाँ की गुरु-शिष्य परंपरा अनुपम रही है, जिसने समाज को एक नई दिशा और प्रेरणा दी है। ये बातें डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के समन्वयक प्रो. अनूप कुमार ने कहीं। डॉ. विजयेन्दु चतुर्वेदी ने कहा कि हम सभी डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन केवल एक महान शिक्षक ही नहीं, बल्कि शिक्षा के सच्चे दूत और आदर्श व्यक्तित्व थे। संचालन शगुन जायसवाल व कामिनी चौरसिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन अनुश्री द्वारा किया गया।

आक्रोशित शिक्षकों ने किए चार लाख ट्विट

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस नहीं मनाया। टीईटी आदेश के विरोध में ट्विटर पर अभियान चला कर कुल चार लाख ट्विट किए। इसमें जिले से 10 हजार से अधिक सहभागिता रही। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष व प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी व महामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह के नेतृत्व में चले अभियान में बड़ी संख्या में हैश टैग भी किए गए। जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए आदेश से देश भर में 10 लाख से अधिक सरकारी शिक्षकों की नौकरी पर संकट मंडरा गया है। यदि आदेश को निजी स्कूलों पर लागू किया गया तो इससे प्रभावित शिक्षकों की सम्भावित संख्या करोड़ में होगी। इस निर्णय के शिक्षक दुखी एवं चिन्तित हैं। कहा इसी के विरोध में शुक्रवार को देशभर में ट्विटर पर अभियान चलाकर शिक्षकों ने अपना विरोध दर्ज कराया।

शिक्षक दिवस: 70 शिक्षकों का किया गया सम्मान

अयोध्या, अमृत विचार : सागर कला भवन अयोध्या में शिक्षक दिवस पर स्वदेश संस्थान भारत शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया। चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसी अवसर 70 श्रेष्ठ नवाचारी शिक्षकों को एक्सीलेंट इन्नोवेटिव टीचर ऑफ इंडिया अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इसमें प्रयागराज से पद्मश्री डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल, डॉ जाहिदा खानम, जौनपुर से विजय मेहंदी, गोंडा से सुनील आनन्द, पंजाब से जसप्रीस मोहन सिंह, गुजरात से हेमन्त कुमार पांड्या, शैलेश भाई नरसिंह प्रजापति, कर्नाटक से रेणुका अय्यर आदि शामिल रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष एसबी सागर प्रजापति, सचिव प्रतिभा यादव, अरुण यादव, कला प्रशिक्षक कृपा शंकर गुप्ता, वन्दना शाह, पवन कुमार, प्रिया मौर्या आदि मौजूद रहे।

कांग्रेस ने किया शिक्षक सम्मान समारोह

अयोध्या, अमृत विचार : देश व समाज की उत्तरोत्तर प्रगति में शिक्षा और शिक्षकों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह बात बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने शिक्षक प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को कार्यालय भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कही। इस अवसर पर शिक्षक सम्मान किया गया। शुरूआत कांग्रेस शिक्षा विभाग के जिलाध्यक्ष राम अनुज तिवारी ने भारत रत्न प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि करके किया। कार्यक्रम को पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व विधायक माधव प्रसाद, पूर्व प्रधानाचार्य अशोक तिवारी आदि ने संबोधित किया। हिंदू इंटर कॉलेज रुदौली के प्रधानाचार्य प्रिया राम शरण सिंह को जिलाध्यक्ष चेतनारायण सिंह ने फूल माला और साल भेंट कर सम्मानित किया। अध्यक्षता प्रदेश महासचिव डॉ. कमलेश यादव ने की।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के समारोह में शिक्षकों को सम्मानित करते आचार्य मिथिलेश नंदनी।

एबीवीपी ने 200 शिक्षकों को किया सम्मानित

अयोध्या, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर के संयोजन में शिक्षक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें महानगर के 200 शिक्षकों को अंगवस्त्र व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आचार्य मिथलेशनन्दनी शरण ने कहा कि शिक्षक केवल किताब का ज्ञान नहीं बल्कि संस्कार के शिल्पकार हैं। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक पवन तिवारी ने कहा कि परिषद एक अनूठा छात्र संगठन है, जो व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण की अवधारणा को साकार कर रहा है। इस मौके पर प्रांत प्रवासी अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल, महानगर अध्यक्ष डॉ. अंकित मिश्र, आरएसएस के महानगर संघचालक विक्रमा प्रसाद पांडेय, डॉ. आलोक सिंह ,महानगर सह मंत्री किशन, जिला संयोजक प्रियांशु तिवारी आदि मौजूद रहे।

रोटरी क्लब ने पांच शिक्षकों को किया सम्मानित

अयोध्या, अमृत विचार : रोटरी क्लब ग्रेटर फैजाबाद ने शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया। इसमें अवध विश्वविद्यालय के प्रो. चयन कुमार मिश्रा, एमबीए विभाग के प्रो. हिमांशु शेखर, बायोकेमिस्ट्री विभाग की नीलम पाठक, साकेत महाविद्यालय की अनामिका माथुर, आदर्श इंटर कॉलेज की प्राध्यापिका रेखा वर्मा को सम्मानित किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष संजीव सोनी ने शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवन पर चर्चा की। संचालन देवेश अग्रवाल ने किया। इस दौरान पूर्व अध्यक्षगण अमित अग्रवाल, संजय मित्तल, नीरज सिंघल, दीपक समेत नीता मित्तल, रश्मि केसरवानी, छवि अग्रवाल व अन्य मौजूद रहे।

रोटरी क्लब द्वारा सम्मानित हुए शिक्षक। अमृत विचार

इनरव्हील क्लब द्वारा सम्मानित शिक्षक। अमृत विचार

इनरव्हील क्लब ने 12 शिक्षिकाओं का किया सम्मान

अयोध्या। इनरव्हील क्लब फैजाबाद द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर रघुकुल सदन देवकाली में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। क्लब की अध्यक्ष निशा गोयल ने बताया कि शिक्षिका नमिता मेहरोत्रा, अंजू अग्रवाल, एकता भूटानी, युक्ति मनुचा, अनामिका मिश्रा, गीता शुक्ला, शिप्रा श्रीवास्तव, अपर्णा द्विवेदी, सुषमा गुप्ता, शालिनी सक्सेना, रजनी श्रीवास्तव और मीनू दूबे आदि को सम्मानित किया गया। डॉ. सुमिता वर्मा के निर्देशन में 22 बालिकाओं को क्लब द्वारा सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए वैक्सीन लगाई गई। मौके पर क्लब की पूर्व अध्यक्ष स्नेहलता अग्रवाल, रेनू सिंघल, एकता अग्रवाल, ऋचा कौशल, रेनू अग्रवाल, प्रियंका सूद व सचिव रेणु रस्तोगी आदि मौजूद रहीं।

खतरे के निशान से 96 सेमी. ऊपर पहुंची सरयू, गांव में घुसा पानी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पहाड़ी व मैदानी क्षेत्रों में हो रही लगातार बारिश से एक बार फिर सरयू नदी उफान पर है। नदी का जलस्तर शुक्रवार को खतरे के निशान से 96 सेमी. ऊपर पहुंच गया। बाढ़ का पानी घरों व खेतों में घुस गया है। शहर के गुप्तारघाट की सीढ़ियां पानी में डूब गई। घाट पर लोगों को गहरे पानी में जाने से रोका जा रहा है। इसके लिए चेतावनी बोर्ड भी लगाया गया है।

सरयू का जलस्तर शुक्रवार को सामान्य 92.730 सेमी. से 96 सेमी ज्यादा 93.260 सेमी दर्ज हुआ। पूरा बाजार प्रतिनिधि के अनुसार मूडाडीहा माझा, उरदाहवा, सलेमपुर, पिपरी संग्राम, पूरे चेतन, मडनामाझा, बलुइयामाझा, सेवारहवा रामपुर पुवारी माझा, मदराही, काजीपुर माझा सहित कई गांव बाढ़ के पानी से घिर गए हैं। इससे गांव जाने वाले रास्ते कट गए हैं, जिसे आवागमन प्रभावित हो गया है। पिपरी संग्राम गांव के बांकेलाल निषाद ने बताया कि सरयू नदी यहां दो धाराओं में बंट जाती है और आगे जाकर फिर मिल जाती है। ऐसे में यह स्थान चारों तरफ से पानी से घिर गया है। बच्चों को पढ़ाई से वंचित न होने देने के लिए उन्होंने प्राइवेट नाव बनाई है। इसी से रोज बच्चे कछार के गांव स्थित मूड़ाडीह प्राथमिक विद्यालय आते-जाते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि घर कटने के समय प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि कछार के गांव में मकान बनाने के लिए जमीन उपलब्ध कराई जाएगी, लेकिन आज तक कोई व्यवस्था नहीं हो सकी।

कैथी माझा गांव में बाढ़ प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करते विधायक रामचंद्र यादव।

- गुप्तारघाट की सीढ़ियां पानी में डूबीं, तहसील सदर, रुदौली व सोहावल के कई गांवों में घुसा पानी

रामपुर पुवारी माझा के प्रधान रमेश निषाद ने बताया कि बाढ़ पीड़ितों को गांव से निकलने के लिए नाव की व्यवस्था हुई है। सड़क की मरम्मत के लिए सिंचाई विभाग को लिखा गया है। वहीं, इसका असर रुदौली क्षेत्र में भी दिख रहा है। विधायक रामचंद्र यादव ने कैथी माझा समेत अन्य बाढ़ प्रभावित गांव का निरीक्षण किया। एसडीएम सदर राम प्रसाद त्रिपाठी ने बताया कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में नगरानी के लिए राजस्व की टीम लगाई गई है।

इंटर के छात्र को पीटा, तीन पर केस

बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार: इंटर के छात्र की पिटाई करने के आरोप में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। कोतवाली बीकापुर क्षेत्र के रामनगर मठिया निवासी प्रशांत पाल ने बताया कि वह देश दीपक इंटर कॉलेज तेंदुआ माफी बीकापुर मे कक्षा 11 का छात्र है। दो सितंबर को सुबह पैदल विद्यालय जा रहा था। इसी दौरान नुवावा बैदरा बीकापुर निवासी आरोपी सुरयांश सिह, पुनीत तिवारी व रौनक सिंह बाइक से उनके पास पहुंचे व उन्हें गाली देते हुए मारने लगे। गुहार लगाने पर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल लालचंद सरोज ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज करके जांच की जा रही है।

मानक के अनुसार बढ़ाई जाए युवा और महिला मतदाताओं की संख्या : रिणवा

कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा। ● अमृत विचार

अयोध्या कार्यालय

- अब विधानसभा मतदाता सूची का किया जाएगा अपडेशन
- सीईओ ने की अफसरों के साथ समीक्षा, दिए निर्देश

अमृत विचार: मतदाता सूची में मानक के अनुसार 18 और 19 आयुवर्ग के युवा मतदाताओं और महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाई जाए। आगामी विधानसभा निर्वाचन के मद्देनजर मतदाता सूचियों को त्रुटिरहित और शुद्ध बनाने, मतदाता सूचियों में मतदाताओं की धुंधली, काली, अस्पष्ट और मानक के अनुरूप न होने वाली फोटो को जल्द से जल्द हटाकर उनके स्थान पर स्पष्ट व मानक अनुसार फोटो अपलोड कराएं। सूची में दोहरी प्रविष्टियों को हटवाएं और मतदाताओं के मकान संख्या को सही से अंकित कराएं। ये निर्देश शुक्रवार को पंचायत की मतदाता सूची के पुनरीक्षण की समीक्षा के लिए अयोध्या पहुंचे भारत निर्वाचन आयोग के सीईओ(मुख्य निर्वाचन अधिकारी) नवदीप रिणवा ने दिये। वह कलक्ट्रेट के सभाकक्ष में सभी निर्वाचक और सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे।

सीईओ ने विधानसभा की मतदाता सूची के अपडेशन के लिए विस्तृत निर्देश दिया। उन्होंने मतदेय स्थलों पर मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने, सूची के प्रत्येक भाग में उचित संख्या में अनुभाग बनाने, सूची को मतदेय स्थल के अनुरूप बनाते हुए एक माह के भीतर त्रुटि रहित बनाए जाने सहित कई निर्देश दिया। सभी बीएलओ को मतदाता सूची की ऐसी त्रुटियों को सही कराने के लिए मतदाताओं से फॉर्म -8 भरवाकर एक माह के भीतर मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने का निर्देश दिया।

अयोध्या में ऐसे मतदाताओं की संख्या मात्र एक फीसदी ही है। मतलब साफ है कि जिले के अधिकांश युवाओं के नाम मतदाता सूचियों में अंकित नहीं हैं। ऐसे युवाओं को चिन्हित करने और उन्हें मतदाता बनाने के लिए माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों, महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों का सहयोग लिया जाए। जिले की जनसंख्या के लिंगानुपात के अनुरूप मतदाता सूची में महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीईओ ने कहा कि 83 साल की आयु से अधिक उम्र के सभी वयोवृद्ध मतदाताओं का शत प्रतिशत सत्यापन कराया जाए। ऐसे मतदाताओं की वास्तविक संख्या का पता चल सके जो 2027 के विधानसभा चुनाव के दौरान 85 वर्ष से अधिक आयु के होंगे। जिससे वर्ष 2027 के चुनाव में घर पर रहकर वोट डालने के लिए पात्र अधिकतम मतदाताओं की संख्या का सही आंकलन किया जा सके। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिरुद्ध प्रताप सिंह सहित सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, वीआरसी आपरेटर मौजूद रहे।

आयोग ने मानक कम कर 1200 मतदाता कर दिया

सीईओ ने बताया कि आयोग ने मतदाताओं की सुविधा के लिए प्रति मतदेय स्थल पर 15 सौ के मानक को कम कर 12 सौ मतदाता कर दिया है। इससे चुनाव के दिन बूथों पर भीड़ कम होगी। लंबी लाइनें नही लगेंगी। वोट डालने के लिए ज्यादा देर तक प्रतीक्षा नही करनी पड़ेगी।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव 8 को आ सकते हैं अयोध्या

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार : सपा के अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के 8 सितंबर को अयोध्या आने की संभावना जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार वह राजसदन जाकर अयोध्या राजा स्व. बिमलेंद्र प्रताप मोहन मिश्र को श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार गुरुवार को समाजवादी शिक्षक सभा के एक कार्यक्रम में आए सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने इस संदर्भ में जिले के वरिष्ठ नेताओं व पदाधिकारियों से वार्ता की थी व उनकी राय ली। बताया जा रहा है कि अगर अखिलेश अयोध्या आए तो वह राजसदन के अलावा सपा के वरिष्ठ नेता रहे हनुमानगढ़ी के महंत रहे स्व भवनाथ दास के आवास जाकर उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। इस संदर्भ में पूर्व मंत्री तेज नारायन पांडेय पवन का कहना है कि अभी उन्हें इस संदर्भ में कोई सूचना नहीं मिली है लेकिन उनके आने की संभावना हो सकती है। जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने बताया कि इस संदर्भ में उन्हें पार्टी कार्यालय से कोई सूचना नहीं मिली है।

महंत भवनाथ दास व स्व. बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र को अर्पित कर सकते हैं श्रद्धांजलि

कबड्डी व वॉलीबॉल में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हैरिंग्टनगंज, अयोध्या।

- जय श्रीराम युवा संगठन की खेल प्रतियोगिता का आयोजन

अमृत विचार : डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर हैरिंग्टनगंज क्षेत्र के पॉवर हाउस मैदान में शुक्रवार को जय श्रीराम युवा संगठन की ओर से खेल प्रतियोगिता-2025 का आयोजन किया गया। उद्घाटन मिल्कीपुर विधायक चंद्रभान पासवान ने किया। कबड्डी, वॉलीबॉल, लंबी कूद व पंजा लड़ाओं प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया।

कबड्डी में 17 टीमों ने जोर आजमाइश की। वॉलीबॉल में पांच टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। पंजा प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागियों ने शक्ति का परिचय दिया। लंबी कूद में 19 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। आयोजक सूरज मिश्रा और अमित तिवारी ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष आशीष सोनी, नीरज मिश्रा, प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक तिवारी, अभिषेक भद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

अयोध्या कराटे के चंदन अध्यक्ष, प्रशांत सचिव, मानसी सहसचिव बनीं

चंदन कुमार | प्रशांत विक्रम | मानसी यादव

अयोध्या, अमृत विचार : स्पोर्ट्स कराटे संघ के तत्वावधान में अयोध्या कराटे एकेडमी के पदाधिकारियों का शुक्रवार को चुनाव किया गया। सर्वसम्मति से अयोध्या कराटे एकेडमी के चंदन कुमार को अध्यक्ष , प्रशांत विक्रम को सचिव व मानसी यादव को सहसचिव चुना गया। स्पोर्ट्स कराटे संघ के जिला सचिव हरिओम शर्मा ने बताया कि उत्तर प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे संघ से मान्यता प्राप्त अयोध्या कराटे एकेडमी की नगर में चार शाखाएं संचालित हैं। स्पोर्ट्स कराटे संघ के जिलाध्यक्ष राजेश प्रताप सिंह, सहसचिव रविशंकर ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दीं।

पर्व

मरकज़ी अंजुमन तबलीग़ अहले सुन्नत के नेतृत्व में हुआ परंपरागत आयोजन

अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ निकाला जुलूस-ए-मोहम्मदी

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : पैग़म्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद मुस्तफा की 1500वीं सालगिरह के मौके पर शहर की फिजा नातो-सलाम, तकबीर और दरूदो-सलाम से गूंज उठी। मरकजी अंजुमन तबलीग अहले सुन्नत की कयादत में परंपरागत मरकजी जुलूस-ए-मुहम्मदी पूरे अकीदत और शान-ओ-शौकत के साथ निकाला गया।

जुमा की नमाज़ के बाद जामा मस्जिद टाटशाह से रवाना हुआ यह जुलूस अपने कदीमी रास्तों जमुनिया बाग, चौक, रिकाबगंज, कसाबड़ा, सुभाषनगर से गुज़रता हुआ देर रात फिर मस्जिद टाटशाह पर पहुँचकर मुकम्मल हुआ। जुलूस में 60 से अधिक अंजुमनों की शिरकत। पूरा शहर नूरी झंडों, रोशनियों और तकबीरों से जगमगाता नज़र आया। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। मरकज़ी अंजुमन तबलीग़ अहले सुन्नत के सिक्रेटरी फरीद कुरैशी की सरपरस्ती में डॉ. इरफ़ान, राशिद खान, फ़ज़ल हुसैन अजहरी, हाजी वसीम, अलीमुद्दीन समेत सभी जिम्मेदारान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जुलुसे मोहम्मदी की अगुवाई करते टाटशाह मस्जिद के इमाम शहर काजी मौलाना शमशुल कमर कादरी व अन्य उलेमा एवं ट्यूबलाइट तोड़ता युवक।

जश्न-ए-मिलादुन्नबी पर रोशनी से सरोबार रहा शहर

रुदौली, अमृत विचार। जश्न-ए-मिलादुन्नबी पर शहर की गलियां रोशनी से सराबोर रहीं। रुदौली के भेलसर रुदौली मार्ग से लेकर कटरा, मखदूमजादा, शेखाना, ख्वाजाहाल, सालार, नबाब बाजार, सूफियाना, कजियाना की गलियां गुरुवार रात रंग बिरंगी रोशनी में नहाई रही। नबाब बाजार में अंजुमन इतिहादुल मुसलमीन के जलसे में मौलाना इश्तियाक कादरी ने कहा कि आज के दिन दुनिया में इंसान को जीने की राह दिखाने वाले हमारे नबी ने इंसानियत की राह पर चलना सिखाया। वहीं, बारावफात का जुलूस मस्जिदों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जुम्मे की नमाज के बाद निकला। जगह-जगह गूंजती नात-ए-पाक, रंग-बिरंगी झालरें और फूलों की बारिश ने माहौल को भव्य बना दिया। जगह-जगह समाजसेवियों ने जलपान स्टॉल लगाए। इस मौके पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसडीएम विकास धर दूबे, सीओ आशीष निगम और कोतवाल संजय मौर्य आदि सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करते रहे। वहीं, बीकापुर तहसील क्षेत्र में कस्बा बीकापुर, दराबगंज, काजी सराय, खजुरहट, कोछा बजार, चौरे बजार, गंडई, कुढा, सोनखरी, रामपुर भगन सहित विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से जुलूस-ए मोहम्मदिया का आगाज हुआ। बीकापुर में स्थित छोटे सरकार की दरगाह से निकले जुलूस में बड़ी तादाद में जायरीन शामिल हुए। इस दौरान दरगाह के गद्दीनसीन नसीरुद्दीन शाह क़ादरी ने अपनी तकरीर में मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर लोगों को मुबारकबाद देते हुए मुल्क में अमन चैन तथा तरक्की की दुआ मांगी।

दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क की हालत खस्ता

गड्ढों में तब्दील मोतीगंज से सुल्तानपुर बॉर्डर होकर धनपतगंज तक जाने वाली सड़क।

बीकापुर, अयोध्या। तहसील क्षेत्र में दो जिलों को जोड़ने वाली सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। कनावां मोतीगंज से सुल्तानपुर बॉर्डर को प्रवेश करके धनपतगंज तक जाने वाली सड़क कनावा के आगे करीब दो किमी. तक खराब हो गई है। इस पर आवागमन करना मुश्किल हो गया है। यह क्षेत्र गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है। इसके अलावा क्षेत्र के रमऊपुर गांव को चौरे कनावां मुख्य मार्ग से जोड़ने वाली करीब 800 मीटर पक्की सड़क भी अपनी हाल पर रो रही है। पूर्व प्रधान मनोज उपाध्याय का कहना है कि क्षेत्रीय विधायक से सड़क को दुरुस्त कराए जाने की मांग की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। लोक निर्माण विभाग खंड-4 के अवर अभियंता रणंजय सिंह ने बताया कि प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। स्वीकृति मिलने के बाद सड़क का निर्माण कराया जाएगा।

न्यूज ब्रीफ

मवेशी की टक्कर से बाइक सवार मां-बेटे घायल

मवई, अयोध्या। अमृत विचार : मवई थाना क्षेत्र अंतर्गत मवई चौराहा संपर्क मार्ग पर मांजनपुर उसरी गांव के पास छुट्टा जानवर से बाइक टकरा गई। जिससे बाइक सवार पटरंगा थाना क्षेत्र के पुरेकाजी निवासी अरुण और उनकी मां कमलेश कुमारी घायल हो गए। ग्रामीणों ने दोनों को सीएचसी मवई पहुंचाया। जहां से चिकित्सकों ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। मवई थाना प्रभारी सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। मौके पर दरोगा को भेजा गया था।

दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार पर केस

रुदौली, अमृत विचार। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता की पिटाई करने के आरोपी पति समेत चार लोगों पर थाना बाबा बाजार पुलिस ने केस दर्ज किया। थाना प्रभारी बाबा बाजार शैलेन्द्र आजाद ने बताया कि कसारी गांव निवासी चांदनी सिंह की तहरीर के आधार पर पति देवमणि सिंह, सास अनुराधा सिंह, ननद मोनी सिंह और ससुर रामनाथ सिंह पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

किशोरी को भगाने के आरोपी की गुमशुदगी दर्ज

रुदौली, अमृत विचार। कोतवाली रुदौली के एक इलाके के निवासी राजू ने अपने 13 वर्षीय भाई के तीन सितम्बर की दोपहर घर से बिना बताए गायब होने की गुमशुदगी कोतवाली में दर्ज कराई। इसी किशोर पर कोतवाली रुदौली के एक गांव की 15 वर्षीय किशोरी को भगा ले जाने का केस दर्ज कराया गया था। कोतवाल संजय मौर्या ने बताया कि किशोर और किशोरी की तलाश की जा रही है।

लगभग दो दर्जन लोगों को बांटे विकलांग प्रमाण पत्र

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जनपद के विकास खंड भियांव बंदीपुर में शुक्रवार को विकलांग प्रमाण पत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न प्रकार के विकलांग लोग पहुंचे, जिनमें आंख, हाथ, पैर और कूल्हे की समस्याओं से जूझ रहे लोग शामिल थे।शिविर में जिला विकलांग अध्यक्ष लक्ष्मी कांत तिवारी, ब्लॉक भियांव विकलांग अध्यक्ष रिकूं राजभर मौजूद रहे। चिकित्सकीय टीम में डॉ. दीप प्रसाद पांडेय और नेत्र विशेषज्ञ डॉ. राजेंद्र जायसवाल शामिल थे। समाज कल्याण विभाग से विशाल यादव और अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे। शिविर में अहमद रजा, सुरेंद्र प्रताप, ठाकुर प्रसाद, शशिकला, राम उग्रह, खुशबू शर्मा और दिनकर मिश्र समेत कई लोगों ने भाग लिया।

मोबाइल लूट गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : जनपद के अहिरौली थाना पुलिस ने मोबाइल लूट गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान में उप-निरीक्षक गौरव पटेल की टीम ने यह कार्रवाई किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गोविंद 19 वर्ष के रूप में हुई है। वह महरुआ थाना क्षेत्र के सरहरी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने उसे तिवारी पुर मोड़ से मिझौड़ा रोड की तरफ से पकड़ा। पुलिस ने आरोपी के पास से एक लूटा हुआ कीपैड मोबाइल फोन और अयोध्या से चोरी की टीवीएस अपाचे बाइक बरामद किया है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह शिवम धुरिया, कट्टर उर्फ अवधेश, अभिषेक और आंशिक सिंह के साथ गैंग में शामिल था। गैंग ने 29 अगस्त को टिकुलीगंज पुल के पास दो लोगों से मोबाइल और पैसे लूटे थे।

दो पक्षों का शांति भंग में हुआ चालान

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार : थाना मालीपुर क्षेत्र के ग्राम आजनपारा निवासी विनय कुमार ने थाना मालीपुर में तहरीर देकर दो ज्ञात समेत चार लोगों पर मारपीट व लूट का आरोप लगाया है। पीडित का कहना है कि बीते 4 सितंबर की शाम करीब 5 बजे वह मालीपुर रोड पर मोटरसाइकिल से जा रहा था। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे उसी के गांव निवासी नरेश व नन्हे समेत दो अज्ञात उनके साथी उसे रोक लिए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ मारपीट की तथा जेब से 11 हजार रुपये नकद व मोबाइल फोन छीन लिया। विनय कुमार ने आरोप लगाया है कि घटना की जानकारी देने पर दबंगों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। पीडित ने थानाध्यक्ष से आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

रामनगरी में नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान बेअसर

पेट्रोल पंप पर भी नहीं लगे हैं बैनर, दिया जा रहा बिना हेलमेट वालों को पेट्रोल

अयोध्या कार्यालय

वजीरगंज स्थित एक पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट लगाए बाइक सवार लोगों को पेट्रोल देते पंपकर्मी।

अमृत विचार : प्रदेश सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए शुरू किया गया नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान रामनगरी में अपनी चमक खोता नजर आ रहा है। यहां इस अभियान का जमीनी स्तर पर कोई खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। सड़कों पर बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक बेधड़क फर्राटा भर रहे हैं। पेट्रोल पंपों पर भी नियमों की खुलेआम अनदेखी हो रही है।

शहर के अधिकांश पेट्रोल पंपों पर अभियान के बैनर तक नहीं लगे हैं। कई पेट्रोल पंप संचालकों ने न्यूनतम जागरूकता के लिए भी कोई कदम नहीं उठाया। जांच के दौरान देखा गया कि बिना हेलमेट के पहुंचने वाले वाहन चालकों को आसानी से पेट्रोल दिया जा रहा है। कुछ पंपों पर कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें अभियान के बारे में स्पष्ट निर्देश ही नहीं मिले हैं, जबकि अन्य ने व्यावसायिक नुकसान के डर से नियमों का पालन न करने की बात कही।

परिवहन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि अभियान को लागू करने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस और खाद्य एवं रसद विभाग को मिलकर निगरानी करनी थी, लेकिन अयोध्या में समन्वय की कमी साफ दिख रही है। मोटर वाहन अधिनियम, 1988 की धारा 129 के तहत हेलमेट पहनना अनिवार्य है। उल्लंघन पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। फिर भी, सड़क सुरक्षा के प्रति उदासीनता चिंता का विषय बनी हुई है।

भाई हेलमेट दे दो पेट्रोल भराकर दे दूंगा

जिन पेट्रोल पंप पर इसका सख्ती से पालन किया जा रहा है, वहां बिना हेलमेट लगाए चालक दूसरे से हेलमेट मांगकर पेट्रोल भरा कर वापस कर दे रहे हैं। वहीं कुछ स्थानों पर पेट्रोल पंपकर्मियों ने किनारे एक हेलमेट रखा है, बाइक चालक उसे लगाकर पेट्रोल भरा रहे हैं, फिर उसे वापस वहीं रख दे रहे हैं।

- **सड़कों पर धड़ल्ले से घूम रहे बिना हेलमेट लगाए वाहन चालक, नियमों की कर रहे अनदेखी**

पंप संचालकों ने खड़े किए हाथ कहा पहले दें सुरक्षा

इस अभियान को लेकर पेट्रोल पंप संचालकों ने पालन करने से हाथ खड़े कर दिया है। पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिलाध्यक्ष राजेश सिंह का कहना है कि पेट्रोल न देने पर बाइक सवार विवाद करने पर उतारू होते हैं। ऐसे में हम व्यापार करें कि झगड़ा। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि यदि इस नियम का पालन कराना हो तो पेट्रोल पंप पर सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराई जाए। बताया कि इसको लेकर रविवार को डीएम, एसएसपी से मुलाकात कर अपनी बात रखी जाएगी।

> अभियान को लेकर सख्ती बरती जा रही है। परिवहन विभाग की टीम द्वारा रोजाना अलग-अलग इलाकों में चेकिंग अभियान चला रही है। बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों का चालान किया जा रहा है। पांच दिनों में 307 वाहनों का चालान किया गया है, शुक्रवार को भी 22 चालान किए गए। **-डॉ. आरपी सिंह, एआरटीओ प्रशासन/प्रवर्तन**

> यातायात पुलिस भी अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है। पांच दिनों में 400 से ज्यादा चालान किए गए हैं। साथ ही लोगों को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है। पेट्रोल पंप पर भी नजर रखी जा रही है। **-एपी सिंह, एसपी यातायात**

शताब्दी वर्ष के आयोजन को लेकर आरएसएस ने की बैठक

अयोध्या, अमृत विचार: शताब्दी वर्ष के आयोजन को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विवेकानंद नगर की बैठक शुक्रवार को रिकाबगंज स्थित श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित की गई। आरएसएस के महानगर व्यवस्था प्रमुख विवेकजी अग्रवाल ने शताब्दी वर्ष में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की। छह सितंबर शनिवार को शाम पांच बजे रिकाबगंज बस्ती में जनसंपर्क होगा। स्वयंसेवक के पास सफेद शर्ट पेंट, टोपी, दंड, बेल्ट, मोजा और काला जूता है तभी पूर्ण गणवेश होगा ।रिकाबगंज बस्ती प्रमुख अधिवक्ता राजीव शुक्ला ने बताया विजयदशमी उत्सव से पहले अपने नगर की विभिन्न बस्तियों में पद संचलन का कार्यक्रम होगा। बैठक में विवेकानंद नगर के कार्यवाह प्रेम प्रकाश जी, सहकार्यवाह सुनील जी, हरी कृष्ण सक्सेना, छोटू रस्तोगी गौतम अग्रवाल,रतन राजपाल,वरिष्ठ अधिवक्ता संजय रस्तोगी सहित अन्य थे।

एम्पलाई नॉन एम्पलाई सेल्फ टीम की कार्यकारिणी में हुआ बदलाव

जिला संवाददात, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। एम्पलाई नॉन एम्पलाई सेल्फ टीम उत्तर प्रदेश जिला संयोजक जितेंद्र कुमार के प्रदेश कोर टीम में शामिल होने से जिला संयोजक के पद पर अनिल कुमार पाण्डेय का मनोनयन हुआ है। वहीं लेखपाल संघ के जिला महामंत्री अखिलेश चौरसिया का मनोनयन जिला सह संयोजक के पद और सफाई कर्मचारी संघ के ब्लॉक महामंत्री शंभूनाथ का ब्लॉक सहसंयोजक बसखारी पद पर हुआ है। जिला संयोजक बनने पर अनिल कुमार ने प्रदेश कोर टीम का आभार प्रकट किया।

उन्होंने बताया कि जनपद के हर गांव से लोगों को टीम से जोडक़र टीम द्वारा लोगों को सहयोग दिलवाया जाएगा। जिला सहसंयोजक अखिलेश चौरसिया द्वारा बताया कि जनपद के सभी राजस्व कर्मी को टीम से जोडक़र उनके सुख दुःख में टीम द्वारा सहयोग दिलाया जायगा। जिला सहसंयोजक जटाशंकर यादव ने बताया कि जिला कार्यकारिणी के विस्तार से अधिक से अधिक लोगों को टीम द्वारा सहयोग दिलवाया जा सकेगा। यह टीम दुर्घटना पर आर्थिक सहायता और बेटी विवाह शगुन सहयोग तथा किसी वैधानिक सदस्य के नामिनी को आर्थिक सहयोग दिलाती है।

जीएसटी 2.0 में सुधार उद्योग के लिए परिवर्तनकारी कदम

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : लघु उद्योग भारती अयोध्या इकाई की बैठक शुक्रवार को भारत सरकार द्वारा जीएसटी 2.0 सुधारों का स्वागत किया गया। इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया गया।

बैठक में तीन सितंबर को जीएसटी परिषद द्वारा अनुमोदित दो-स्तरीय जीएसटी 2.0 प्रणाली को संगठन ने उद्योग जगत के लिए एक बड़ा और परिवर्तनकारी कदम बताया गया। साथ ही कर दरों को सरल बनाने, अप्रत्याशित राजस्व हानि को मंत्रालय द्वारा वहन करने की प्रतिबद्धता, आर्थिक विकास, उपभोक्ता कल्याण और राष्ट्रीय हित के प्रति सरकार की गहरी निष्ठा को दर्शाती है। इकाई के अध्यक्ष संजीव गोयल ने कहा कि यह सुधार केवल कर सरलीकरण तक सीमित नहीं है बल्कि विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के लिए व्यापार सुगमता की दिशा में बड़ा कदम है। इससे कर-विवाद घटेंगे, अनुपालन बढ़ेगा और देश के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने सदस्यों के समक्ष समाज एवं उद्योग जगत में जागरूकता लाने के लिए इंडस्ट्रियल सेफ़्टी तथा ग्राउंड वाटर डिस्चार्ज जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर सेमिनार आयोजित करने का प्रस्ताव रखा।

लघु उद्योग भारती अयोध्या इकाई की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

- **लघु उद्योग भारती अयोध्या इकाई की बैठक में सरकार के निर्णय को सराहा**

इकाई के महामंत्री विक्रम माकिन ने कहा कि इन सेमिनारों के माध्यम से उद्यमियों एवं समाज को सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण और सतत औद्योगिक विकास की दिशा में प्रेरित किया जाएगा। फैसिलिटेशन काउंसिल के सदस्य अविनाश चंद्रा ने इन सुधारों को राष्ट्र-निर्माण का एक महत्वपूर्ण स्तंभ और आत्मनिर्भर, प्रतिस्पर्धी भारत की दिशा में एक साहसिक कदम बताया, जो कि विकसित भारत बनने के लिए महत्वपूर्ण है। बैठक में कोषाध्यक्ष आशीष आनंद, श्यामपाल चोपड़ा, अरुण, रोहित माकिन, राजेश, अजय खन्ना समेत अन्य मौजूद रहे।

धूमधाम से मना ईद मिलाद उन नबी का पर्व

बसखारी, अंबेडकरनगर

जुलूस में सैयद खलीक अशरफ व अन्य का माला पहनाकर स्वागत किया गया।

अमृत विचार : ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने नए कपड़े पहनकर मस्जिदों में नमाज पढ़ी और एक दूसरे को मुबारकबाद देते हुए मुस्लिम धर्म से संबंधित धार्मिक झांकियां को सजाकर जुलूस निकाला। इस अवसर पर आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम करने के लिए समाज सेवियों ने लंगर की व्यवस्था करते हुए जुलूस का स्वागत किया।

बता दें कि इस्लाम के अंतिम दूतए पैगंबर मोहम्मद के जन्म अवसर पर मनाया जाने वाले इस पर्व पर प्रभावती कैलाश चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. शरद यादव व कोषाध्यक्ष जावेद राइन के नेतृत्व में सना स्वीट हाउस पर एक वृहद लंगर का आयोजन कर जुलूस का स्वागत किया गया। इस दौरान मोहम्मद इरफान, सोनू राईन, मोनू राईन, आफताब राईन, शोयेब राईन, अफजल राईन, आकिब राईन, राजा, सैय्यद फैज, शमशाद खान, आमिर खान, मो. आरिज ने लंगर की सेवा करते हुए जुलूस का नेतृत्व कर रहे। सैयद खलीक अशरफ व अन्य का माला पहनाकर स्वागत किया। 12 रवि अउव्वल के दिन दुनिया भर के मुसलमानों के द्वारा हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन के रूप में मनाया जाने वाला ईद मिलाद उल नबी का जुलूस मखदूम अशरफ के आस्ताने के सज्जादानशीन मोहिउद्दीन अशरफ के बसखारी आवास से निकालकर डोडो गया। जहां पर डोडो से निकलने वाला जुलूस इस जुलूस में शामिल होकर बसखारी बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः सज्जदा नशीन के आवास पर पहुंच कर समाप्त हुआ। इस अवसर पर किछौछा, हंसवर, कौड़ाही सहित अन्य स्थानों पर भी जुलूस, बिजली की सजावट, हरे झंडो से क्षेत्र को सरोबोर कर मोहम्मद साहब की इबादत के साथ इस पर्व को धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान नगर पंचायत क्षेत्र में नगर पंचायत अध्यक्ष ओमकार गुप्ता एवं आधिषासी अधिकारी के निर्देश पर साफ-सफाई व अन्य व्यवस्था मुकम्मल रही। वहीं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिकोण से थाना अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

छात्रों ने शिक्षकों को किया सम्मानित

जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार: शिक्षा क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय चौहान की बस्ती में शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाध्यापक राज बहादुर मिश्रा और अन्य शिक्षकों ने भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण से की।छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों के साथ केक काटकर डॉ. राधाकृष्णन का जन्मदिन मनाया। विद्यार्थियों ने उनके जीवन और योगदान पर अपने विचार साझा किए। प्रधानाध्यापक ने बताया कि डॉ. राधाकृष्णन भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। वह एक प्रसिद्ध दार्शनिक और शिक्षाविद थे। कार्यक्रम का संचालन राजकरन प्रजापति ने किया।

शिक्षामित्र संघ ने अपनी समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

आजमगढ़,अमृत विचार : यूपी प्राथमिक शिक्षामित्र संघ ने शिक्षक दिवस पर प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर शिक्षा मित्रों ने अपनी समस्याओं को लेकर जिला अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा।

जिला अध्यक्ष देवसी प्रसाद यादव के नेतृत्व में शिक्षा मित्रों ने शिक्षक दिवस पर राजस्थान उत्तराखंड हरियाणा की तरह शिक्षा मित्रों के मानदेय वृद्धि,टेट पास शिक्षा मित्रों को सहायक अध्यापक बनाने, समायोजन बहाल करने,मूल विद्यालय वापसी, महिला शिक्षा मित्रों को ससुराल के विद्यालयो पर वापसी का शासनादेश निर्गत करने,मृतक शिक्षा मित्रों के परिजनों को अहेतुक सहायता देने सहित सात सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को सौंपा। यूपी प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री कृष्णा मोहन उपाध्याय ने कहा कि अल्प मानदेय से शिक्षा मित्रों का जीवन वसर करना दुभर हो गया है। उन्होंने सरकार से शिक्षा मित्रों के स्थाई समाधान की मांग किया। जिला अध्यक्ष देवसी प्रसाद यादव ने कहा कि शिक्षा मित्रों के स्थाई समाधान के तक संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार यादव, हीरालाल सरोज, अशोक यादव, उपेन्द्र यादव,राजेश सिंह, इंद्रावती देवी, रीता सिंह, पूनम लता,राम कवल चौहान, ईश्वर चंद्र सहित दर्जनों शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या

जलालपुर, अंबेडकरनगर

अमृत विचार : जैतपुर थाना क्षेत्र के मुस्कुराई गांव में शुक्रवार की रात एक अधेड़ की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान रामस्वरूप 50 वर्ष पुत्र स्व. मोहन के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक माह के भीतर थाना क्षेत्र में दूसरी हत्या से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। अधेड़ की हत्या के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बता दें कि रामस्वरूप गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के पास बने कमरे पर रोजाना सोते थे। शुक्रवार की रात उनका पुत्र खाना खिलाने के बाद उन्हें कमरे पर छोड़ आया था। शनिवार सुबह जब वह समय से घर नहीं पहुंचे तो पुत्र उन्हें लेने गया, जहां खून से लथपथ शव देखकर वह शोर मचाने लगा। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। अधेड़ की हत्या की सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार सिंह, कोतवाल संतोष कुमार सिंह तथा थानाध्यक्ष राजेश कुमार गौतम मौके पर पहुंचे और लोगों से मामले की जानकारी हासिल की। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। मृतक ऑटो चलाकर बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने का काम करता था। उनकी पत्नी का निधन लगभग आठ वर्ष पूर्व हो चुका है। हत्या की वजह फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सकी है। मृतक के पुत्र विपिन की तहरीर पर जैतपुर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। गौरतलब है कि पखवाड़ा पूर्व थाना क्षेत्र के चौदहप्राश गांव में भी पिता ने पुत्र की हत्या कर दी थी। अब दूसरी वारदात से क्षेत्र में दहशत फैल गई है।

पीईटी परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

पीईटी परीक्षा की तैयारियों का जायजा लेते डीएम अनुपम शुक्ला व एसपी केशव कुमार।

अमृत विचार: जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला और पुलिस अधीक्षक केशव कुमार ने आगामी 6 और 7 सितम्बर को आयोजित होने वाली पीईटी परीक्षा की तैयारियों का शुक्रवार को स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रिफिन पब्लिक स्कूल, डॉ. शिव सहाय पब्लिक स्कूल सहित विभिन्न परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

यह परीक्षा 6 सितंबर तथा 7 सितंबर को दो पालियों में जनपद के 21 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। परीक्षा में 38 हजार 784 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक होगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा कक्षों में बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना और कंट्रोल रूम की कार्यशीलता की गहन जांच की। उन्होंने निर्देश दिया कि परीक्षार्थियों को आयोग के मानकों के अनुरूप स्वच्छ व सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया जाए। प्रवेश के समय सख्त चेकिंग की व्यवस्था, अभ्यर्थियों के सामान रखने के लिए सुरक्षित काउंटर तथा आपातकालीन चिकित्सा सुविधा व एंबुलेंस अनिवार्य रूप से उपलब्ध रहें। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों को पुनः अपने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर कमियों को तत्काल दूर करने का निर्देश दिया।

जिले में बनेगा राज्य विश्वविद्यालय

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार: जनपद में राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में पहल शुरू हो गई है। एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर विश्वविद्यालय खोलने का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग को विस्तृत आख्या तैयार करने के निर्देश दिए है। बता दें कि एमएलसी ने अपने पत्र में लिखा है कि जनपद के हजारों छात्र उच्च शिक्षा के लिए अन्य जिलों पर निर्भर हैं। विश्वविद्यालय की स्थापना से युवाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। इससे रोजगार और अनुसंधान के नए अवसर भी बनेंगे। शिक्षा विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य विश्वविद्यालय की स्थापना से पूरे पूर्वांचल को फायदा होगा। यह जनपद के शैक्षणिक माहौल को मजबूत करेगा। प्रशासनिक सूत्रों के मुताबिक विश्वविद्यालय के लिए जमीन चयन और बुनियादी ढांचे पर विचार-विमर्श शुरू हो गया है। सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री योगी ने इस प्रस्ताव पर गंभीरता दिखाते हुए प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा विभाग को विस्तृत आख्या तैयार करने के निर्देश दिए हैं। माना जा रहा है कि आख्या रिपोर्ट विश्वविद्यालय की संभावनाओं और संसाधनों का खाका तैयार करेगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई तय होगी। यह कदम जनपद को उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आख्या रिपोर्ट में विश्वविद्यालय की संभावनाओं और संसाधनों का विवरण तैयार किया जाएगा।

लोकार्पण ग्राम पंचायत पीठापुर सरैया में पशु चिकित्सालय भवन का राज्य मंत्री ने किया भूमि पूजन व शिलान्यास

पशु अस्पताल बनने से पशुपालकों को होगा लाभ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

शिलान्यास के दौरान राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम, एमएलसी डॉ. हरिओम पांडेय, समाजसेवी आनंद सिंह।

अमृत विचार: राज्य मंत्री ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विभाग उत्तर प्रदेश शासन विजयलक्ष्मी गौतम ने एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे की उपस्थिति में विकासखंड कटेहरी के ग्राम पंचायत पीठापुर सरैया में नए पशु चिकित्सालय भवन के निर्माण का भूमि पूजन और शिलान्यास किया।

राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े ग्रामीणों तक हर सुविधा पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और पशु चिकित्सालय की स्थापना से किसानों और पशुपालकों को अपने ही क्षेत्र में उपचार व टीकाकरण जैसी सुविधाएं प्राप्त होंगी। इससे बीमारियों से पशुओं की मृत्यु दर में कमी आएगी और दुग्ध उत्पादन में भी वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तथा पशुपालन से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि होगी। साथ ही आपातकालीन स्थितियों में नजदीकी चिकित्सालय उपलब्ध होने से ग्रामीणों को दूरदराज जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इस तरह यह नया पशु चिकित्सालय ग्रामीण क्षेत्र की प्रगति, पशुधन संरक्षण और किसानों की आर्थिक मजबूती में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। वहीं एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे ने कहा कि ग्रामीण जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होने जा रही है। इस चिकित्सालय से किसानों और पशुपालकों को बड़ी राहत मिलेगी। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पशु चिकित्सालय की स्थापना के लिए समाजसेवी आनंद सिंह द्वारा विशेष प्रयास किए गए।

भूमि पूजन कार्यक्रम में यह भी रहे उपस्थित : भूमि पूजन और शिलान्यास कार्यक्रम में स्थानीय विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, सीएमओ आनंद कुमार शुक्ला, सीवीओ डॉ. अरविंद कुमार सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, डीडीओ, उपायुक्त श्रम रोजगार, बीडीओ कटेहरी, उपमुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अकबरपुर व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

सरयू का जलस्तर बढ़ने से ग्रामीणों में डर

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर,अमृत विचार: जनपद के टांडा और आलापुर तहसील क्षेत्र में सरयू नदी का जलस्तर निरंतर बढ़ रहा है। जिससे ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। पिछले 24 घंटों में जलस्तर 10 सेंटीमीटर बढक़र 85.30 मीटर तक पहुंच गया है। यह खतरे के निशान से मात्र 26 सेंटीमीटर नीचे है। आलापुर तहसील क्षेत्र के निचले इलाकों में पानी भर गया है। नदी की तेज धारा से कटान का खतरा बढ़ गया है। बद्री का पूरा, पटपरवा, करिया लोनिया का पूरा और प्रसाद कुर्मी का पूरा समेत कई गांवों के बाहरी हिस्सों में पानी भर गया है। स्थानीय निवासियों के अनुसार रात में जलस्तर तेजी से बढ़ा है। कुछ मार्गों पर पानी आने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। मांझा कम्हरिया के कल्लू का पूरा, सत्यनारायण का पूरा, नौका पूरा और निषाद बस्ती बाढ़ की चपेट में हैं। आराजी देवारा के करिया लोनिया का पूरा, हंशू का पूरा, सिद्धनाथ और

आलापुर तहसील में बढ़ा सरयू का जलस्तर।

प्रसाद कुर्मी का पूरा भी प्रभावित हैं। ग्रामीणों को फसलों, मवेशियों और घरों के नुकसान की चिंता है। उपजिलाधिकारी आलापुर सुभाष सिंह ने स्थिति का जायजा लिया है। उन्होंने बताया कि सावधानी के तौर पर बाढ़ राहत शिविर सक्रिय कर दिए गए हैं। तहसील कर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। नाविकों को भी अलर्ट कर दिया गया है।

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार,6 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

ठगी के मामले में आरोपी की जमानत खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : आईएएस की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी मामले में आरोपी मनीष दुबे की जमानत अर्जी एडीजे प्रथम संतोष कुमार ने खारिज कर दी। अदालत में बचाव पक्ष ने भूमिका न होने की दलील दी, जबकि अभियोजन ने कूट रचित ज्वाइनिंग लेटर व बैंक लेनदेन का हवाला दिया। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष को सुनने के बाद आरोपी की जमानत खारिज कर दी।

दीवानी कर्मी फैज की जमानत अर्जी खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : अर्थदंड की रसीद बुक गायब करने के मामले में जेल में बन्द निलंबित दीवानी कर्मी फैज आलम की जमानत अर्जी शुक्रवार को न्यायाधीश राकेश पांडेय ने आरोपों को गंभीर पाते हुए खारिज कर दी। दीवानी के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुमार श्रीवास्तव की तहरीर पर ये मुकदमा दर्ज हुआ था जिसमें पुलिस ने आरोपी फैज को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सहमे शिक्षक

सुलतानपुर, अमृत विचार : सुप्रीम कोर्ट के आदेश से सहमे शिक्षकों ने 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस न मनाने का निर्णय लिया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ने मान-सम्मान की रक्षा हेतु काला-क़ानून-वापस-लो अभियान एक्स पर चलाया, जिसे चार लाख ट्वीट का समर्थन मिला। संघ का कहना है कि शिक्षा अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त लाखों शिक्षकों की सेवा असुरक्षित हो गई है।

युवती को बहलाकर भगा ले गए, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र में एक 19 वर्षीय युवती को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का मामला सामने आया है। इस दौरान वह घर से करीब 60 हजार रुपये व कुछ आभूषण भी साथ ले गई। पिता की तहरीर पर पुलिस ने हरचंद्रपुर गांव निवासी आबिद और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

भैंस बांधने के विवाद में मारपीट, केस दर्ज

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : कोतवाली क्षेत्र के मलिकपुर नोनरा गांव में गुरुवार सुबह भैंस बांधने को लेकर मारपीट हो गई। आरोप है कि विपक्षियों ने 12 वर्षीय सचिन को लाठी-डंडे से पीटकर घायल कर दिया, वहीं उसकी दादी इतवारी देवी को लात-घूसों से मारा गया। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

गैंगस्टर एक्ट में महिला आरोपी की रिमाण्ड खारिज

कोर्ट ने कहा- गिरोहबंद अधिनियम का मकसद संगठित अपराध पर रोक लगाना है, न कि व्यक्तिगत विद्वेष की पूर्ति

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट राकेश पाण्डेय की अदालत ने शुक्रवार को महिला आरोपी सरिता मिश्रा को पुलिस रिमाण्ड पर भेजने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि गिरोहबन्द अधिनियम का मकसद संगठित अपराध पर रोक लगाना है, न कि व्यक्तिगत विद्वेष की पूर्ति।

कोतवाली नगर पुलिस के विवेचक उपनिरीक्षक रामराज ने आरोपी सरिता मिश्रा को रिमाण्ड पर देने का प्रार्थना पत्र कोर्ट में प्रस्तुत किया था। बचाव पक्ष ने इसका विरोध करते हुए तर्क दिया कि गैंगचार्ट में सरिता मिश्रा व उनके पति अरुण कुमार मिश्रा को आधारहीन तरीके से शामिल किया गया है। कोर्ट ने पाया कि गैंगचार्ट और अनुमोदन पत्रावली में गंभीर खामियां हैं और सर्वोच्च न्यायालय व राज्य सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन नहीं किया गया। कोर्ट ने माना कि अभियुक्ता के खिलाफ की गई कार्रवाई विद्वेषपूर्ण प्रतीत होती है। ऐसे में थाना कोतवाली नगर पुलिस का रिमाण्ड प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया गया। गौरतलब है कि नगर कोतवाल धीरज कुमार ने दो सितंबर को मेरठ के गंगानगर मवाना निवासी अरुण कुमार मिश्र व उनकी पत्नी सरिता मिश्र के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज कराया था।

अधिशाषी अभियंता हत्याकांड में डॉक्टर तलब

जल निगम के अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की हत्या के मामले में एडीजे द्वितीय विशेष कोर्ट एससी एसटी न्यायालय में शुक्रवार को गवाही नही दर्ज हो सकी। अभियोजन पक्ष से वादी के वकील अरविंद सिंह राजा ने बताया कोर्ट न्यायाधीश ने सुनवाई के लिए 11 सितंबर की तारीख नियत की है जिस पर लखनऊ के डॉक्टर रवीन्द्र की गवाही दर्ज होगी। सहायक अभियंता अमित कुमार शाह और एक अन्य आरोपी प्रदीप राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। अधिशाषी अभियंता संतोष कुमार की 17 अगस्त 2024 को उनके घर में पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। उनके भाई संजय कुमार ने सहायक अभियंता समेत अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

राकेश हत्याकांड में उन्मोचन अर्जी पर सुनवाई 19 को

राकेश विश्वकर्मा हत्याकांड में आरोपित अजय निषाद व नीरज यादव ने खुद को निर्दोष बताते हुए उन्मोचन अर्जी(डिस्चार्ज) दी है। उन्मोचन अर्जी सुनवाई शुक्रवार को नही हो सकी। एडीजे प्रथम संतोष कुमार ने डिस्चार्ज अर्जी पर अभियोजन की आपत्ति दाखिल करने के लिए 19 सितम्बर की तारीख नियत की है। अभियोजन के मुताबिक कादीपुर कोतवाली के मुडिलाडीह निवासी राकेश विश्वकर्मा बीते तीन अप्रैल को चचेरे भाई शुभम के साथ घर के पास खड़े थे। तभी बाइक सवार आरोपियों ने राकेश की गोली मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता दयाराम विश्कर्मा ने दोस्तपुर के गोरई गांव के राम सागर यादव समेत अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में हिस्ट्री शीटर राम सागर यादव, अखंड नगर के कटरा उडरी निवासी नीरज यादव, ताजुद्दीनपुर के सुरेंद्र कुमार और अंबेडकर नगर के बेवाना के दिवाकर यादव व अजय निषाद के खिलाफ पुलिस ने आरोप पत्र कोर्ट भेजा था।

सविता हत्याकांड: आलाकत्ल पेश न होने पर एसपी अमेठी को भेजा पत्र

संवाददाता, सुलतानपुर : थानाक्षेत्र कमरौली के पसिया पश्चिम में 24 वर्ष पूर्व हुए सविता हत्याकांड की सुनवाई शुक्रवार को एडीजे प्रथम संतोष कुमार की अदालत में हुई। मामले में आलाकत्ल पेश न करने पर अदालत ने अमेठी के पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा है। अभियोजन के अनुसार 28 दिसंबर 2000 को पसिया पश्चिम निवासी राममनोहर की पुत्री सविता चतुर्वेदी की हत्या के आरोप में गांव के ही अमित कुमार तिवारी को आरोपी बनाया गया था। मामले में अभियोजन पक्ष के पांचवे गवाह दरोगा हरी सिंह की गवाही दर्ज की गई है परंतु हत्या में प्रयुक्त आलाकत्ल पेश न होने से गवाही पूरी नहीं हो सकी। अदालत ने अब 12 सितंबर की तारीख तय करते हुए एसपी अमेठी को पत्र भेजकर संबंधित आलाकत्ल तलब किया है। वहीं, हाईकोर्ट पहले ही इस प्रकरण की पत्रावली का शीघ्र निस्तारण करने का आदेश दे चुका है।

एनडीपीएस एक्ट के आरोपी की क्रिमिनल हिस्ट्री तलब

संवाददाता, सुलतानपुर : एनडीपीएस एक्ट के मामले में जेल में निरुद्ध आरोपी मोहित पुत्र जगन्नाथ मिश्रा निवासी मिश्राने उमरी थाना गोसाईगंज ने न्यायालय में जमानत अर्जी दाखिल की है। आरोप है कि जयसिंहपुर पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी 17 सितंबर 2023 से जेल में बंद है। अभियोजन पक्ष की ओर से एडीजीसी पवन दूबे ने बताया कोर्ट ने जयसिंहपुर पुलिस से आरोपी की आपराधिक इतिहास (क्रिमिनल हिस्ट्री) तलब करते हुए 8 सितंबर को जमानत पर सुनवाई की तारीख निर्धारित की है।

गैंगस्टर एक्ट में तय नहीं हो सके आरोप

संवाददाता, सुलतानपुर : एमपी-एमएलए की स्पेशल सेशन कोर्ट के जज राकेश की अदालत में शुक्रवार को पूर्व विधायक सोनू सिंह समेत अन्य के गैंगस्टर केस में आरोप तय नही हो सके। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 12 सितंबर की तारीख नियत की है। धनपतगंज के तत्कालीन थाना प्रभारी सीताराम यादव ने पूर्व विधायक चंद्रभद्र सिंह सोनू, सह आरोपी अंशू सिंह, रुकसार अहमद, विजय यादव व दीपक सिंह उर्फ बबलू सिंह के खिलाफ 28 अप्रैल 2021 को मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने अपनी जांच पूरी करने के बाद सभी आरोपियों के खिलाफ आपराधिक गैंग चलाने के आरोप में चार्जशीट दाखिल की थी। वहीं हाईकोर्ट के निर्देश पर आरोपी दीपक उर्फ बब्लू सिंह के खिलाफ कोर्ट ने मामला समाप्त कर दिया।

एमएलसी शैलेंद्र सिंह के केस में बंधपत्र दाखिल

संवाददाता, सुलतानपुर : एमपी-एमएलए कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत ने आचार संहिता उल्लंघन प्रकरण में आरोपी एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह के मामले में बहस के लिए 25 सितंबर की तारीख तय की है। विशेष लोक अभियोजक वैभव पाण्डेय ने बताया कि आरोपियों ने बहस से पूर्व अदालत में बंधपत्र दाखिल किया है। मामला 11 मई 2019 का है, जब चुनाव उड़नदस्ता प्रभारी गजेंद्र कुमार सिंह की तहरीर पर कोतवाली देहात थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोप है कि एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने उतुरी स्थित एक शिक्षण संस्थान के सामने 50 से अधिक लोगों को भोजन कराया था, जिसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना गया। इस मामले में उनके समर्थक जयप्रकाश और अजय सिंह भी सह-आरोपी बनाए गए हैं।

जेल में निरुद्ध आरोपित को राहत

अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश निशा सिंह की अदालत ने आरोपी को भगाने व पुलिस पर हमला करने के आरोपी विवेक कोरी पुत्र रामदुलारे निवासी ग्राम भण्डारा परशुरामपुर थाना कुड़वार की जमानत मंजूर कर ली है। आरोपी के वकील सौरभ तिवारी ने बताया आरोप था कि उसने आरोपी रजनीश को बचाने के लिए पुलिस टीम से हाथापाई व धक्का-मुक्की की थी। जिससे आरोपी मौके का फायदा उठाकर भाग गया था। कुड़वार थाने के दरोगा दिनेश यादव ने केस दर्ज कर आरोपी विवेक को जेल भेज दिया था।

राजफाश: पत्नी व उसके प्रेमी ने ही की थी महेश की हत्या

चांदा पुलिस की गिरफ्त में हत्यारोपी। ● अमृत विचार

अमृत विचार EXPOSE

संवाददाता, सुलतानपुर

- प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर दिया गया घटना को अंजाम

अमृत विचार: चांदा थाना क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। तीन बच्चों की मां ने प्रेम प्रसंग में बाधक बन रहे पति की प्रेमी के साथ मिल कर हत्या कर दी। फिर घटना से अनजान बनते हुए घर आ गई। सुबह जब उसके पति का शव मिला तो ऐसा रोने का नाटक किया कि किसी को विश्वास ही नहीं हो रहा था कि इसने ही पति की हत्या की है। जब पुलिस ने हत्या करने वालो का पर्दाफाश किया तो लोग सन्न रह गए।

गुरुवार की सुबह चांदा थाना क्षेत्र के किंदीपुर बाजार के समीप बाग में कयामुद्दीनपुर निवासी महेश 35 का गला कटा शव मिला था। सूचना पर पहुंचे चांदा कोतवाल अशोक कुमार सिंह ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से नमूने एकत्रित किए थे। मृतक के भाई गणेश की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। हत्या का खुलासा करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक अखण्ड प्रताप सिंह ने चार टीमें लगाई थीं। सर्विलांस के जरिए पुलिस ने गुरुवार को ही हत्यारों का पता लगाकर उन्हें हिरासत में ले लिया था। पूछताछ के बाद युवक की हत्या में उसकी पत्नी पूजा व उसके प्रेमी जय प्रकाश का नाम सामने आया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सीडीआर के अवलोकन, सर्विलांस व एसओजी की मदद से घटना का खुलासा हो पाया है। मृतक की पत्नी व उसके प्रेमी ने पहले से ही प्लानिंग कर बुधवार की रात मृतक महेश को अभियुक्त जय प्रकाश अपने साथ बाजार ले गया जहां उसे अधिक मात्रा में शराब पिलाई। इसके बाद जयप्रकाश मृतक को लेकर बाग में आया जहां उसने अपनी प्रेमिका व मृतक की पत्नी पूजा को फोन कर बुलाया। महेश शराब के नशे में था तभी जय प्रकाश ने मृतक का गला रेत दिया वहीं मृतक की पत्नी ने ईंट से सीने पर वार किया जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद दोनों अपने अपने घर चले गए। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू, ईंट व अभियुक्त की रक्तरंजीत शर्ट को बरामद कर न्यायालय भेजा जहां से दोनों को जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

लंपी बीमारी के प्रकोप से पशुपालक चिंतित

करौंदीकला, सुलतानपुर, अमृत विचार: क्षेत्र के कई गांवों में इन दिनों पशुओं में लंपी वायरस का प्रकोप तेजी से फैल रहा है। दर्जनों पशु इस बीमारी से ग्रसित बताए जा रहे हैं, जिससे पशुपालकों में भारी चिंता का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक न तो सरकार की ओर से कोई ठोस बचाव व्यवस्था की गई है और न ही आर्थिक मदद उपलब्ध कराई गई है।

बताया जा रहा है कि यह बीमारी वायरस जनित होने के कारण इसका प्रभावी उपचार संभव नहीं हो पाता है। ऐसे में संक्रमित पशुओं की मौत की आशंका भी बनी रहती है। पहाड़पुर कला गांव के पशुपालक फूलचंद मिश्रा, अमरीश मिश्र, ओमप्रकाश मिश्रा, श्यामधर मिश्रा सहित अन्य लोगों के पशु लंपी बीमारी से ग्रसित हैं।

पशु चिकित्साधिकारी डॉ. योगेश पांडेय ने बताया कि पहाड़पुर कला गांव में पशुओं को टीका लगाया गया है और अन्य गांवों में भी क्रमवार टीकाकरण कराया जा रहा है।.

जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी का निकला जुलूस

गोसाईगंज, सुलतानपुर

अमृत विचार: थाना क्षेत्र के द्वारिकागंज चौकी अंतर्गत भरथीपुर गांव में शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के मौके पर जुलूस-ए-मुहम्मदी बड़े अकीदत और शानो-शौकत के साथ निकाला गया। जुमे की नमाज के बाद दोपहर करीब 2 बजे मदरसा हमीदिया फुरकानिया से परचमकुशाई के साथ जुलूस का आगाज हुआ, जिसमें सैकड़ों अकीदतमंद शामिल हुए।

जुलूस के दौरान जगह-जगह स्वागत किया गया। नौजवानों ने नातिया कलाम पेश किए, वहीं कारी शाहनवाज इस्माइली ने इस्लाही बयान में पैगम्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद की सीरत पर रौशनी डालते हुए समाज से दहेज जैसी बुराइयों को मिटाने की अपील की। जामा मस्जिद भरथीपुर कमेटी की ओर से जुलूस के इंतजामात भव्य स्तर पर किए गए थे। इस अवसर पर हाजी मुनीर खां, पूर्व प्रधान मिर्जा सज्जन कमाल बेग, इदरीस रज़ा उर्फ गूडडू, सिराज पठान, निसार पठान, मो. साबिर पठान, मिर्जा सुहैल बेग, मिर्जा रेहान बेग, अकील पठान, मो. नफीस पठान सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

जुलूस-ए-मुहम्मदी में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

- सैकड़ों अकीदतमंदों की मौजूदगी में नातिया कलाम और इस्लाही बयान से गूंजा माहौल

बनकर तैयार अन्नपूर्णा भवन को है उद्घाटन का इंतजार

भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार: विकास खंड अंतर्गत असवा ग्राम पंचायत में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अन्नपूर्णा भवन बनकर तैयार हो गया है, लेकिन उद्घाटन न होने के कारण इसका उपयोग अब तक शुरू नहीं हो सका है। नतीजतन, यहां का राशन डीलर अभी भी अपने घर से ही वितरण कर रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि अन्नपूर्णा भवन का निर्माण गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी राशन वितरण सुनिश्चित करने के लिए किया गया था, ताकि लाभार्थियों को समय पर और व्यवस्थित ढंग से खाद्यान्न उपलब्ध हो सके। लेकिन हकीकत यह है कि भवन फिलहाल झाड़-झंखाड़ से घिरा पड़ा है और सरकारी योजना का उद्देश्य विफल हो रहा है।

प्रधान प्रतिनिधि अनिल कुमार तिवारी ने बताया कि संबंधित विभाग को पत्र भेजा गया है। जल्द ही भवन की साफ-सफाई कराकर इसका उद्घाटन कराया जाएगा और आगे से राशन वितरण का कार्य भवन से ही शुरू किया जाएगा।

- डीलर अब भी घर से कर रहा राशन वितरण, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

मजिस्ट्रेट के प्रतिनिधि को सौंपा मांगपत्र

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: शिक्षक दिवस पर शुक्रवार की दोपहर शिक्षामित्रों का समूह कलेक्ट्रेट पहुंचा, अवकाश के चलते उन्हें निराशा हाथ लगी। फिलहाल सीएम को संबोधित ज्ञापन मजिस्ट्रेट के प्रतिनिधि ने शिक्षामित्रों से लिया।

दिए गए ज्ञापन में शिक्षामित्रों ने बताया कि वह लोग 25 वर्षों से नियमित शिक्षण कार्य कर रहे हैं। 25 जुलाई 2017 को समायोजन रद होने के बाद शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। दस हजार के मानदेय में कैसे बुजुर्ग माता-पिता की देखभाल व बच्चों की पढ़ाई के साथ घर का खर्च चलाए। शिक्षामित्रों को आर्थिक संकट से उबारने के लिए आठ वर्ष बीत जाने के बाद भी उनके मानदेय में कोई वृद्धि नहीं हुई है। जबकि 2018 में नियुक्त अध्यापक को 42हजार तो शिक्षा मित्रों को दस हजार मिल रहा था। वर्ष 2025 में समान कार्य करने के बाद भी अध्यापक को 66 हजार मिल रहे हैं वहीं शिक्षा मित्र को अभी भी दस हजार ही मिल रहे हैं। शिक्षा मित्रों ने सीएम से सात मांगे पत्र के माध्यम से की है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार पांडेय, महामंत्री पवन कुमार सहित दर्जनों शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

कलेक्ट्रेट में मांगपत्र देने आए शिक्षा मित्र। ● अमृत विचार

- अवकाश के चलते निराश हुए,सीएम को संबोधित 7 सूत्रीय मांग पत्र देने कलेक्ट्रेट पहुंचे थे शिक्षामित्र

डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार: नगर पंचायत लंभुआ के विकास नगर वार्ड में विधान परिषद सदस्य शैलेंद्र प्रताप सिंह द्वारा शिक्षक दिवस पर जिले की पहली डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन किया, जिसका उद्देश्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र, छात्राओं को घर बैठे सुविधाएं प्रदान करना है। यह लाइब्रेरी छात्र छात्राओं को अपनी पढ़ाई में मदद करने के लिए आवश्यक सुविधाएं जैसे कंप्यूटर, वाई-फाई और ई-बुक्स प्रदान करेगी। इस मौके पर ईओ अमित सिंह, सभासद समेत तमाम गणमान्य लोग मौजूद रहे।

फाटक तोरै जौ नैना के बेदिया पै करै दुवारे चार

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: श्रीराम नगर कैथवारा बाग में शुक्रवार की शाम बुंदेलखंड की अमर वीर गाथाओं की अनूठी छटा बिखरी। ढोलक और मंजीरे की थाप पर आल्हा सम्राट सुभाष चंद्र शर्मा ने अपने साथियों संग नैनागढ़ की लड़ाई और आल्हा-सोनवा विवाह प्रसंग का ऐसा सजीव मंचन किया कि श्रोता वीर रस में डूब गए।

शुक्रवार को पवन सिंह के संयोजन मे आल्हा गायन में सोना विवाह, सोना गई अहां मडिया पै दर्शन करै शारदा माय, फाटक तोरे जे नैना का, बेदिया पै करै दुवारे कै चार, घुसे बाराती गढ़ महोबा के" जैसे रोचक प्रसंगों को जीवंत प्रस्तुत कर कलाकारों ने दर्शकों को देर तक मंत्रमुग्ध किया। वीर रस की इस प्रस्तुति ने लोगों को न केवल ऐतिहासिक परंपराओं से जोड़ा, बल्कि क्षेत्रीय लोक संस्कृति के महत्व का भी स्मरण कराया। गांव के बाग मे खुले मैदान में आल्हा प्रेमियों का भारी जमावड़ा रहा। प्रस्तुति के दौरान दर्शक तालियों से उत्साह के साथ कलाकारों का हौसला बढ़ाते रहे। वातावरण में वीर रस का ऐसा संचार हुआ कि देर शाम तक लोग झूमते रहे।

- नैनागढ़ की लड़ाई व आल्हा-सोनवा विवाह प्रसंग का किया मंचन

अमृत विचार एक संपूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र तारिक अंसारी का चाल चलन ठीक न होने और उसके गलत आचरण से क्षुब्ध होकर उसे अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके द्वारा किए गए कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। हमारा उससे कोई लेना देना नहीं है। **नफीस अहमद पुत्र इमाम बख्श नि. मोहल्ला मकनियापुरा महोबा, जि0 महोबा**

सूचना

मेरे आधार कार्ड में पिता का नाम पदम प्रकाश बागड़ी है, जबकि शैक्षिक अभिलेखों में पिता का नाम पदम बागड़ी अंकित है। पदम प्रकाश बागड़ी एवं पदम बागड़ी दोनों नाम मेरे पिता के ही है। **रोहित बागड़ी पुत्र श्री पदम प्रकाश बागड़ी निवासी 4/2, किराना बाजार, पुराना कोठा पार्चा, फर्रूखाबाद उ0प्र0**

सूचना

मैंने अपना नाम ABIDA ALI से बदलकर ABID ALI रख लिया है भविष्य में मुझे ABID ALI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O ABBASALEE R/O PURE LONIYAN ORIPUR, AMETHI

सूचना

मेरी छोटी पुत्री आत्मिका सिंह के पासपोर्ट में त्रुटिवश नाम आत्मिका दर्ज है जबकि आधार कार्ड में आत्मिका सिंह दर्ज है जो कि सही है, पासपोर्ट में आत्मिका सिंह दर्ज करना आवश्यक है। **मुकेश कुमार पुत्र प्रेमशंकर निवासी ए.165 आवास विकास कॉलोनी, थाना दही, जनपद उन्नाव।**

सूचना

मैंने अपना नाम SHAHIDA ALI से बदलकर SHAHID ALI रख लिया है भविष्य में मुझे SHAHID ALI के नाम से जाना व पहचाना जाये। S/O ABID ALI R/O PURE LONIYAN ORIPUR, AMETHI

सूचना

मैंने अपना नाम FAISAL AHMAD से बदलकर FAISHAL AHMAD रख लिया है भविष्य में मुझे FAISHAL AHMAD के नाम से जाना व पहचाना जाये S/O SAGIR AHMAD R/O C-628/89G GAZIPUR INDIRA NAGAR, LUCKNOW

सूचना

मेरी बड़ी पुत्री आंशिका सिंह के पासपोर्ट में त्रुटिवश नाम आंशिका दर्ज है जबकि आधार कार्ड में आंशिका सिंह दर्ज है जो कि सही है, पासपोर्ट में आंशिका सिंह दर्ज करना आवश्यक है। **मुकेश कुमार पुत्र प्रेमशंकर निवासी ए.165 आवास विकास कॉलोनी, थाना दही, जनपद उन्नाव।**

सूचना

मैं **सैय्यद अमीर हैदर रिजवी पुत्र रजा अब्बास, निवासी- ग्राम अब्दुल्लाहपुर शहजादपुर अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर,** मेरे पिता का वास्तविक नाम RAZA ABBAS है। जबकि मेरे हाईस्कूल अंकपत्र सन 2021 अनुक्रमांक 23102887 में पिता का नाम SAYED RAZA ABBAS RIZVI है। जो त्रुटिपूर्ण है। अतः मेरे हाईस्कूल अंकपत्र में पिता का नाम SAYED RAZA ABBAS RIZVI के स्थान पर RAZA ABBAS अंकित किया जाय।

जनप्रतिनिधियों ने निःशुल्क कोचिंग सेंटर के शिक्षकों को किया सम्मानित

मोतिगरपुर, सुलतानपुर, अमृत विचार: जनप्रतिनिधियों ने शिक्षक अरुण कुमार प्रजापति के निःशुल्क कोचिंग सेंटर पर पहुंचकर शिक्षकों को सम्मानित किया।

घूरीपुर गांव में स्थित निश्शुल्क कोचिंग सेंटर पर कार्यक्रम में प्रधान प्रेम नारायण माली, रंजीत वर्मा, प्रेमसागर वर्मा, नीलकमल, दिनेश कुमार व पूर्व प्रधान विनय कुमार, रणधीर सिंह ने गोरसरा गांव में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय कैथाना के शिक्षकों अरुण कुमार प्रजापति, नरेंद्र प्रताप वर्मा, विनय कुमार विश्वकर्मा, ज्ञानेंद्र सिंह, इंद्रेश कुमार, संतोष कुमार को सावित्री बाई फुले का चित्र देकर अंग वस्त्र ओढ़ाकर शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किया।

बताते चलें कि शिक्षक अरुण कुमार उच्च प्राथमिक विद्यालय में पठन पाठन के बाद रोजाना दर्जनों गांवों के बच्चों को निश्शुल्क शिक्षा घूरीपुर गांव में एक किराए के कमरे में दो घंटे देते हैं। जिससे बच्चे कई जगहों पर कंपटीशन में परीक्षा देकर उत्तीर्ण भी हो चुके हैं, और आगे की पढ़ाई में लगे हैं। गांव के शिव प्रसाद, डा. विजय कुमार, प्रेमनाथ सिंह मौजूद रहे।

आयोजन

प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने दिया संघर्ष और एकजुटता का संदेश

50 सेवानिवृत्त शिक्षकों का किया गया सम्मान

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को जनपद मुख्यालय पर शिक्षक दिवस एवं सेवानिवृत शिक्षकों का भव्य सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुआ। इस अवसर पर जिले के विभिन्न ब्लॉकों से सेवानिवृत हुए 50 शिक्षकों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

सम्मानित शिक्षकों में कूरेभार से शेषनाथ सिंह, जयसिंहपुर से मुख्तार अहमद, नगर क्षेत्र से कविता कुमारी, मोतिगरपुर से हरिश्चंद्र शर्मा, कमैचा से शिताबी देवी, दोस्तपुर से चांपा देवी, अखंडनगर से इंद्रसेन सिंह, लंभुआ से राकेश सिंह, धनपतगंज से चंद्रभान मिश्र, दुबेपुर से सलीम, कालीन्दी सिंह, नियाज अली अहमद और सरोज देवी, कादीपुर से बैजनाथ यादव, कुड़वार से सतीशचंद्र मिश्र तथा करौंदीकला से बब्बनपति विश्वकर्मा प्रमुख रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष विनय तिवारी ने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि सेवानिवृत साथियों ने कठिन परिस्थितियों में शिक्षा की मशाल जलाए रखी, जो भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि संघ शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्ष करता रहेगा और सरकार के काले कानूनों के विरुद्ध मजबूती से खड़ा रहेगा।

इस मौके पर महेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष गोंडा, बलवंत सिंह जिला संयुक्त मंत्री, अशोक सिंह, अमेठी से जिला संयोजक वैश्वणी नंदन शुक्ला, सहसंयोजक प्रशांत सिंह, जूनियर शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष देवेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय सिंह आदि मौजूद रहे।

प्राथमिक शिक्षक संघ ने 50 सेवानिवृत्त शिक्षकों को किया सम्मानित। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

भाइयों के संघर्ष में एक को चाकू से गोदा

कटरा बाजार, गोंडा : थाना क्षेत्र के नरायनपुर कला गांव में जमीन विवाद की रंजिश को लेकर दो चचेरे भाइयों में देर रात खूनी संघर्ष हो गया। एक युवक पर उसके चचेरे भाई ने ही चाकू से ताबड़तोड़ वार किया गया। घायल युवक को इलाज के लिए सीएचसी कटरा बाजार ले गए जहां चिकित्सक ने हालात गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय गोण्डा रेफर कर दिया। कमाली निवासी नरायनपुर कला ने बताया कि उनके पुत्र नौशाद उर्फ इल्ला (35) देर रात करीब साढ़े दस बजे आटा चक्की से अपने घर आ रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे इशरत अली पुत्र तजम्मुल ने उस पर जान से मारने की नियत से पेट और गर्दन पर कई वार किए। कमाली के अनुसार चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया। गांव के चौकीदार ने घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

पीएचसी पर डॉ. जितेंद्र की हुई तैनाती

रुपईडीह, अमृत विचार : दो माह पहले से रिक्त चल रहे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह के चिकित्साधिकारी पद पर डॉ. जितेंद्र कुमार मिश्र ने कार्यभार ग्रहण कर लिया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुपईडीह खरगूपुर के चिकित्साधीक्षक डॉ अजय कुमार यादव ने बताया कि यहां पर तैनात चिकित्साधिकारी डा वीर बहादुर सिंह को दो माह पहले तत्कालीन जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा उनका स्थानांतरण राजकीय टीबी क्लीनिक कर दिया गया था। तभी से यहां का पद रिक्त चल रहा था।

घाघरा में समाई कई बीघा जमीन हजारों लोग बेघर, फसलें हुईं तबाह

सितंबर में आई असमय बाढ़ से बढ़ा संकट, नवाबगंज-ढेमवा घाट मार्ग पूरी तरह ठप

नाव से पशुओं के चारे की व्यवस्था करते ग्रामीण। अमृत विचार

ढेमवा घाट मार्ग पर स्टीमर से जाते राहगीर। अमृत विचार

चिंता

अमृत विचार टीम, गोंडा

सरयू, शारदा और बनबसा बैराजों से छोड़े गए 10 लाख लीटर पानी ने पिछले चार दिनों से कछार वासियों को बेचैन कर दिया है। सैकड़ों लोग पलायन कर चुके हैं। हजारों बीघे फसल नष्ट हो गई है। खाने व चारे का संकट उत्पन्न हो गया है। मार्गों पर पानी का बहाव हो गया है। सड़कें कट कर नदी में समाहित हो चुकी हैं। कई बीघे जमीन को घाघरा ने निगल लिया है। हजारों लोग अब खानाबदोश जिंदगी जीने को मजबूर हैं। करनैलगंज, उमरी व नवाबगंज के रिपोर्टर ने ग्राउंड जीरो पर जाकर देखा की बाढ़ पीड़ित कैसे संघर्ष कर रहे हैं।

करनैलगंज तहसील व तरबगंज तहसील में बाढ़ की त्रासदी झेल रहे ग्रामीणों को एक वक्त का भोजन पाने के लिए दौड़ लगानी पड़ती है। कहीं चूके तो सरकारी अमला भोजन वितरित कर वापस हो जाता है। ऐसे में बड़े तो समय गुजार लेते हैं पर बच्चे भूख से बिलखते दिखे। करनैलगंज के नकहरा गांव के कई मजरे पानी में डूबे हैं। बाराबंकी के परसावल समेत अन्य गांव भी चपेट में हैं। हालांकि प्रशासन इन्हें हर संभव मदद पहुंचाने में लगा है। तरबगंज तहसील के 14 गांव में बाढ़ का सितम जारी है। पानी घरों में घुसने से जनजीवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त हो चुका है। पशुओं का चारा बर्बाद होने से पशुपालक अपने मवेशियों के साथ सुरक्षित स्थान की तरफ चले गए हैं। धान की फसलें डूब कर बर्बाद हो गई हैं। चारों तरफ बर्बादी का मंजर दिख रहा है। लोगों के घरों में पानी घुस जाने से भोजन बनाने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। ईंधन भीग गया है। चारों तरफ पानी ही पानी है। भीषण बाढ़ ने सबके अरमानों पर पानी फेर दिया है। अपनी फसलों को लेकर चिंतित दिख रहे हैं। फिलहाल प्रशासन की तरफ से आवागमन के लिए नाव भोजन के लिए लंच पैकेट का वितरण किया जा रहा है। तरबगंज तहसील के ऐली परसौली, गढ़ी, परास, बहादुरपुर, जबरनगर, पलिया चरोठा साखीपुर तुलसीपुर ब्योंदा माझा सहित 14 गांव बाढ़ की चपेट में हैं और करीब 16500 आबादी और 2500 हेक्टेयर क्षेत्रफल प्रभावित है। जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव, तहसीलदार तरबगंज आशुतोष पांडे ने बाढ़ क्षेत्र का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। नवाबगंज के माझा क्षेत्र के आधा दर्जन गांवों में बाढ़ का पानी अब तक खेत, खलिहान और आबादी तक पहुंच चुका है। सबसे अधिक परेशानी पशुओं के चारे को लेकर है। प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्रों में 15 नावें और एक स्टीमर भेजे हैं। जरूरत पड़ने पर और नावें उपलब्ध कराई जाएंगी। क्षेत्र के ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ के बावजूद पशु टीकाकरण नहीं हुआ है। तुलसीपुर, साकीपुर और ब्योंदा माझा में टीकाकरण केवल कागजों में दर्ज है। बाढ़ से ब्यौंदा, दत्तनगर, साकीपुर, गोकुला, तुलसीपूर, जैतपुर, माझा राठ, दुल्लापुर, कटरा भोगचन्द, दुर्गागंज और महेशपुर आदि गांव प्रभावित हैं। ढेमवा रोड के बाईपास और कई पक्की सड़कें जलमग्न होने से आवागमन ठप्प हो गया है। अब लोग केवल नाव के सहारे ही सुरक्षित स्थान तक पहुंच पा रहे हैं। खेतों में जलभराव से धान और गन्ने की फसल गलने लगी है। कई प्राथमिक विद्यालयों में पढ़ाई-लिखाई बंद है।

युवक को लाठी डंडों से पीटकर किया लहूलुहान

नवाबगंज, गोंडा: शुक्रवार की सुबह सिरसा निवासी चंदन सिंह पर दबंगों ने हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई पिटाई में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। चंदन ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि टहलने के दौरान थाना क्षेत्र के हरिहरपुर गांव निवासी दयाराम, शोभापुर गांव निवासी शेषराम और दो अज्ञात युवक वहां पहुंचे और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। हमले में चंदन के सिर से खून बहने लगा और गंभीर चोटें आईं। आरोपियों ने धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना अध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। कार्रवाई की जा रही है।

वृद्धाश्रम में महिलाओं का हाल जानतीं महिला आयोग की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान।

महिला आयोग की अध्यक्ष को किया सम्मानित

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : महिला आयोग उत्तर प्रदेश की अध्यक्ष बबिता सिंह चौहान का लायंस क्लब गोण्डा अवध के सदस्यों ने सम्मानित किया। अध्यक्ष ने जेल निरीक्षण किया। इस दौरान महिला कैदियों के स्किल डेवलपमेंट पर चर्चा की गयी। लायंस क्लब गोण्डा अवध की ओर से महिला कैदियों के लिए 2 सिलाई मशीन गांधी जयंती के अवसर पर देने की घोषणा की गई। बबिता सिंह चौहान ने पौधरोपण किया। एक पेड़ लायन सुदेश मोहन की स्मृति में लगाया। इसके बाद वृद्धा आश्रम में लायंस क्लब गोण्डा अवध की ओर से आयोजित नेत्र परीक्षण शिविर में वृद्ध जनों को चश्मा वितरित किया। कार्यक्रम संयोजक क्लब निदेशक लायन दिलीप सिंह ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में लायंस क्लब इंटरनेशनल पूरे दुनिया में दिन-रात सेवा कार्य और अपने से कम भाग्यशाली लोगों की मदद कर रहा है। कार्यक्रम में रमेश सिंह, अध्यक्ष डॉ अनीता मिश्रा अध्यक्ष प्रेरणा क्लब, डॉक्टर पुण्योदय मिश्रा, अनीता सिंह, अनिल अग्रवाल, सुनील नेवटिया, उदय गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

शिक्षिका को पौधा देकर किया सम्मानित

संवाददाता परसपुर, गोंडा

शिक्षक दिवस पर शिक्षिका को सम्मानित करतीं अनामिका बहन। अमृत विचार

अमृत विचार: प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विवि परसपुर सेवा केंद्र में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने राजयोग शिक्षिका ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहन को विभिन्न प्रकार के पौधों को सौगात के रूप में देकर सम्मानित किया। वहीं ब्रह्मा कुमारी अनामिका बहन ने कहा जीवन की पाठशाला में हम सभी शिक्षक भी हैं तो विद्यार्थी भी। जहां हम एकदूसरे की गलतियों और अनुभवों से सीखते हैं। अगर हमें शिक्षा अपने से छोटे लोगों से भी मिले तो उसे स्वीकार करना चाहिए। हम जहां भी हों, चाहे किसी संस्था में हों, परिवार में हों या कार्यालय में, हम कुछ न कुछ सीखते रहते हैं, चाहे वह अच्छा हो या बुरा। शिक्षा देने की सही प्रक्रिया यही है कि हम बोलकर नहीं, बल्कि अपने आचरण से सिखाएं। शिक्षा लेने की सही प्रक्रिया यही है कि हम दूसरों की गलतियों से सीखें, गलतियां करके नहीं। अगर ऐसा है, तो हम एक अच्छे (दिव्य) समाज का निर्माण कर सकते हैं।

उक्त अवसर पर बी.के. डा सुरेश चंद्र तिवारी, राधेश्याम मिश्रा कमला प्रसाद सिंह, अनूप सिंह, मिथलेश सिंह, पूनम चतुर्वेदी, उमा, लक्ष्मी, बबिता, मन्ना, आशा, प्रभा आदि मौजूद रहीं।

कांवड़ यात्रा में योगदान देने वाले पुलिसकर्मी किए गए सम्मानित। अमृत विचार

सरयू घाट पर स्वागत एवं सम्मान समारोह संपन्न

करनैलगंज, अमृत विचार : हाल ही में सम्पन्न कजरीतीज कांवड़ मेले में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले पुलिस, प्रशासनिक अधिकारियों, पत्रकारों, सफाई कर्मियों तथा अन्य सामाज सेवियों को सम्मानित किया गया। नमो नमो क्रांति फाउंडेशन के तत्वावधान में सरयू घाट पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। हर वर्ष की भांति इस बार भी सरयू घाट से विशाल कांवड़ यात्रा के रूप में कजरी तीज बोल बम मेला आयोजित हुआ, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मेले को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न कराने में पुलिस, वन विभाग, नगर निकाय एवं मीडिया की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम में विशेष रूप से सीओ बहराइच हर्षिता तिवारी, कर्नलगंज थाना प्रभारी तेज प्रताप सिंह, वन विभाग दरोगा अशोक पाण्डेय तथा सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया।

गन्ने की फसल का किया निरीक्षण

गोंडा, अमृत विचार: बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज की एग्जीक्यूटिव असिस्टेंट साक्षी गिनोडिया ने बजाज चीनी मिल, कुन्दरखी परिक्षेत्र गोंडा का दो दिवसीय प्लांट भ्रमण एवं कृषकों के प्लाटों में बोई गई गन्ने की फसलों का भ्रमण किया। उन्होंने इकाई प्रमुख पी.एन. सिंह व वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना डा. अनिल कुमार त्रिपाठी के साथ फील्ड में भी जाकर गन्ने की खड़ी फसलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारखाने के सभी विभागाध्यक्षों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर आगामी पेराई सत्र 2025-26 हेतु महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर जरूरी दिशा-निर्देश दिया।

ईद मिलादुन्नबी का निकाला जुलूस, बांटीं खुशियां

संवाददाता खरगूपुर, गोंडा

खरगूपुर बाजार में जुलूस निकालते मुस्लिम समाज के लोग। अमृत विचार

आर्यनगर में जुलूस निकालते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइस के अवसर पर शुक्रवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस स्थानीय कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गाजे बाजे के साथ निकाला गया। जुलूस में मक्का एवं मदीना सहित अन्य इस्लाम धर्म के पवित्र स्थानों की झांकियों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। इस्लाम धर्म के संस्थापक पैगंबर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी का जुलूस मोहल्ला पुरानी बाजार, चिकवा बधिया, बस स्टॉप, मस्जिदिया, इमिलिया से निकलकर गांधी चौराहा होते हुए नगर के विभिन्न स्थानों से गुजरा। प्रेम एवं भाईचारा व शांति के प्रतीक मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर मस्जिदों, मकानों एवं कस्बे को आकर्षक लाइटों से सजाया गया था। वहीं अकीकतमंदों ने मस्जिदों एवं घरों में विशेष इबादत की। जुलूस के दौरान लोगों ने कई स्थानों पर मिष्ठान एवं फल आदि का वितरण किया। जुलूस में मौलाना मोहम्मद कलाम, हाफिज लियाकत अली, कारी सलीम, शमशेर अली, मोहम्मद हुसैन, फिरोज अहमद सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। सुरक्षा के लिए थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, वरिष्ट उपनिरीक्षक पंकज कुमार सहित कई उपनिरीक्षक एवं महिला व पुरुष आरक्षी मौजूद रहे। वहीं कौड़िया के कस्बा आर्यनगर, बनगाई, रुकमंगतपुर, कोचवा, भैरमपुर, कौड़िया बाजार, मंगलनगर, रामापुर, दुबहा बाजार, सेहरिया कलां, पैड़ीबरा आदि गांवों मे लोगों ने मस्जिद, घर व रास्तों की सजावट कर खुशी का इजहार किया। बनगाई गांव में मौलाना शाकिर अली की सरपरस्ती में रजा-ए-मुस्तफा कमेटी के अध्यक्ष शमशेर, उपाध्यक्ष अनीस व खजांची मौलाना नईम ने मस्जिद मे मिलाद कार्यक्रम आयोजित कर लोगों का अभिवादन किया। जिसमें बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत किया। विशेष साज सज्जा किये हुए बैनर व झंडे लहराते हुये जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाला गया, जिसमें सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

महिला शिक्षक को सम्मानित करतीं मारवाड़ी समाज की महिलाएं। अमृत विचार

मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा ने शिक्षिकाओं का किया सम्मान

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा द्वारा बड़गांव पुलिस चौकी के पास स्थित ड्रीम वर्ल्ड स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने कविता पाठ, नृत्य, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षकों का सम्मान किया। प्रधानाचार्या शालिनी श्रीवास्तव, शिक्षिका ममता अग्रवाल,सविता सिंह, अमित कुमार, शालिनी अग्रवाल आदि को दुपट्टा पहना कर स्मृति चिन्ह और पेन, डायरी भेंट स्वरूप देकर आभार प्रकट किया गया। मंच की सदस्य एवं शिक्षिका श्रेया माहेश्वरी, शालिनी अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल एवं वर्तिका सोमानी को भी सम्मानित किया गया। मारवाड़ी युवा मंच देवीपाटन महिला शाखा की अध्यक्षा अनिता मनीरामका ने कहा बच्चों की प्रस्तुतियां एवं सदस्यों के प्रेरणा दायी शब्द इस कार्यक्रम के खास झलक बनी रही और तो और यह सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि शिक्षकों के प्रति आभार एवं गुरु शिष्य परंपरा को सशक्त बनाने का अवसर प्राप्त होता है। इस मौके पर नीलम जैन,पिंकी नहारिया, सोनम अग्रवाल, ज्योति गर्ग, निहारिका तुलस्यान, श्रेया, शालिनी अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

गांव में बनी सीसी रोड। अमृत विचार

मेधावी छात्रा के घर तक बनाई गई सीसी रोड

रुपईडीह, गोंडा, अमृत विचार : बहराइच मार्ग से पार्वती देवी इंटर कॉलेज आर्य नगर को जाने वाली सड़क पर चार साल से गमनागमन की समस्या को देखते हुए रुपईडीह के बीडीओ सत्य प्रकाश पांडेय की पहल पर सड़क निर्माण कार्य पूरा हो गया है। कस्बा आर्यनगर में संचालित पार्वती देवी इंटर कॉलेज में अध्ययनरत छात्रा मुस्कान शुक्ल ने 2022 मे इंटर की बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम व प्रदेश मे छठवां स्थान प्राप्त किया था। छात्रा की इस उपलब्धि पर जिला प्रशासन ने विद्यालय तक जाने वाले कच्चे मार्ग पर आरसीसी सड़क का निर्माण कराए जाने का आश्वासन दिया गया था। विद्यालय के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार राव व प्रधानाचार्य सुशील तिवारी ने कुछ दिन पहले अधिकारी से आवागमन की समस्या को लेकर सड़क निर्माण कराये जाने की मांग की। बीडीओ ने सड़क निर्माण का आश्वासन दिया। उनके इस पहल से गोंडा-बहराइच मुख्य मार्ग से विद्यालय को जाने वाली सीसी सड़क का मनरेगा के तहत नौ लाख की लागत से 230 मीटर सड़क का निर्माण कराया गया है।

गोंडा डायरी

साइबर क्राइम के बारे में जानकारी देते एएसपी। अमृत विचार

साइबर अपराध की रोकथाम को लेकर प्रशिक्षण आयोजित

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : एएसपी पूर्वी मनोज रावत के नेतृत्व में रिज़र्व पुलिस लाइन में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र द्वारा थाना कनेक्ट प्रशिक्षण सत्र आयोजित हुआ। प्रशिक्षण सत्र में जिले के विभिन्न थानों से आए पुलिस अधिकारियों को साइबर अपराध की रोकथाम संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में साइबर अपराध की बढ़ती प्रवृत्तियों, शिकायत पंजीकरण हेतु विभिन्न ऑनलाइन पोर्टलों के उपयोग, साइबर अपराध से संबंधित प्रचलित कानूनों की जानकारी तथा जांच, कार्यवाही में अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रैक्टिस पर चर्चा की गई।ऑनलाइन माध्यम से आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य पुलिसकर्मियों को नवीनतम साइबर अपराध तकनीकों,शिकायतों के त्वरित निस्तारण एवं पीड़ितों को शीघ्र राहत प्रदान करने के उपायों से अवगत कराना था।

भोपाल में संदिग्ध हालात में नवाबगंज के युवक की मौत, मचा कोहराम

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : नवाबगंज थाना क्षेत्र के खडौवा गांव निवासी युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, सुदीप चौहान (पुत्र मुन्ना चौहान) करीब चार माह पहले मध्य प्रदेश के भोपाल जिले में मजदूरी करने गया था। बताया जाता है कि गुरुवार की रात खाना खाकर सोया और शुक्रवार सुबह उठा ही नहीं। सुबह करीब आठ बजे गांव के ठेकेदार राम सजीवन ने युवक की मौत की सूचना परिजनों को दी। सूचना मिलते ही घर-परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के पिता मुन्ना चौहान चंडीगढ़ में पीओपी का कार्य करते हैं और घटना के समय घर पर मौजूद नहीं थे। बेटे की मौत की खबर पाकर वे तुरंत घर के लिए रवाना हो गए। परिजनों ने बताया कि ठेकेदार राम सजीवन बेटे का शव लेकर गांव आ रहे हैं। परिवार में एकमात्र बहन रोली चौहान है।

बिना हेलमेट पेट्रोल न देने का आदेश हुआ हवा-हवाई

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : प्रशासन और जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के निर्देश पर एक सितंबर से जिले में "नो हेलमेट, नो पेट्रोल" अभियान शुरू किया गया है। आदेश के मुताबिक पेट्रोल पंपों पर बिना हेलमेट पहुंचे दोपहिया वाहन चालकों को ईंधन नहीं दिया जाना चाहिए। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। शुक्रवार को कस्बे के जेडी पेट्रोल पंप, सरफराज सिंह पेट्रोल पंप और गोंडा रोड स्थित नंदू पेट्रोल पंप पर बिना हेलमेट बाइक सवारों को धड़ल्ले से पेट्रोल दिया जाता देखा गया। आदेश की खुलेआम धज्जियां उड़ती रहीं और पंप कर्मचारी भी बेखौफ दिखे।कोरम पूर्ती के नाम पर पेट्रोल पंप संचालकों ने पेट्रोल पंप पर नो हेलमेट नो पेट्रोल की होर्डिंग लगा रखी हैं।

सरकार की आमद मरहबा से गूंजा करनैलगंज

करनैलगंज, अमृत विचार : बारावफात के मौके पर नगर में जश्ने ईद मिलादुन्नबी अक़ीदत से मनाया गया। सकरौरा चौराहे पर बना तोरण द्वार जगमगाती रोशनी से लोगों का ध्यान आकर्षित करता रहा। बस स्टॉप तिराहा से नई बाजार यतीमखाना चौराहे तक रंगबिरंगी झालरों व गुब्बारों से शहर को सजाया गया। सकरौरा से खलीफा मस्जिद व सुक्खापुरवा से अस्पताल तक इलाके को रौशन करने को लाइट्स लगाई गई थी। रात्रि में आयोजित महफिले शमा में उलेमाओं ने कुरआन की आयतें व पैग़म्बर हज़रत मोहम्मद साहब के विचारों को साझा किया। मोहम्मदी जुलूस व मिलादुन्नबी का जश्न धूमधाम से मनाया गया। घंटाघर स्थित डॉक्टर हलीम की दुकान पर आयोजित कार्यक्रम में क़ारी मासूम रज़ा की नाते-पाक से शुरुआत हुई और फिर हाजी शोएबुल अलीम बाक़ई की निगरानी में मोहम्मद साहब की जीवनी और उनके पैग़ामों को प्रस्तुत किया गया। उधर, गौरा चौकी बाजार से कस्बा में कदमें रसूले तक जाने वाली जुलूस ए मोहम्मदी में पुलिस प्रशासन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह मौजूद रही। क्षेत्र के मरकजी मदरसा कस्बा खास व गौरा चौकी मरकज रजा जामा मस्जिद चौराहे पर जमा होते रहे। दोपहर बाद जुलूस ए मोहम्मदी गौरा चौकी चौराहे से कस्बा खास में कदमें रसूले पाक तक शांति पूर्वक ढंग से निकाला गया।

सर्पदंश से किशोरी की मौत

रुपईडीह, गोंडा : दोपहर बाद घास काटने गई खरगूपुर के भोलाजोत चौहान पुरवा गांव की एक किशोरी की सर्पदंश मौत हो गई। बताया जाता है कि गांव निवासी गणेश की पुत्री रूबी (16) गुरुवार को खेत में घास काटने गई थी। तभी उसे जहरीले सांप ने काट लिया। घर वाले उपचार के उसे पयागपुर ले गये, लेकिन हालत ठीक न होने पर जिला चिकित्सालय मे भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान शुक्रवार को सुबह उसकी मौत हो गई। प्रधान कुणाल बाबा ने बताया कि मृतका के पिता लुधियाना में राजगीर मिस्त्री का कार्य करते हैं। उन्होंने बताया वह दो भाई व चार बहन है। कोतवाली नगर की पुलिस द्वारा शव को परीक्षण के लिए भेज दिया गया है।

गांव में लगी चौपाल, सुनीं समस्याएं

रुपईडीह, अमृत विचार : ग्राम चौपाल कार्यक्रम के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत लाल नगर के प्रधान रामचरित की देखरेख में पंचायत भवन पर चौपाल आयोजित की गई। पंचायत सचिव प्रदीप कुमार ने बताया कि इस चौपाल में ग्रामीणों की समस्याओं की सुनवाई की गई। आवास की मांग को लेकर दो शिकायतें आई। इन दोनों शिकायतों को मौके पर ही निस्तारित कर दिया गया। शेष शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी निर्देशित किए गए। इस मौके पर हरिप्रसाद, दिनेश मिश्र, अमृतलाल आदि उपस्थित रहे।

18 केंद्रों पर 29184 परीक्षार्थी होंगे शामिल

पीईटी परीक्षा आज से

गोंडा कार्यालय

पीईटी परीक्षा को लेकर तैयारी बैठक करतीं डीएम प्रियंका निरंजन। अमृत विचार

अमृत विचार: प्रारंभिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) - 2025 छह व सात सितंबर को होगी। इसके लिए 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 29184 परीक्षार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। तैयारी के संबंध में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने अधिकारियों के साथ बैठक कर परीक्षा सुचारु, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से कराने पर मंथन किया।

डीएम ने केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, डेस्क की स्थिति तथा सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण की व्यवस्था पूर्व में ही कर ली जाए। सभी केंद्रों पर परीक्षा दिवस से पहले ही ब्रीफिंग कर ली जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। पुलिस को परीक्षा के दौरान व्यवस्था बनाए रखने को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। परीक्षा के दिन अभ्यर्थियों को समय से केंद्र तक पहुंचने में कोई परेशानी न हो, इसके लिए पर्याप्त सार्वजनिक परिवहन की व्यवस्था की जाए। साथ ही मेडिकल टीम को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए ताकि किसी आपात स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान की जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ रामचंद्र ने बताया कि यह परीक्षा 6 व 7 सितंबर को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी। इसके लिए कुल 18 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिसमें 29184 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

अमृत विचार अयोध्या, शनिवार,6 सितंबर 2025

न्यूज ब्रीफ

13 बीएलओ के खिलाफ होगी कार्रवाई

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : पंचायत चुनाव के कार्यों से अनुपस्थित रहने वाले बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) पर प्रशासन सख्त हो गया है। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने ऐसे सभी बीएलओ पर सख्त कार्रवाई के आदेश जारी किए हैं, जिन्होंने अपनी ड्यूटी से दूरी बनाई हुई है। उपजिलाधिकारी पयागपुर ने ऐसे बीएलओ के खिलाफ कार्यवाही के आदेश दिए है जिनकी ड्यूटी पंचायत निर्वाचन में लगाई गई है लेकिन उन्होंने अभी तक अपनी ड्यूटी प्राप्त नहीं की है। विकासखण्ड पयागपुर के 6 और विकासखंड विशेश्वरगंज के 7 कर्मचारियों के द्वारा अभी तक निर्वाचन सामग्री नहीं प्राप्त की गई है। एसडीएम ने बताया यह लापरवाही अत्यंत गंभीर है। निर्वाचन आयोग के स्पष्ट निर्देश है कि सभी बीएलओ समय से निर्वाचन सामग्री प्राप्त कर निर्धारित दायित्वो का निर्वहन करें। जो लोग ऐसा नही करते है ऐसे लोगो के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में चार बंदरों की मौत

पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार : पयागपुर क्षेत्र अंतर्गत सरयू नहर खंड-5 सेवढा गांव के बाहर नहर पटरी पर शुक्रवार सुबह ग्रामीणों ने चार बंदरों के शव देखे। इसकी सूचना वन विभाग और स्थानीय चौकी खुटेहना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। प्रधान बराती लाल वर्मा ने बताया कि नहर पटरी के किनारे चार बंदर मृत मिले। उनके पास मिठाई रखी थी। इससे प्रतीत होता है कि किसी ने जहर दिया है। पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि पोस्टमार्टम किया जा चुका है। रिपोर्ट आने पर वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेगा।

छात्रों के भविष्य का निर्माण करते हैं शिक्षक : एसपी

विभिन्न विद्यालयों में धूमधाम से मनाया गया शिक्षक दिवस, कार्यक्रमों में सम्मानित किये गये गुरुजन

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने एम्स इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। एसपी ने कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण करते हैं।

पुरैनाबाजार : भवानी प्रसाद मिश्र जटाशंकर महाविद्यालय, विशेश्वरगंज में शिक्षक दिवस मनाया गया । अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार शुक्ल ने की। इस अवसर पर प्रबंधक ओमप्रकाश मिश्र, मोहन चन्द्र पाण्डेय, दीपक मिश्र, पंकज तिवारी, राजेश चौहान, गौरी शंकर त्रिपाठी और राजकुमार चौहान सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। संचालन मोहन चन्द्र पाण्डेय ने किया। शिक्षकों ने छात्रों को नैतिक मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी।

शिक्षकों को सम्मानित करते पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह। ● अमृत विचार

शिक्षक ही छात्र को बनाते हैं अच्छा नागरिक

बहराइच, अमृत विचार : ठाकुर भगौती सिंह किसान इंटर कॉलेज में शिक्षक दिवस धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय के संस्थापक सेनानी की प्रतिमा पर प्रबंधक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण पाल मिश्र, डॉ. अवधेश कुमार शर्मा, शेषनारायण यादव, पवन कुमार सिंह, ओम प्रकाश अवस्थी संजय कुमार राव एवं सेवानिवृत्त शिक्षक जगदीश सिंह ने कहा कि शिक्षक ही छात्र को अच्छा नागरिक बनाते हैं। सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शिव प्रसाद, वरिष्ठ शिक्षक जगदीश सिंह, चक्रधर वर्मा, विनोद कुमार सिंह तथा शिक्षणेतर कर्मचारी कल्लू और गंगाराम को सम्मानित किया गया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मानित किये गये शिक्षक। ● अमृत विचार

100 से अधिक शिक्षक किये गये सम्मानित

खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार : मां पार्वती देवी इंटर कॉलेज बरदहा में शिक्षक दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मां पार्वती देवी इंटर कॉलेज बरदहा कला, सरस्वती विद्या मंदिर बरदहा बाजार, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बेहडा और सरस्वती विद्या मंदिर लौकिहा शिवपुर के शिक्षक मौजूद रहे। प्रबंधक घनश्याम सिंह चौहान और प्रधान बरदहा कला की उपस्थिति में 100 से अधिक शिक्षकों का सम्मान किया गया। हृदय नारायण श्रीवास्तव ने शिक्षक के गुणों पर चर्चा की। विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य अनुपम कुमार मिश्र, अनिल कुमार वर्मा, दिनेश कुमार पांडे और अयोध्या प्रसाद मिश्र आदि मौजूद रहे। संचालन तेज कुमार शुक्ला ने किया।

चोरी की वारदात का खुलासा, 4 गिरफ्तार

संवाददाता, बहराइच

- चोरी का माल बरामद, सीतापुर के रहने वाले हैं चारों आरोपी

अमृत विचार : कोतवाली देहात पुलिस ने चोरी की वारदात का खुलासा कर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से चोरी का सामान व नकदी भी बरामद की गयी है। चारों शातिर सीतापुर के रहने वाले हैं पुलिस ने चोरों को जेल भेज दिया।

कोतवाली देहात क्षेत्र के मोहल्ला झुडिया सरस्वतीनगर निवासी जगराम ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। अपनी तहरीर में जगराम ने बताया था कि उसके घर में घुसकर चोरों ने 21 हजार रुपये की नकदी और गहने चोरी कर लिये हैं। प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि जगराम की तहरीर पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीम लगाई गई थी। मुखबिर की सूचना पर गुरुवार की शाम नानपारा बाईपास के किनारे त्रिमुहानीघाट तिराहे से आरोपी सुरेश पासी निवासी मोहल्ला नवाबगंज थाना तंबौर जनपद सीतापुर, अरबाज अली, प्रशान्त रस्तोगी निवासी बेहटा थाना तंबौर जनपद सीतापुर, सुशील गुप्ता निवासी मूडीखेड़ा थाना लहरपुर जनपद सीतापुर को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से चोरी की गई नकदी और गहने बरामद किये गये हैं।

पूछताछ में चोरों ने स्वीकार किया कि उन लोगों ने मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सभी शातिर चोर हैं। अन्य थानों में उनके खिलाफ कई गंभीर मामले दर्ज हैं।

सम्मानित किये गये रिटायर शिक्षक

संवाददाता, पयागपुर, बहराइच

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मना शिक्षक दिवस

नानपारा, बहराइच, अमृत विचार : रामनारायण मद्धेशिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिरमें शिक्षक दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि विधायक रामनिवास वर्मा व विशिष्ट अतिथि जिला प्रचारक अजय रहे। प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने अतिथियों का परिचय कराया। नगर संघ चालक गोपाल टेकड़ीवाल, अजय गुप्ता, शिवकुमार गुप्ता, असीम शुक्ला, गौरव वर्मा, अभय वर्मा एवं विनीता शर्मा आदि उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र देकर किया गया। शिक्षक दिवस पर विद्यालय के समस्त आचार्य, आचार्या एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

अमृत विचार : शिक्षक दिवस पर खुटेहना स्थित पंडित अशोक मिश्रा स्मारक महाविद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्त शिक्षकों को अंगवस्त्र व डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की प्रतिमा भेंट की गयी। प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र के संयोजकत्व में आयोजित समारोह में उपजिलाधिकारी अश्वनी पाण्डेय बतौर मुख्य अतिथि तथा राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक बलदेव प्रसाद पाण्डेय सहित गिरिजा शंकर पाण्डेय प्राचार्य राम नरायन सिंह इंटर कालेज खजूरी व श्री प्रकाश पटेल प्राचार्य केवी इंटर कालेज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। संचालन विनय मिश्र ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपजिलाधिकारी अश्विनी पाण्डेय ने कहा कि शिक्षक आजीवन शिक्षक रहता है। उन्होंने कहा कि सेवाकाल में जहां इनका दायरा सीमित होता है वहीं सेवानिवृत्त होने पर इनका दायरा व्यापक हो जाता है। प्रमुख प्रतिनिधि समय प्रसाद मिश्र ने कहा कि आज हम उन महान शिक्षकों के योगदान को याद कर रहे हैं जिन्होंने न केवल पाठ्यक्रम पढ़ाया, बल्कि हमारे जीवन को भी सही दिशा दी।

शिक्षामित्रों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : शिक्षक दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ ने अपनी मांगों के समर्थन में जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया।

संघ के प्रदेश प्रवक्ता शिव श्याम मिश्र के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में शिक्षामित्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आवाज उठाई। प्रदेश प्रवक्ता ने बताया कि वर्तमान में शिक्षामित्रों को केवल 10 हजार रुपए का मानदेय मिल रहा है। बढ़ती महंगाई के बीच यह राशि बेहद कम है। उन्होंने मानदेय में वृद्धि की मांग के साथ-साथ शिक्षा मित्रों को ईपीएफ योजना में शामिल करने की मांग भी रखी।

असंतोष

- बढ़ती महंगाई को देखते हुए मानदेय बढ़ाने की मांग
- मूल विद्यालय से वंचित शिक्षामित्रों को समायोजित करने की मांग

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि 2017 से उन्हें केवल 11 महीने का ही मानदेय मिल रहा है। इससे वे आर्थिक और मानसिक तनाव से जूझ रहे हैं। साथ ही मूल विद्यालय से वंचित शिक्षामित्रों को उनकी ग्राम पंचायत के अन्य विद्यालयों में समायोजित करने की मांग भी की गई।

विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रूप से अनिल सिंह, राजेश सिंह, राहुल पांडेय सहित बड़ी संख्या में शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

पूजा पंडाल में सजी गजानन की भव्य झांकी। ● अमृत विचार

नवाबगंज में विघ्नहर्ता के दर्शन को उमड़ रहे भक्त

नवाबगंज, बहराइच, अमृत विचार : गणेश चतुर्थी पर काली मंदिर पंडाल में स्थापित की गयी गजानन की प्रतिमा की पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह और शाम के समय श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। गुरुवार की रात को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गुरुवार रात को महाआरती का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नवाबगंज थाना प्रभारी निरीक्षक रमाशंकर यादव व विशिष्ट अतिथि डाक्टर विरेंद्र श्रीवास्तव रहे। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार यज्ञ सैनी, पिंटू गुप्ता,बेचे लाल जयसवाल, शीलू श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, ओम प्रकाश गुप्ता,पंडित अरविंद पाठक आदि मौजूद रहे।

धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

संवाददाता, नवाबगंज, बहराइच

अमृत विचार : 12 रबी उल अव्वल को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम और अकीदत के साथ मनाया गया। मुस्लिम समुदाय के लोगों द्वारा नवाबगंज क्षेत्र के सतीजोर कई गांवों में जूलूस निकाला गया। अल्ताफ रसूल हासमी, हाफिज नासिर हुसैन, इसरार अहमद, नदीम अहमद, रफीक अहमद, मुबारक, शरीफ शाह आदि ने जूलूस का नेतृत्व किया। शांति व्यवस्था के लिए एसडीएम मोनालिसा जौहरी, सीओ प्रद्युम्न सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट बनाए गए बीडीओ राहुल पांडेय के साथ प्रभारी निरीक्षक रामाशंकर यादव भ्रमण करते रहे।

बाबागंज : पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब की यौम-ए-पैदाइश पर शुक्रवार को धूमधाम से जुलूस निकाला गया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस फोर्स तैनात रहा। फ़तेह आलम खान ने बताया कि जुलूस में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की।

जुलूस में शामिल अकीदतमंद। ● अमृत विचार

पुरैना बाजार : पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन पर जुलूस निकाला गया। दरगाह में तकरीर हुई। इसमें मोहम्मद साहब के जीवन, उनके संदेशों पर प्रकाश डाला गया। इसके बाद आज सुबह पुरैना बाजार में जुलूस निकाला गया। मौलाना नौशाद, रहमतउल्लाह, इमाम हुसैन, अल्ताफ खान, फैस मोहम्मद, शहजाद, जमील आदि शामिल रहे।

नानपारा : 12 रबी उल अव्वल का जुलूस गुरुवार को रात्रि 9:00 बजे दरगाहे गोसिया मोहल्ला तोपखाना से मौलाना मोइनुद्दीन कादरी, हाजी समीउल्लाह खा शोएब, अख्तर हुसैन जाफरी, के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस में चल रहे लोगों का मदरसा अजीजुल उलूम के निकट और जुबलीगंज में स्वागत किया गया। कार्यक्रम में चेयरमैन अब्दुल वहीद, अब्दुल मुईद, शकील अंसारी,सैयद अब्दुल वली, नदीम, अब्दुल खबीर खान, शालू राजा, सैयद अफसर, नसरुद्दीन, ताजुद्दीन हक्कानी, हसीन खान आदि मौजूद रहे।

रूट मार्च कर पुलिस ने कराया सुरक्षा का अहसास

संवाददाता, बहराइच

अमृत विचार : गणेश प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक नगर ने पुलिस बल के साथ नगर क्षेत्र में रूट मार्च कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दृष्टिगत जनपद में शान्ति, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने तथा आमजन में सुरक्षा जाग्रत करने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा ने सीओ सिटी पहुप सिंह तथा प्रभारी थाना कोतवाली नगर व प्रभारी महिला थाना मय पुलिस बल, पीएसी बल तथा रिक्रूट आरक्षी के साथ घण्टाघर के आस-पास के क्षेत्रों व मुख्य बाजारों में पैदल मार्च किया गया।

रूट मार्च करते पुलिसकर्मी।

जुलूस-ए-मोहम्मदी का भव्य आयोजन

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : जिले में ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शुक्रवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर शहर में सौहार्दपूर्ण नजारा देखने को मिला, जहां जुलूस की अगुवाई राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के साथ की गई और उसके पीछे हजारों की संख्या में युवा हरे रंग के धार्मिक झंडा लिए आगे बढ़ते नजर आए। जुलूस में शामिल दर्जनों युवाओं ने तिरंगे को थामकर राष्ट्रीय एकता और सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल पेश की।

जुलूस का आयोजन अंजुमन कमेटियों द्वारा किया गया, जिसमें ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। शहर के नौशहरा मोहल्ला स्थित बड़ी ईदगाह से शुरू हुआ यह जुलूस गाजे-बाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गों वीर विनय चौराहा, चौक बाजार, मेजर चौराहा होते हुए एमपीपी कॉलेज पर संपन्न हुआ। जुलूस के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। पूरे मार्ग पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

जुलूस-ए- मोहम्मदी में शामिल अकीकतमंद। ● अमृत विचार

नाले में मिला लापता बुज़ुर्ग का शव

जरवा, बलरामपुर, अमृत विचार : थाना कोतवाली जरवा क्षेत्र के कवही नाले में गुरुवार देर रात एक बुज़ुर्ग का शव मिला। शव की पहचान अब्दुल गफ्फार (60) निवासी ग्राम बालापुर के रूप में हुई, जो 25 अगस्त से लापता थे। पुत्र चांद बाबू ने बताया कि उनके पिता बालापुर चौराहा गए थे, लेकिन उसके बाद घर नहीं लौटे। परिजनों ने काफी तलाश की, मगर सुराग नहीं मिला। गुरुवार रात करीब 9 बजे नेवलगढ़ के पास नाले में शव होने की सूचना मिली। परिजन मौके पर पहुंचे और पहचान की। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक राकेश पाल पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जांच की जा रही है।

छात्रों ने गुरुजनों के पैर पखार लिया आशीर्वाद

शिक्षक दिवस पर गुरुजनों का आशीर्वाद लेते विद्यार्थी। ● अमृत विचार

संवाददाता, बलरामपुर

अमृत विचार : के पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कालेज, में शुक्रवार को शिक्षक दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रबंध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी, अध्यक्ष डॉ. प्रेमनारायण तिवारी, सह निदेशक इं. आकाश तिवारी व कोषाध्यक्षा मीता तिवारी ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर की।

इस मौके पर नर्सरी से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने गुरुओं के पैर जल से धोकर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रबंध निदेशक डॉ. एमपी तिवारी ने कहा कि शिक्षक ही वह कुम्हार है जो छात्रों के भविष्य को आकार देता है। सभी अध्यापकों को सम्मानित किया गया।

शिक्षकों को सम्मानित करते पूर्व सांसद दद्दन मिश्र व अन्य। ● अमृत विचार

पूर्व सांसद ने शिक्षकों को किया सम्मानित

बलरामपुर, अमृत विचार : शिक्षक दिवस के अवसर पर पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने कई शिक्षकों का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज का निर्माता होता है। उन्होंने धुसाह में शिक्षक इन्द्र प्रकाश त्रिपाठी को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पूर्व सांसद दद्दन मिश्र ने जिले भर में कई शिक्षकों के आवास पर पहुंचकर उनका सम्मान किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज को नई दिशा देने का काम करता है। वह जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर श्रावस्ती के पूर्व जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी, उमाशंकर त्रिपाठी, पंकज मिश्र, अतुल तिवारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

कार्यक्रम | स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने करायी जांच

आयुक्त ने किया थारू जनजाति से संवाद

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

अमृत विचार : दीनदयाल शोध संस्थान, थारू जनजाति संस्कृति संग्रहालय, इमिलिया कोडर में शुक्रवार को थारू जन समुदाय के साथ स्वास्थ्य एवं पोषण पर संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। मंडलायुक्त देवीपाटन शशि भूषण लाल सुशील, डीएम पवन अग्रवाल, सीडीओ हिमांशु गुप्त सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर चिकित्सा शिविर लगा जिसमें सैकड़ों महिला-पुरुषों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 10 परिवारों को पोषण किट दी गई। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण व आयुष्मान कार्ड बनाए गए। गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों को रेफर कर मंडलायुक्त ने अधिकारियों को उनके इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। थारू संग्रहालय प्रभारी आशुतोष शुक्ल व संस्थान के कार्यकर्ताओं ने सहयोग किया। इसी क्रम में मंडलायुक्त, डीएम व सीडीओ ने महाराणा प्रताप ग्रामोदय इंटर कॉलेज पहुंचकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। छात्रावास में बच्चों से संवाद कर संस्थान के कार्यों की सराहना की और प्रधानाचार्य आशुतोष शुक्ल से विद्यालय की व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की।

स्टाल का अवलोकन करने मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

आईजीआरएस रैंकिंग में बलरामपुर ने हासिल किया पहला स्थान

बलरामपुर अमृत विचार : जनशिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में बलरामपुर ने अगस्त माह की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में पहला स्थान प्राप्त किया है। शासन द्वारा जारी सूची में जिले का प्रदर्शन सबसे बेहतर दर्ज किया गया, जिसे जिला प्रशासन की सक्रियता और सख्त मॉनिटरिंग का नतीजा माना जा रहा है। डीएम पवन अग्रवाल की नियमित समीक्षा और गहन निगरानी के चलते शिकायतों के निस्तारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। प्रतिदिन आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की स्थिति देखी जाती है, संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए जाते हैं और शिकायतकर्ताओं से सीधे फीडबैक लेकर समाधान की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाती है। जनपद को प्रथम स्थान मिलने पर डीएम ने सभी विभागीय अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि जनमानस की शिकायतों का त्वरित व प्रभावी निस्तारण प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी अधिकारी प्रतिदिन पोर्टल देखें और शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करें।

टीचर्स प्रीमियर लीग का उद्घाटन करते विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व अन्य।

गैसड़ी, देवीपाटन, शिवपुरा व बलरामपुर की जीत

बलरामपुर, अमृत विचार : बेसिक शिक्षकों की टीचर्स प्रीमियर लीग का शुक्रवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में आगाज हुआ। तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, भाजपा नेता अंजली मिश्रा व बीएसए शुभम शुक्ल ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर लीग का शुभारंभ किया। पहले दिन चार मैचों के नतीजे घोषित हो गए। उद्घाटन मैच में बेसिक वारियर्स गैसड़ी ने तुलसीपुर को 32 रनों से हराया। गैसड़ी की ओर से पंकज गुप्त ने 31 गेंदों पर 81 रन ठोककर मैन ऑफ द मैच बने। दूसरा मुकाबला देवीपाटन ने 4 विकेट से अपने नाम किया। अनुपम वर्मा ने 22 गेंदों पर 39 रन बनाये और मैन ऑफ द मैच बने। तीसरे मैच में शिवपुरा ने रेहरा को 122 रनों से हराया। शिवपुरा ने 204 रन बनाए जबकि रेहरा 82 रन बना सकी। चौथा मैच बलरामपुर और पचपेड़वा के बीच खेला गया। बलरामपुर ने मैच जीतकर अगले दौर में प्रवेश किया। इस मौके पर बीईओ अशोक कुमार पाठक, संरक्षक विकास कांत पांडेय, अध्यक्ष संतोष उपाध्याय शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

रेहरा ब्लाक की सभी ग्राम सभाओं तक पहुंचेगा संघ

रेहरा बाजार, बलरामपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में गुरुवार को रेहरा बाजार में न्याय पंचायत शताब्दी वर्ष संयोजकों की बैठक संपन्न हुई। मुख्य अतिथि जिला प्रचारक जितेंद्र कुमार ने कहा कि संघ के शताब्दी वर्ष पर सभी स्वयंसेवक गांव-गांव जाकर शाखाएं प्रारंभ करेंगे और समाज में समरसता, छुआछूत व भेदभाव रहित सोच विकसित करेंगे। जिला प्रचारक ने बताया कि शताब्दी वर्ष में प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर बृहद पथ संचलन होगा।

कार्यक्रम में खंड संघ चालक भारत नरेश सिंह, हिंदू सम्मेलन संयोजक महेंद्र पांडेय, खंड कार्यवाह भानु मौर्या सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

न्यूज ब्रीफ

निजी अस्पतालों की जांच में जुटा विभाग

संवाददाता कुशीनगर,अमृत विचार : चिकित्सकीय लापरवाही व निजी अस्पतालों में गलतियों की वजह से मरीजों की आए दिन हो रही मौतों को डीएम के संज्ञान लेने और मामले में ठोस कदम उठाने के निर्देश के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम निजी अस्पतालों पर पहुंचकर उनके पंजीकरण और मानकों की जांच कर रही है। जिन अस्पतालों का पंजीकरण नहीं है, उन्हें तत्काल ऑनलाइन आवेदन करने का निर्देश दे रही है। पिछले दिनों कलक्ट्रेट सभागार में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में डीएम के पूछने पर सीएमओ सहित वहां मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जनपद में पंजीकृत अस्पतालों के बारे में जानकारी नहीं दे सके।

ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

संवाददाता कुशीनगर,अमृत विचार : तमकुहीराज थाना क्षेत्र के हाईवे पर लतवा बाजार के समीप ट्रक के चपेट मे आने से एक बाइक सवार थाना क्षेत्र के लतवा जीत निवासी गुड्डू यादव उम्र लगभग 40 बर्ष गंभीर रुप से घायल हो गया। मौजूद लोगों की मदद से घायल को उपचार हेतू सीएचसी तमकुहीराज भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम हेतु भेज विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

पोखरे में मिला 20 वर्षीय युवक का शव

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : सदर थाना क्षेत्र के रोमापार स्थित पोखरे में शुक्रवार की सुबह युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कारवाई शुरू कर दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा शव को देखकर पिता ने हत्या की आशंका जताई। युवक अपने घर से बिना किसी को बताये निकला था, लेकिन काफी देर बाद घर नहीं लौटने पर सदर थाने पर गुमशुदगी दर्ज कराई। शुक्रवार की सुबह गांव के लोगों ने तलाब में लाश तैरते देखा तो युवक के पिता रुद नारायण को सूचना दी। लोगों ने बताया कि सनी कुमार की कस्बा स्थित पोखरे में डूबने से मौत हो गई। मौत की खबर सुनते ही मौके पर पहुंचे स्वजन और पुलिस ने शव को पोखरे से बाहर निकलवाया। जिसके चेहरे पर चोट के निशान भी मिले हैं। वहीं पिता ने हत्या की आशंका जातायी। पुलिस जांच में जुटी शुरू कर दी।

बच्चों की शिक्षा है हमारी प्राथमिकता : जावेद

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार : विकास क्षेत्र बर्डपुर के अन्तर्गत आदर्श बाल वाटिका के रूप में चयनित प्राथमिक विद्यालय मटियारिया में सभी बच्चों को कलर बॉक्स एवं कलर कॉपी का वितरण बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद अहमद खान उर्फ चुन्ने प्रधान एवं सदर विधायक श्यामधनी राही के प्रतिनिधि तौर पर नितेश पाण्डेय के द्वारा वितरण किया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद अहमद खान ने कहा कि नगर पंचायत के समस्त विद्यालयों का कायाकल्प के साथ ही साथ बच्चों की शिक्षा के लिए हर सम्भव मदद करेंगे। भाजपा नेता नीतेश पाण्डेय ने भी शिक्षा के लिए विधायक से हर समय सहयोग का आश्वासन दिया गया।

छात्र को प्रधानाध्यापक ने बेरहमी से पीटा

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर, अमृत विचार। आदर्श नगर पंचायत बढ़नी के पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय के प्रधानाध्यापक जावेद आलम के द्वारा नगर पंचायत बढ़नी के लोहिया नगर निवासी दलित परिवार के मनोज कुमार गौतम के पुत्र अमर गौतम (छात्र) को बेरहमी से मारने-पीटने के साथ जाति सूचक शब्द व अभद्र भाषाओं का प्रयोग भी किया। वहीं छात्र अमर गौतम का कसूर सिर्फ इतना था कि लन्च में खराब खाना खाने से मना कर दिया था। जिसको लेकर प्रधानाध्यापक ने प्लास्टिक पाइप से लगातार बेरहमी से पीटा और धमकी भी देते रहे। सूत्रों सहित स्थानीय लोगों ने बताया कि प्रधानाध्यापक जावेद आलम ऐसे दर्जनों छात्रों को बेरहमी से पीट चुके है। वहीं छात्रों को इस अमानवीय कृत्य पर अभी तक जिम्मेदारों द्वारा कोई कड़ी कारवाई नहीं हुई है। वहीं स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निवेदन करते हुए दोषी प्रधानाध्यापक जावेद आलम के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

धूमधाम से हुआ गणेश प्रतिमा का विसर्जन

शोहरत गढ/सिद्धार्थनगर : नगर पंचायत बढ़नी कस्बे में गणेश उत्सव के दौरान विभिन्न पूजा पण्डालों में स्थापित गणेश प्रतिमाओं का देर रात को चरगहवा नदी में धूमधाम से विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और डीजे ढोल-नगाड़ों व भजनों के साथ गणपति बप्पा मोरया के जयकारे गूंजते रहे।

राजस्व वृद्धि के लिए उपभोक्ताओं को करें प्रोत्साहित : जिलाधिकारी

विद्युत विभाग के कार्यों व वसूली की समीक्षा के दौरान डीएम ने अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता,सिद्धार्थनगर

समीक्षा बैठक के दौरान विद्युत विभाग के अधिकारियों संबोधित करते डीएम।

अमृत विचार : विद्युत विभाग के कार्यों एवं वसूली की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी पिछले माह के बैठक की प्रगति की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने बिलिंग के सापेक्ष वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि बिल जमां करने के लिए उपभोक्ताओं को प्रोत्साहित करे, बड़े उपभोक्ताओ का बिल जमां कराने के लिए प्रोत्साहित करें जिससे राजस्व बढ़े।

बिल जमां कराने में प्रतिमाह प्रगति ठीक आना चाहिए। इसके साथ ही 1912 पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कोई भी शिकायत लम्बित नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि खुले में रखे ट्रान्सफार्मर पर जाली लगाने हेतु स्टीमेट/प्रस्ताव 15 सितम्बर 2025 तक उपलब्ध कराये। कोई भी ट्रान्ससफार्मर खुले में नही होना चाहिए। इसके साथ ही स्कूलों के ऊपर से विद्युत तार को हटाने हेतु निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विद्युत बिल में सुधार हेतु तहसीलवार कैम्प लगाकर बिल में सुधार लाने हेतु समस्त अधिशासी अभियन्ता को निर्देश दिया गया। इसके साथ ही राजस्व वसूली की समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि अधिशासी अभियन्ता, एसडीओ तथा जेई अपना मोबाइल नम्बर जनता को दे तथा उनका फोन भी उठाये। जिलाधिकारी ने सभी अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओ का निस्तारण कराये ।इस बैठक में उपरोक्त के अतिरिक्त अधीक्षण अभियन्ता विद्युत अजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता विद्युत ज्ञान प्रकाश, बांसी संतप्रिय गौतम, डुमरियागंज संतोष कुमार त्रिपाठी, समस्त एसडीओ व जेई आदि उपस्थित थे।

डीएम व एसपी ने देखी जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था

सिद्धार्थनगर,अमृत विचार : जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा बारावफात के दृष्टिगत विभिन्न थाना क्षेत्रों में आयोजित जुलूस की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन द्वारा बांसी स्टैण्ड नौगढ़ व कस्बा इटवा, थाना डुमरियागंज के बेवा में आयोजित जुलूस का निरीक्षण किया गया। बेवा में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। ड्यूटी पर तैनात अधिकारी कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

शहर में रही जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की धूम

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिन जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर जिले की डुमरियागंज, इटवा, शोहरतगढ़, नौगढ़ और बांसी तहसीलों में उल्लास का माहौल है। इस पाक पर्व को मनाने के लिए तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। हर गांव में मस्जिदों और गलियों को रंग-बिरंगी लाइटों और सजावटी सामानों से सजाया गया है। इस दौरान जगह-जगह महफिल-ए-मिलाद और अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जा रहे हैं। ईद मिलादुन्नबी को लेकर मुस्लिम समुदाय में खासा उत्साह दिख रहा है। बच्चे और नौजवानों में विशेष जोश है, जो झण्डे, बैनर और नारे लिखी तख्तियां लेकर जुलूस निकालने की तैयारी में जुटे हैं। इन जुलूसों में पैगम्बर मोहम्मद की शान में नारे लगाये जायेंगे। इस मौके पर धार्मिक नेताओं ने लोगों से आपसी भाईचारे और मोहब्बत के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की है। बारावफात पर्व के दौरान शान्ति और सद्भाव बनाये रखने के लिए स्थानीय प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये हैं। चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि किसी भी तरह की अप्रिय घटना न हो।

पटाखा फोड़ने पर ईद मिलादुन्नबी जुलूस में विवाद, एक गिरफ्तार

शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर

अमृत विचार : नगर पंचायत शोहरतगढ़. कस्बे में शुक्रवार को निकाले जा रहे ईद मिलादुन्नबी के जुलूस के दौरान अचानक विवाद खड़ा हो गया। नगर पंचायत शोहरतगढ़. के गड़ाकुल में पहुंचे जुलूस में हाथगोला पटाखा फोड़ने को लेकर दो पक्ष आपस में भिड़ गयें। देखते ही देखते स्थिति विवाद में बदल गई और मौके पर भगदड़ मच गई। वहीं घटना के दौरान अफरा-तफरी का माहौल बन गया। मौके पर मौजूद पुलिस ने तत्काल मोर्चा संभाला। प्रभारी निरीक्षक बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी खुद डटे रहे और लोगों को समझाकर माहौल शान्त कराने का प्रयास किया। इसी दौरान पुलिस ने एक नाबालिग युवक को हिरासत में लिया। जिसका वीडियो भी सामने आया है। कुछ समय तक हालात तनावपूर्ण रहे, लेकिन पहले से तैनात अतिरिक्त पुलिस बल की वजह से स्थिति जल्द ही नियन्त्रण में आ गई और बड़ी घटना होने से टल गई। आपको बता दें कि नगर पंचायत शोहरतगढ़.को अति सम्वेदनशील क्षेत्र माना जाता है। यहां पूर्व में भी कई बार हिन्दू और मुस्लिम समुदायों के बीच झगड़े और दंगे हो चुके हैं। यही वजह है कि प्रशासन ने इस बार भी एहतियात के तौर पर भारी पुलिस बल पहले से तैनात किया था। घटना के बाद गड़ाकुल और शोहरतगढ़ कस्बे में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर गश्त बढ़ा दी गई है। जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी भी घटनास्थल का जायजा ले चुके हैं। पुलिस ने जुलूस के दौरान बने वीडियो और मोबाइल फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं। अधिकारियों का कहना है कि उपद्रव फैलाने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जायेगी।

तबियत बिगड़ने से युवक की मौत

गोरखपुर, अमृत विचार : विकास खण्ड पाली के नगर पंचायत घघसरा बाजार में शुक्रवार को दोपहर में भाई के मोबाइल पर भाई की मौत की सूचना मिलते ही अचानक मातम छा गया। परिजन दहाड़ मार रोने व चीखने चिल्लाने लगे। चीखने चिल्लाने की आवाज सुन अगल-बगल के लोग इकट्ठा हो गए और एक दूसरे से लोगों के रोने की वजह की जानकारी लेने लगे। काफी देर बाद पता चला कि लहबर जायसवाल के छोटे भाई निशान जायसवाल की मौत हो गई। जो कुछ दिन पहले पूना गया था। मिली जानकारी के अनुसार निशान जायसवाल की पूना पहुंचते ही उसकी तबीयत खराब हो गई। जो इलाज के लिए घर से पैसा मंगवाया था। जिससे वहां इलाज कराया और तबीयत ना ठीक होने पर ट्रेन पड़कर घर वापस आ रहा था। निशान घर तो नहीं पहुंचा। शुक्रवार को दोपहर में घर उसकी मौत की सूचना पहुंची। सूचना मिलते ही निशान के घर में मातम छा गया तथा मां कलावती देवी व पत्नी सुमन देवी भाई लहबर दहाड़े मार कर रोने व चीखने चिल्लाने लगे।

याद किए गए डॉ. राधाकृष्णन

शिक्षक दिवस

संवाददाता, कुशीनगर

अमृत विचार : महान शिक्षाविद सर्वपल्ली डां राधाकृष्णन का जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में जिले में धूमधाम से मनाया गया। विद्यालयों में संगोष्ठी का आयोजन हुआ, जहां उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा की गई। वहीं विद्यालयों और संस्थानों मे जगह-जगह गुरुजनों को सम्मानित किया गया। शिक्षक दिवस पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के बाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।गांधी स्मारक इंटर कालेज हाटा के प्रधानाचार्य नागेश्वर पति त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षित मनुष्य ही अपने जीवन को सफल बनाता है। मां सरस्वती व सर्वपल्ली डां राधाकृष्णन जी के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन कर शिक्षक दिवस मनाया। इसी तरह कसया, पडरौना, रामकोला, कप्तानगंज, खड्डा सहित पूरे जनपद में शैक्षणिक संस्थानों में शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया।

भव्य जुलूस निकाल कर मनाया गया मोहम्मद साहब का जन्मदिन

संवाददाता, कुशीनगर

हाटा नगर में तिरंगा और मजहबी झंडा लेकर युवाओं ने निकाला जुलूस।

अमृत विचार : शुक्रवार को जिले भर में पैगम्बर मुहम्मद साहब का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर गांव से लेकर शहर तक जुलूस निकाला गया। इस दौरान अल्लाह हू अकबर के नारे गुजरने रहे ।

पडरौना शहर के छावनी, जमालपुर, खिरिया टोला, चिकटोली, कसेरा टोली, पवरिया टोला, हाथीसार मुहल्ला,सोहरौना, मंसाछापर, जोगीछापर, मिश्रौली सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी धूम धाम से जुलूस निकाला गया।जोश-खरोश के साथ इस्लामी नारे लगा खुशी की इजहार किया गया। जुलूस नगर के सुभाष चौके से होकर कोतवाली रोड, तिलक चौक, साहबगंज मुहल्ला होते हुए बावली चौक तक पहुंचा।इस अवसर पर विभिन्न लोगों और समाजसेवी के द्वारा जलपान की व्यवस्था की गई थी। हाटा नगर सहित क्षेत्र के झांगा बाजार पोखरभिंडा, बरवाछत्तरदास, टीकरी, महुअवा मस्जिदीया, डुमरी स्वागी पट्टी सहित अन्य गांवों में मोहम्मद साहब के जन्म दिन के अवसर पर नगर सहित क्षेत्र में ईद ए मिलाद के के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगों ने मोहम्मद साहब के द्वारा दी गई जीवन शिक्षाओ और उनके द्वारा दिखाए गये मार्ग को याद करते हुए जलुस निकाला व उनके प्रशंसा के गीत गाए।इस दौरान हाटा नगर सहित क्षेत्र में लोगों ने एक दुसरे को बधाई दी । मस्जिद और सार्वजनिक स्थानों पर प्रार्थना की। नगर निवासी और ताजियादार संघ अध्यक्ष डा बब्लू खां ने कहा कि मोहम्मद पैगंबर साहब ने दुनिया को अमन और शांति का पैगाम दिया।यह त्योहार सामुदायिक एकता और सौहार्द को बढ़ावा देता है। इस दौरान लियाकत अली, फरमान अली,हाजी मुबारक डा एसएल खां छोटे अंसारी शाद खां नयीम अंसारी खुर्शेद शाह गुड्डू अंसारी जफर खान शाद खां नयीम अंसारी सहित अन्य मौजूद रहे।

सीडीएस चौहान को दी गई गार्ड ऑफ ऑनर के साथ सलामी

सीडीएस जनरल अनिल चौहान से वार्ता करते डीएम-एसपी।

कुशीनगर,अमृत विचार : चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान के जनपद आगमन पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उन्हें सेरेमोनियल गार्ड ऑफ ऑनर के साथ भव्य सलामी दी गई।

नौगढ़ में एफएलएन प्रशिक्षण का चौथा दिन पूरा

सिद्धार्थनगर, अमृत विचार: ब्लॉक संसाधन केन्द्र नौगढ़ में फाउण्डेशन लिटरेसी एण्ड न्यूमेरसी (एफएलएन) प्रशिक्षण का चौथा दिवस उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में कक्षा 4 एवं 5 की हिन्दी पाठ्यपुस्तक फुलवारी तथा गणित विषय के अध्यापन की नवीन विधियों और विविध गतिविधियों के प्रयोगों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को बाल केन्द्रित शिक्षण, खेल आधारित गतिविधियों तथा नवाचारपूर्ण पद्धतियों को अपनाने के लिए मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक, एसएमई शाखा के प्रबन्धक कादिर खान अपने सहयोगी बैंककर्मी रोहित, अनिल एवं राम लौटन के साथ उपस्थित हुए। आगामी शिक्षक दिवस को ध्यान में रखते हुए बैंक टीम ने विद्यालय शिक्षकों के बीच बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही सभी उपस्थित शिक्षकों और शिक्षिकाओं के साथ केक काटकर शिक्षक दिवस का सामूहिक उत्सव मनाया गया। बैंक प्रबन्धन द्वारा सभी शिक्षकों को उपहार प्रदान कर हार्दिक शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम का सफल संचालन राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ नौगढ़ के अध्यक्ष सुरेन्द्र गुप्ता ने किया। प्रशिक्षण सत्र में एआरपी जेपी गुप्ता, अनन्त दीप, शिवशंकर मिश्र, शशि यादव एवं रामपाल प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित रहे।

समस्याओं लेकर शिक्षामित्रों ने जताई नाराजगी

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

तहसील मुख्यालय पर शिक्षा मित्रों को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार: आदर्श शिक्षा मित्र वेलफेयर एसोसिएशन जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को बांसी तहसील मुख्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार शुक्ला ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री श्याम बिहारी चौधरी ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से बीएलओ ड्यूटी को लेकर असंतोष जताया गया।

बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि शिक्षा मित्रों की ड्यूटी अक्सर चार से पांच किलोमीटर दूर लगाई जाती है, जिससे उन्हें आने-जाने में कठिनाई होती है। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि बीएलओ ड्यूटी विद्यालय के निकट क्षेत्र में ही लगाई जाए, ताकि शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित न हो और शिक्षा मित्रों को अतिरिक्त बोझ भी न उठाना पड़े। इसके साथ ही बीआरसी स्तर से मानदेय बिल समय पर प्रस्तुत न किए जाने की समस्या पर भी गंभीर नाराजगी जताई गई। जिलाध्यक्ष हेमंत कुमार शुक्ला ने कहा कि मानदेय समय से न मिलने पर शिक्षा मित्रों को आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है। संगठन ने मांग की कि बिल प्रस्तुत करने की प्रक्रिया को सरल और समयबद्ध बनाया जाए। जिला मंत्री श्याम बिहारी चौधरी ने कहा कि शिक्षा मित्रों की समस्याओं का समाधान तभी संभव है जब संगठन मजबूत होगा। सभी को एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़नी होगी। सोमवार को बीएसए के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया। बैठक में दीप नारायण पाल, सदानंद दुबे, रामसुख चौधरी, हरिश्चंद्र चौरसिया, अशोक कुमार अवस्थी, अशोक कुमार, अजीमुद्दीन खान, सुशील कुमार मिश्रा, वीरेंद्र प्रताप सिंह, विजय प्रताप सिंह, संजय त्रिपाठी, राजकुमार, रामदाश चौधरी आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 13 को

संवाददाता कुशीनगर,अमृत विचार : अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी ने अवगत कराया है कि 13 सितंबर दिन शनिवार को दीवानी न्यायालय कुशीनगर, वाह्य न्यायालय कसया कुशीनगर एवं जनपद के सभी न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कुशीनगर की अध्यक्षता में किया जा रहा है। उन्होंने जनपद के समस्त अधिवक्ता एवं वादकारियों से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करायें। साथ ही ऐसे वाद जो न्यायालय में दाखिल नही किये गये है, उनको प्री-लिटीगेशन स्तर पर निस्तारित कराये।

ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं

शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुईं विश्वविद्यालय की टॉपर छात्राएं। अमृत विचार

गोरखपुर, अमृत विचार : महाविद्यालय के छात्रों ने इसे कर दिखाया की ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभा की कमी नहीं है, आवश्यकता है छात्रों को सही दिशा देने की। उक्त बातें अखिलभाग्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय रानापार में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ. सुधीर कुमार राय ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे इसी महाविद्यालय के चार छात्राओं ने विश्वविद्यालय स्तर पर गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इससे यह सिद्ध होता है कि अब सिर्फ स्थान का महत्व नहीं रहा बल्कि जहां भी योग्य शिक्षक व गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा रहेगी वहां के बच्चे टापर बनेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.रागिनी राय ने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र के निर्माण के कर्णधार हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय टापर छात्राओं को सम्मानित किया गया। नेहा यादव बीए हिंदी,कु. प्रियंका एम.ए हिंदी,संजू बीएससी बायो, कु.ज्योति एम.ए एजुकेशन विश्वविद्यालय स्तर पर टापर छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन संदीपा व निधि यादव ने किया जबकि आभार ज्ञापन नेहा यादव ने किया।

यमुना ब्रिज पर जलस्तर बढ़ने से कई ट्रेनों के मार्ग बदले

गोरखपुर, अमृत विचार: दिल्ली-यमुना ब्रिज सं0 249 पर वर्षा का पानी खतरे के निशान से उपर आ जाने के कारण संरक्षा को ध्यान में रखते हुए गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन एवं टर्मिनल चेन्ज निम्नवत किया जा रहा है। मार्ग परिवर्तन उदयपुर सिटी से 06 सितम्बर को चलने वाली 19601 उदयपुर सिटी-न्यूजलपाईगुडी एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दिल्ली सराय रोहिल्ला-नई दिल्ली-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जायेगी।लालगढ़05 सितम्बर को चलाई गयी 15910 लालगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दिल्ली किशनगंज-नई दिल्ली-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जायेगी।

श्रीराम आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय
मुबारकपुर, मरैला-अम्बेडकरनगर
(डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या से सम्बद्ध)
आवश्यकता है
स्ववित्त पोषित योजना अन्तर्गत मान्यता प्राप्त श्रीराम आदर्श पी0जी0 कालेज मुबारकपुर मरैला अम्बेडकरनगर में स्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, संस्कृत, अंग्रेजी, उर्दू, समाज शास्त्र, अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, गृहविज्ञान, राजनीति शास्त्र, प्राचीन इतिहास, भूगोल, शिक्षा शास्त्र एवं स्नातक विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, गणित विषय में दो, दो प्रवक्ता तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय में हिन्दी, संस्कृत गृह विज्ञान, समाज शास्त्र में चार, चार प्रवक्ता तथा परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान जन्तु विज्ञान, एवं गणित विषय में चार–चार प्रवक्ताओं की आवश्यकता है तथा बी0एड0 विभाग में 10 पदों पर विभिन्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है। पदों की संख्या घट बढ़ सकती है वेतन नियमानुसार देय होगा शैक्षिक योग्यता डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या की नियमावली के अनुसार होना चाहिए। इच्छुक अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र विज्ञापन से 21 दिन के अन्दर पंजीकृत डाक से अथवा सीधे कार्यालय में प्रेषित कर सकते है। साक्षात्कार के समय बुलाया जायेगा तथा किसी प्रकार का यात्रा–भत्ता देय नहीं होगा।
श्रीराम वर्मा
(प्रबन्धक)

प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को 9 जोड़ी अनारक्षित विशेष ट्रेनें, कई निरस्त

गोरखपुर, अमृत विचार: रेलवे प्रशासन ने 6 व 7 को होने वाले प्रारंभिक अर्हता परीक्षा को ध्यान में रखते हुए अभ्यार्थियों की सुविधा के लिए 9 जोड़ी अनारक्षित विशेष गाड़ियों का संचलन कर रहा है। 05327 बलिया-प्रयागराज रामबाग अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 05 एवं 06 सितम्बर, 2025 को बलिया से 21.10 बजे प्रस्थान कर फेफना से 21.23 बजे, रसड़ा से 21.46 बजे, इंदारा से 22.14 बजे, मऊ जं. से 22.35 बजे, दुल्लहपुर से 22.56 बजे, जखनियां से 23.08 बजे, सादात से 23.19 बजे, औड़िहार से 23.38 बजे, सारनाथ से 23.59 बजे, दूसरे दिन वाराणसी सिटी से 00.12 बजे, वाराणसी जं. से 00.35 बजे, बनारस से 00.50 बजे, कछवा रोड से 01.14 बजे, माधोसिंह से 01.28 बजे, ज्ञानपुर रोड से 01.45 बजे तथा झूसी से 02.40 बजे छूटकर प्रयागराज रामबाग 03.30 बजे पहुँचेगी। वापसी यात्रा में 05328 प्रयागराज रामबाग-बलिया अनारक्षित परीक्षा विशेष गाड़ी 06 एवं 07 सितम्बर, 2025 को प्रयागराज रामबाग से 14.00 बजे प्रस्थान कर झूसी से 14.11 बजे, ज्ञानपुर रोड से 14.55 बजे, माधोसिंह से 15.09 बजे, कछवा रोड से 15.23 बजे, बनारस से 16.06 बजे, वाराणसी जं. से 17.00 बजे, वाराणसी सिटी से 17.15 बजे, सारनाथ से 17.26 बजे, औड़िहार से 17.51 बजे, इंदारा से 19.06 बजे, रसड़ा से 19.33 बजे, फेफना से 19.57 बजे छूटकर बलिया 20.15 बजे पहुँचेगी।

महाप्रबंधक ने किया यांत्रिक कारखाने का निरीक्षण

गोरखपुर, अमृत विचार: पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर ने शुक्रवार को यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर का वृहद निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उनके साथ प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर नरेश कुमार, मुख्य यांत्रिक इंजीनियर अतुल सिंह, मुख्य रोलिंग स्टाक इंजीनियर हेमन्त कुमार, मुख्य कारखाना प्रबन्धक धर्मेश कुमार खरे, यांत्रिक विभाग एवं यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर के वरिष्ठ अधिकारी, पर्यवेक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर महाप्रबन्धक ने मुख्य कारखाना प्रबन्धक प्रांगण में वृक्षारोपण किया। महाप्रबन्धक ने यांत्रिक कारखाना स्थित कारखाना प्रशिक्षण केन्द्र में वेल्डिंग लैब, एयर प्लाज्मा कटिंग के

गोरखपुर के यांत्रिक कारखाने का निरीक्षण करते महाप्रबंधक उदय बोरवणकर।

मॉडल रूम तथा प्रशिक्षण कक्ष का निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश दिये। महाप्रबन्धक ने कारखाना मॉडल कक्ष का अवलोकन किया। इसके उपरान्त महाप्रबन्धक ने मशीन शाप, कैरेज कम्पोनेन्ट शाप, अग्नि शमन यंत्र, व्हील शाप, गैस गोदाम, बोगी शाप, एअर ब्रेक शाप, फिएट बोगी शाप, शेल रिपेयर शाप, एअर ब्रेक शाप, डी.के. एसेम्बलिंग एवं टेस्टिंग, एलएचबी पीओएच सेक्शन, फर्नीशिंग शाप, कोच लिफ्टिंग शाप, ए0सी0शाप, बोगी इण्टरमिडिएट ओवरहालिंग अनुभाग, स्प्रे पेंट अनुभाग तथा ओवरहाल किये गये कोच का निरीक्षण किया, विभिन्न शापों की कार्यप्रणाली को देखा तथा उनमें आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिये।निरीक्षण के उपरान्त महाप्रबन्धक ने कारखाना बैठक कक्ष में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। महाप्रबन्धक श्री उदय बोरवणकर ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि यांत्रिक कारखाने में किये जा रहे कार्यो, वेल्डिंग लैब, स्वच्छता आदि की प्रसंशा की। उन्होंने कहा कि कारखाने में ऐतिहासिक धरोहरों को अच्छी तरह सम्भाल कर रखा गया है इसे अद्यतन बनाये रखें। उन्होंने कारखाने को प्राप्त अनेक मानकों में प्राप्त प्रमाणीकरण पर सन्तोष व्यक्त किया। महाप्रबन्धक ने पर्यवेक्षकों का कार्य ज्ञान स्तरीय बताया तथा उन्होंने कहा कि कार्यो की गुणवत्ता में और सुधार लाकर इस कारखाना को भारतीय रेल का सर्वोत्तम कारखाना बनाने हेतु प्रयास करना चाहिए।

यह नियम बना लीजिए कि आप कभी भी अपने बच्चे को ऐसी किताब न दें, जिसे आप खुद न पढ़ें।
-जॉर्ज बर्नार्ड शॉ, नोबेल साहित्य पुरस्कार विजेता

पर्यावरणीय अनुशासन जरूरी

उच्चतम न्यायालय ने हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड तथा पंजाब में बार-बार हो रहे अभूतपूर्व भूस्खलनों एवं प्रलयंकारी बाढ़ के संदर्भ में पहाड़ों पर हो रही पेड़ों की अंधाधुंध अवैध कटाई को जिम्मेदार ठहराया है। उसने इसके लिए एसआईटी जांच कराने का आदेश दिया और केंद्र सरकार तथा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जैसी एजेंसियों को नोटिस जारी करते हुए चेतावनी दी कि हमारी संबंधित एजेंसियां पारिस्थितिकी और हिमालयी क्षेत्र में जमीन तथा नदियों को क्षरण से बचाने में विफल रही हैं। यह चेतावनी समयोचित भी है और आवश्यक भी, क्योंकि इस कठोर सच्चाई से हम आंखें नहीं मूंद सकते कि हमारी विकास नीतियों और उपभोग की प्रवृत्तियों ने प्रकृति के संतुलन को लगातार अस्थिर किया है। अब अति हो जाने के बाद वह जवाब देने लगी है, हालांकि केवल वनों की कटाई ही इसका कारण नहीं है। मैदानी इलाकों में नदी के पाटों या उसके मार्ग का अतिक्रमण, जल निकासी तंत्र का लोप, अवैज्ञानिक बांध निर्माण, अतिक्रमणकारी शहरीकरण और औद्योगिक प्रदूषण भी बाढ़ की गंभीरता को कई गुना बढ़ाते हैं। इसी तरह पहाड़ों में अनियंत्रित सड़क निर्माण, बिना भूगर्भीय अध्ययन के सुरंग और बांध परियोजनाएं, अनियोजित पर्यटन ढांचा और निर्माण सामग्री के लिए अनवरत खनन भूस्खलनों को आमंत्रित करते हैं। पर सतत विकास भी एक अनिवार्य तत्व है, उसकी अनदेखी कैसे की जा सकती है? पर्यटन, सड़क और बिजली जैसी आधारभूत सुविधाएं पहाड़ी राज्यों की प्रगति के लिए आवश्यक हैं। सवाल यह है कि संतुलन कैसे बने!

इसका उत्तर नीतिगत अनुशासन, वैज्ञानिक दृष्टिकोण और समन्वित प्रबंधन में निहित है। सबसे पहले, केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर दीर्घकालिक पर्यावरणीय योजना बनानी होगी, जिसमें स्थानीय भौगोलिक स्थिति के अनुसार निर्माण मानक तय किए जाएं और उन्हें सख्ती से लागू किया जाए। पहाड़ी क्षेत्रों में भूगर्भीय सर्वेक्षण के बिना किसी बड़ी परियोजना को अनुमति न दी जाए। पर्यटन को 'कैरीइंग कैपेसिटी' के सिद्धांत पर आधारित किया जाए, यानी जितनी संख्या तक पर्यावरण वहन कर सकता है, उतनी ही अनुमति हो। दूसरा, वनों की पुनर्स्थापना और जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन को गंभीरता से लागू किया जाए और नदियों के प्राकृतिक प्रवाह को बाधित करने वाले अतिक्रमणों को हटाकर शहरी जल निकासी तंत्र को दुरुस्त किया जाए। तीसरा, आपदा प्रबंधन एजेंसियों की जवाबदेही और क्षमता दोनों को मजबूत करना होगा। केवल चेतावनी देने वाली व्यवस्थाएं पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि स्थानीय समुदायों की भागीदारी से त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्वास तंत्र को भी सशक्त किया जाना चाहिए, निःसंदेह इसके लिए जन जागरूकता अत्यावश्यक है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि सरकारें और एजेंसियां विकास को पर्यावरणीय अनुशासन और संतुलन के अनुरूप रखें। स्थायी विकास प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण होता है। सुप्रीम कोर्ट की चेतावनी हमें याद दिलाती है कि हम या तो समय रहते इस संतुलन को साध लें, या फिर बार-बार आपदाओं की कीमत चुकाते रहें। यह वक्त है जब नीति और नियमन की सख्ती को विकास की गति के साथ जोड़ा जाए, तभी पहाड़ों की मजबूती और मैदानों की सुरक्षा व समृद्धि दोनों सुनिश्चित हो पाएंगे।

प्रसंगवश

गिद्धों की कमी से हर साल एक लाख लोगों की मौत



गिद्ध पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा होते हैं, जो अन्य मांसाहारी जीवों, जैसे कि कुत्तों और चीलों की जनसंख्या को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। जब गिद्ध कम हो जाते हैं, तो अन्य मांसाहारी जीवों की संख्या बढ़ जाती है, जो असंतुलन पैदा कर सकती है। गिद्ध, मृत जानवरों का अवशेष सहजता से नष्ट कर पारिस्थितिकी को स्वच्छ बनाए रखते हैं। पिछले कुछ दशकों में, गिद्धों की कई प्रजातियां जैसे कि व्हाइट-बैक्ड गिद्ध, लॉन्ग-बिल्ड गिद्ध और स्लेंडर-बिल्ड गिद्ध विलुप्त होने की कगार पर आ गई हैं।

इनके अनुपस्थित रहने से न सिर्फ जैव-विविधता खतरे में पड़ती है, बल्कि मानव स्वास्थ्य और सामाजिक तंत्र पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। उनकी संख्या में गिरावट से उत्पन्न यह संकट अब एक आपातकालीन सवाल बन चुका है। भारत में, एक अध्ययन के अनुसार गिद्धों की गिरती संख्या के कारण 2000 से 2005 के बीच हर साल लगभग एक लाख अतिरिक्त लोगों की मृत्यु हुई।

डॉ. जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

1980 के दशक में भारत में गिद्धों की संख्या करोड़ों में थी, लेकिन 1990 के दशक के अंत तक यह संख्या तेजी से गिरने लगी। गिद्धों की गिरती संख्या के पीछे सबसे बड़ा कारण डाइक्लोफेनैक नामक एक दर्द निवारक दवा है, डाइक्लोफेनाक का प्रयोग शुरू में मनुष्यों के लिए किया गया था, लेकिन पशुपालन में इसके प्रयोग ने अनजाने में गिद्धों की जनसंख्या को भारी नुकसान पहुंचाया। यह मानवीय भूल प्रकृति के इस अनमोल घटक के लिए एक गंभीर संकट साबित हुई। इसके परिणामस्वरूप, पिछले तीन दशकों में गिद्धों की जनसंख्या में लगभग 95% तक की गिरावट आई है। भारत सरकार ने 2006 में पशु उपयोग के लिए डाइक्लोफेनैक पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में डाइक्लोफेनैक अब भी गैर कानूनी रूप से उपलब्ध है और इसका उपयोग जारी है। गिद्धों की संख्या में गिरावट का एक अन्य प्रमुख कारण उनका आवास नष्ट होना है। शहरीकरण, सड़क निर्माण, वनों की कटाई और औद्योगिक विकास ने इनके प्राकृतिक घोंसला बनाने वाले स्थानों को नष्ट कर दिया है। साथ ही, कीटनाशकों के प्रयोग ने इनके अंडों की खोल पतली हो गई है, जिससे इनका प्रजनन प्रभावित हुआ है।

गिद्धों की विलुप्ति को रोकने के लिए तत्काल और प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। इसके लिए सरकार, वैज्ञानिकों, पर्यावरणविदों और जनता के बीच समन्वय आवश्यक है। गिद्धों के स्वास्थ्य, प्रजनन, और पर्यावरणीय भूमिका पर अधिक अनुसंधान किया जाना चाहिए। इससे हमें यह समझने में मदद मिलेगी कि गिद्धों को कैसे बेहतर रूप से संरक्षित किया जा सकता है। डाइक्लोफेनाक जैसे खतरनाक दवाओं के बजाय मेलोक्सीकैम जैसी सुरक्षित दवाओं का उपयोग बढ़ावा देना चाहिए। इसके लिए किसानों और पशुपालकों को जागरूक किया जाना चाहिए। गिद्धों के संरक्षण में स्थानीय समुदायों की भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उनके बिना, गिद्धों के प्राकृतिक आवास की रक्षा करना और उनके संरक्षण प्रयासों को सफल बनाना मुश्किल होगा। सरकारों को सख्त नीतियां और कानून बनाने चाहिए। गिद्ध संरक्षण सिर्फ एक पक्षी की सुरक्षा नहीं, यह मानव जीवन, स्वास्थ्य, संस्कृति, और पारिस्थितिकी की रक्षा का सवाल है। यह एक भविष्यगत आवश्यकता है, जो हमें तत्काल कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करती है। अब समय है कि वैश्विक समुदाय मिलकर साझेदारी करे ताकि गिद्ध फिर से आकाश में निरंतर मंडराते दिखें।

बदलती विश्व की राजनीति और क्वाड का भविष्य

दिग्विजय सिंह
कानपुर

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने, समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद के निरोध, साइबर सुरक्षा और आर्थिक व बुनियादी ढांचा बढ़ाने में आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास करने के उद्देश्य से अमेरिकी नेतृत्व वाली सबसे महत्वपूर्ण बहुपक्षीय पहल चतुर्भज सुरक्षा संवाद (क्वाड) के अस्तित्व पर संकट मंडराता दिख रहा है। क्वाड में अमेरिका, भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। इसे चीन की आक्रामकता पर संतुलन बनाने के लिए साल 2007 में गठित किया गया था, हालांकि फिर कुछ सालों के लिए इसे रोक दिया गया।

साल 2017 में क्वाड के महत्व को दोबारा संजीवनी दी गई। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने तक लगातार क्वाड देशों की बैठकें और शिखर सम्मेलन होते रहे हैं। यहां तक कि ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने पर उनके प्रशासन ने सबसे पहले क्वाड की ही बैठक बुलाई थी, जिसमें चारों सदस्य देशों के विदेश मंत्री शामिल हुए थे, लेकिन अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफ विवाद के बाद भारत में होने वाली क्वाड की बैठक को लेकर फिलहाल असमंजस के हालात बने हुए हैं।

टैरिफ विवाद को लेकर अमेरिका के जापान और भारत के साथ रिश्ते लगातार बिगड़ते नजर आ रहे हैं। भारत ने अमेरिका के सामने न झुकने का जो संकल्प लिया है, उससे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप चिढ़े हुए हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि भारत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में ट्रंप शामिल नहीं होंगे। अमेरिका के प्रमुख अखबार न्यूयार्क टाइम्स में प्रकाशित लेख में दावा किया गया है कि राष्ट्रपति ट्रंप 2025 के अंत में भारत में होने वाले क्वाड शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लेंगे, हालांकि इस तरह की मीडिया रिपोर्ट को ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर दबाव की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। रूस से तेल खरीद के नाम पर राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा थोपे गए मनमाने टैरिफ के आगे भारत नहीं झुका। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर अलग-अलग मंचों पर कह चुके हैं कि भारत के किसानों, मछुआरों का हित उनके लिए सर्वोपरि है। राष्ट्रपति ट्रंप को यह भलीभांति पता है कि मोदी जो कहते हैं करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान राष्ट्रपति ट्रंप ने संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्हें 'टफ नेगोशिएटर' कहा था। यह भी माना था कि प्रधानमंत्री मोदी उनसे कहीं ज्यादा बेहतर वार्ताकार हैं और अपने देश के हित को सबसे ऊपर रखते हैं।

ट्रंप अभी तक भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा चुके हैं। यही नहीं उनके सलाहकार जिस तरह की बयानबाजी कर रहे हैं, उससे आशंका है कि ट्रंप टैरिफ के दबाव को और आगे ले जाने की मंशा रखते हैं। जापान पर भी ट्रंप ने 15 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। यही नहीं, ऑस्ट्रेलिया पर स्टील/एल्युमिनियम टैक्स लगाकर साफ कर दिया है कि उनकी 'अमेरिका फर्स्ट' नीति से अमेरिका की 'ग्लोबल स्ट्रैटजी' गायब हो चुकी है। यह कहना गलत नहीं होगा कि आर्थिक राष्ट्रवाद के कठोर रास्ते पर चलते हुए ट्रंप ने अमेरिका की विदेश नीति को इंडो-पैसिफिक के रास्ते से उतार दिया है।

इन हालात में हालिया एससीओ शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन की जुगलबंदी भी ट्रंप को रास नहीं आई है। भारत के टैरिफ पर कड़े रुख को देखते हुए जापान ने भी अपने शीर्ष वार्ताकार को अंतिम समय में अमेरिका जाने से रोक दिया है। ट्रंप टैरिफ की मार से जापान की आटोमोबाइल व स्ट्रील इंडस्ट्री पर बुरा प्रभाव पड़ा है। दो प्रमुख सदस्य देशों की टैरिफ को लेकर अमेरिका से तनातनी के बढ़ने के बाद अब आर्थिक विशेषज्ञ यह कहने लगे हैं कि ट्रंप की जिद के कारण क्वाड का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। जापान के प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा का रुख चीन के प्रति नरम है। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि भारत की तरह जापान से भी चीन रिश्ते मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

अगर ऐसा होता है तो क्वाड का अस्तित्व बना रहेगा, कहना थोड़ा मुश्किल है, क्योंकि क्वाड का गठन ही इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव को चुनौती देने के लिए किया गया था। राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों ने न सिर्फ क्वाड के सदस्य देशों में अमेरिका के प्रति अविश्वास की खाई को गहरा किया है बल्कि नए विकल्प तलाशने पर उन्हें मजबूर भी किया है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पर्दे के पीछे से पाकिस्तान की मदद करने वाले चीन ने अमेरिका और भारत के बीच उत्पन्न अविश्वास की खाई का ही लाभ उठाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए एससीओ सम्मेलन में रेड कॉर्पेट बिछाया था।

इस सम्मेलन पर अमेरिका लगातार बारीक नजर रखे था। अब सम्मेलन की समाप्ति पर अमेरिकी प्रशासन मोदी, जिनपिंग और पुतिन की केमिस्ट्री को लेकर नफा और नुकसान का नए सिरे से आकलन करने को बाध्य हो गया है। ट्रंप के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो तो इतना बौखला गए कि एक टीवी चैनल को दिए साक्षात्कार में भारत पर अमर्यादित जातिगत टिप्पणी तक कर बैठे। रूस से भारत द्वारा किए जा रहे तेल आयात के संदर्भ में उनका यह कहना कि भारतीयों की कीमत पर ब्राह्मण मुनाफा कमा रहे हैं, दर्शाता है कि भारत की बढ़ती साख और चीन से गाढ़ी होती दोस्ती अमेरिका को रास नहीं आ रही है। ऐसे में जबकि नए समीकरणों की बिसात बिछ रही है, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन को काउंटर करने के लिए बनाया गया क्वाड अपने ही संस्थापक देश अमेरिका की अस्थिर विदेश नीति की वजह से खतरे में नजर आ रहा है।

> हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करने के लिए अमेरिका की अगुवाई में गठित क्वाड का भविष्य अनिश्चितता की तरफ बढ़ चला है।

आमने सामने

अखिलेश यादव हर किसी से हिसाब मांगते रहते हैं, लेकिन अपनी टोटियों का कभी हिसाब नहीं दिया। टोटियां उठाकर जो ले गए हो साहब, वो यूपी की जनता को वापस करो। जनता खोज रही है।
-केतकी सिंह
भाजपा विधायक

अपनी बेटी का दु:ख है, तो दूसरे की बेटियों का भी सम्मान करें। टोटी चोरी का आरोप मैं नहीं भूल सकता। एक अखबार ने स्टिंग किया। ये बात हम लोग भूलने वाले नहीं हैं। ये सरकार भी जान ले और सरकार चलाने वाले भी जान लें।
-अखिलेश यादव
पूर्व मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

जीएसटी 2.0: अर्थव्यवस्था को गति की उम्मीद

रजत मेहरोत्रा
वित्तीय एवं आर्थिक विशेषज्ञ

भारत की अर्थव्यवस्था इस समय कई चुनौतियों से गुजर रही है। वैश्विक स्तर पर टैरिफ युद्ध, महंगाई का दबाव, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और घरेलू स्तर पर उपभोग की सुस्ती। ऐसे में सरकार ने त्यौहारों से पहले कुछ आवश्यक और उपभोक्ता वस्तुओं पर वस्तु एवं सेवा कर की दरों में कटौती का फैसला लिया है। यह कदम न केवल आम आदमी की जेब पर बोझ को कम करेगा, बल्कि खपत और मांग को भी बढ़ा सकता है। सवाल यह है कि क्या यह वास्तव में भारतीय मध्यमवर्ग के लिए बड़ी राहत साबित होगा और क्या इससे अर्थव्यवस्था को अतिरिक्त गति मिल पाएगी।

जीएसटी काउंसिल की हालिया बैठक में इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण, मिठाई एवं मिठाई बनाने वाले उत्पाद, परिधान और कुछ ऑटो एक्सेसरीज पर कर दरों को घटाया गया है। उदाहरण के लिए, छोटे टेलीविजन (32 इंच तक) पर जीएसटी को 28% से घटाकर 18% कर दिया गया, वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर पर कर दर 28% से घटाकर 18%, मिठाई और नमकीन पर 12% से घटाकर 5%, और बच्चों के कपड़ों पर कर दर 12% से घटाकर 5% कर दी गई है। सरकारी अनुमान के अनुसार, इन कटौतियों से उपभोक्ताओं को 20,000 करोड़ रुपये से अधिक की सीधी वार्षिक राहत मिलेगी। वहीं, घरेलू उपकरण निर्माताओं का कहना है कि इस कदम से त्यौहारों के सीजन (अक्टूबर–दिसंबर) में उनकी बिक्री में 10–15% तक की बढ़ोतरी संभव है।

भारत की आबादी में मध्यमवर्ग की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है और यह समूह अर्थव्यवस्था की 60% से अधिक खपत का चालक है। 2023–24 में निजी अंतिम उपभोग व्यय- भारत के जीडीपी का 57% रहा, जिसमें त्यौहारों का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। हाल के वर्षों में बढ़ती महंगाई और लगातार बढ़ते ब्याज दरों के कारण मध्यमवर्ग की वास्तविक आय पर दबाव बढ़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, 2022–23 में ग्रामीण और शहरी परिवारों की वास्तविक उपभोग वृद्धि मात्र 2.5% रही, जबकि 2015–16 से 2019–20 के बीच यह औसतन 6–7% थी। ऐसे में जीएसटी कटौती से उपभोक्ता वस्तुएं सस्ती होकर इस दबाव को कम कर सकती हैं।

भारतीय अर्थव्यवस्था में खपत की मांग एक अहम इंजन है। विश्व बैंक की रिपोर्ट बताती है कि भारत में घरेलू खपत का जीडीपी में योगदान चीन (39%) और ब्राजील (53%) से कहीं अधिक है। जब खपत घटती है तो इसका सीधा असर विनिर्माण, सेवा क्षेत्र और रोजगार पर पड़ता है। त्यौहारों के मौसम में उपभोग स्वाभाविक रूप से बढ़ता है। अनुमान है कि 2024 के त्यौहार सीजन में खुदरा बिक्री 8–10 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकती है। यदि जीएसटी कटौती से वस्तुएं सस्ती होती हैं और मांग में 5–7% अतिरिक्त वृद्धि आती है, तो यह चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर को 0.2–0.3% तक बढ़ा सकती है।

हालांकि, कर दरों में कटौती से सरकार के राजस्व पर असर पड़ना तय है। वित्त मंत्रालय का अनुमान है कि जीएसटी संग्रह में लगभग 15,000–18,000 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ी हुई बिक्री और खपत से यह कमी आंशिक रूप से पूरी हो जाएगी। पिछले वर्ष 2023–24 में जीएसटी संग्रह का औसत 1.68 लाख करोड़ प्रति माह रहा था। यदि खपत में वृद्धि होती है तो यह औसत बरकरार रह सकता है। इस प्रकार, सरकार अल्पकालिक राजस्व हानि उठाकर दीर्घकालिक वृद्धि को प्रोत्साहित करने का जोखिम ले रही है।

वैश्विक स्तर पर अमेरिका और यूरोप द्वारा लगाए गए नए टैरिफ, कच्चे तेल के ऊंचे दाम और रुपये की गिरावट ने भारत में आयात लागत को बढ़ा दिया है। इससे महंगाई पर दबाव बना है। ऐसे में जीएसटी कटौती एक संतुलित नीति कदम है, जो घरेलू खपत को बढ़ाकर बाहरी झटकों से उत्पन्न दबाव को कम करने का प्रयास करता है। बढ़ती खपत का एक अन्य लाभ यह है कि इससे उत्पादन और निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा। ऑटोमोबाइल, एफएमसीजी और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में कंपनियां उत्पादन बढ़ाने की योजना बना रही हैं। इससे न केवल 2–3 लाख अतिरिक्त मौसमी रोजगार सृजित हो सकते हैं, बल्कि विनिर्माण क्षेत्र की क्षमता उपयोग दर भी बेहतर होगी।

त्यौहारों से पहले की गई जीएसटी दरों में कटौती को केवल एक कर राहत के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे अर्थव्यवस्था में मांग और विश्वास पैदा करने वाले कदम के रूप में समझा जाना चाहिए। मध्यमवर्ग के लिए यह कदम निश्चित रूप से जेब पर सीधी राहत है। घरेलू उपकरणों से लेकर परिधानों और खाद्य पदार्थों तक की चीजें सस्ती होंगी। साथ ही, बढ़ी हुई खपत से विनिर्माण और सेवा क्षेत्र को सहारा मिलेगा और सरकार को अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में अतिरिक्त बढ़त मिल सकती है। यदि महंगाई और वैश्विक टैरिफ दबाव जारी रहे तो इस राहत का प्रभाव सीमित हो सकता है। इसलिए, सरकार को दीर्घकालिक रूप से कर ढांचे को स्थिर रखने, आय बढ़ाने और टिकाऊ उपभोग बढ़ाने वाली नीतियों पर भी काम करना होगा।

> दरों में कटौती से जीएसटी संग्रह में लगभग 15,000 करोड़ रुपये की कमी आ सकती है। विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ी हुई बिक्री और खपत से यह कमी आंशिक रूप से पूरी हो जाएगी।

सोशल फोरम

वो मूंगफलियों वाले दिन

देश का मूंगफली-प्रेम अब भी यथावत है क्या? क्योंकि एक समय था, जब भुनी हुई मूंगफलियां चबाना भारतीयों का प्रिय शगल हुआ करता था और मूंगफलियों के छिलके यत्र-तत्र-सर्वत्र दिखलाई देते थे। सिनेमाघर और रेलगाड़ी के फर्श पर तो सबसे अधिक। कूड़े में ये ही तब सबसे अधिक बुहारे जाते होंगे। गरीबों का बादाम कहलाने वाला यह मेवा उन दिनों का पॉपकॉर्न था, पर इन 'उचक्की-मकई' में वो बात कहां? कोई रामलीला या दशहरे का रावण दहन देख रहा हो, गणेशोत्सव की झांकी में जा रहा हो, नदी के घाट पर जाकर अकेला बैठा हो या किसी बागीचे में लेटा ट्रांजिस्टर सुन रहा हो, पैदल ही बेसबब कहीं चला जा रहा हो या किसी से बतिया रहा हो- एक समय था, जब इस सबके साथ में मूंगफलियां अकसर खाया करता था।

सुशोभित
ब्लॉगर

मूंगफलियों के साथ एक शब्द जुड़ गया है- 'टाइमपास'। मुझे इस शब्द से विरक्ति है। एक बार मैं रेलगाड़ी से चला जा रहा था। एक मूंगफली वाला 'टाइमपास मूंगफली' की हांक लगाते हुए आया। मैं एक किताब पढ़ रहा था, उसे मैंने रखा और उसे अपने पास बुलाकर कहा- "ये कहो कि गर्मागर्म मूंगफलियाँ लाया हूं, ये मत कहो कि टाइमपास मूंगफली है।" उसने पूछा, "क्यों?" मैंने कहा, "क्योंकि यह न केवल मूंगफलियों का अपमान है, यह उन्हें खाने वालों का भी तिरस्कार है। इससे ऐसा मालूम होता है कि लोग निठल्ले बैठे हैं, उनके पास करने को कोई काम-धाम नहीं, जो अब मूंगफली चबाकर समय काटेंगे।" वह "ठीक भाई" कहकर आगे बढ़ गया, पता नहीं उसने मेरी बात मानी या नहीं।

मूंगफली पूर्व-भूमंडलीकृत भारत की दीनता और सरलता का प्रतीक है। यों यह भारतीय-मूल का दाना नहीं, लातीन-अमरीका की तरफ से आया है। रवींद्र कालिया की एक कहानी में एक बेरोजगार युवा मूंगफली वाले के खोमचे के पास खड़ा रहता था, ताकि उसके जाने पर नीचे गिर पड़ी मूंगफलियां चुनकर खा सके। प्रभाष जोशी ने लिखा है, 'सिंकी हुई गीली मूंगफली के सलवटभरे दानों का स्वाद अद्भुत होता है!' अपने एक व्यंग्य में उन्होंने 'चवन्नी-क्लास' व्यक्ति को 'मुम्फली-छाप' कहकर पुकारा है और 'सोयाबीन-छाप' आदमी से उसका द्वैत उभारा है। मूंगफली के तेल- जिसको मीठा तेल कहा जाता था- को इधर सोयाबीन के तेल ने ही बाजार में हाशिये पर धकेला है। निमाड़ तरफ यह सींगदाना कहलाई है। गुजरात में भी। महाराष्ट्र में शेंगदाना-चटनी बहुत बिकती है। मूंगफली-गुड़ की चिक्की भी बहुत प्रसिद्ध है। अलबत्ता पीनट-बटर कुलीन-वर्ग का शगल है, किंतु उसका डेयरी-फ्री बटर होना मुझे आश्वस्त करता है।

सामयिकी

रफ्तार से हर दिन टूट रही 500 के जीवन की डोर

भारत में सड़क हादसों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। देश में प्रतिदिन 474 से अधिक लोग सड़क हादसे में जान गंवा देते हैं। भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा जारी 'सड़क हादसे 2023' की रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार देश में हर घंटे लगभग 55 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें 20 लोगों की जान जाती है। 2023 में लगभग 4.80 लाख सड़क हादसे हुए, जिनमें 1.72 लाख लोगों की मृत्यु हो गई। मंत्रालय ने युवाओं की मौतों पर चिंता व्यक्त की है, जिनमें 18-45 वर्ष के 66.4% युवा शामिल हैं। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौत के मामले में भारत विश्व में सबसे आगे है। सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में सड़क हादसों में कमी नहीं आई है, बल्कि साल दर साल इसमें इजाफा हो रहा है।

मनोज अग्रवाल
वरिष्ठ पत्रकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की सड़क दुर्घटनाएं, 2023 शीर्षक की रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में हर घंटे 55 सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। देश में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पुलिस विभागों ने वर्ष 2023 के दौरान कुल 4,80,583 सड़क दुर्घटनाओं की सूचना दी है, जिनमें 1,72,890 लोगों की जान गई और 4,62,825 लोग घायल हुए। रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2023 में लगातार चौथे वर्ष तक सड़क दुर्घटना के शिकार ज्यादातर युवा थे। 18-45 वर्ष आयु वर्ग के वयस्कों की संख्या 66.4 प्रतिशत है। राजस्थान की बात करें तो इस अवधि में 24 हजार 694 सड़क हादसों में 11 हजार 400 लोगों की मौतें हुईं। भारत में सड़कों और हाईवे के साथ हादसों की रफ्तार भी थमने का नाम नहीं ले रही। सड़क पर ट्रक पार्क करना दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण है और लोग यातायात अनुशासन का पालन नहीं करते।

मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 1,72,890 मौतों में से 40% से अधिक मौतें हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करने और नशे में वाहन चलाने के कारण हुई हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि 2023 में मारे गए 54,568 दोपहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिनमें 39,160 चालक और 15,408 यात्री शामिल थे। यह 2023 में सड़क दुर्घटनाओं में हुई कुल मौतों का 31.6% था। इसी तरह, सीट बेल्ट का उपयोग नहीं करने वाले वाहन सवारों में 16,025 मौतें दर्ज की गईं, जिनमें 8,441 चालक और 7,584 यात्री शामिल थे, जो वर्ष के दौरान दर्ज कुल मौतों का 9.3% हैं।

देश में मोटर वाहन कानून 2019 लागू होने के बाद भले ही सरकार के राजस्व में वृद्धि हुई हो, मगर दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों की संख्या में कमी नहीं आई। नीति आयोग की रिपोर्ट है कि सड़क हादसों के शिकार 30 प्रतिशत लोगों की मौत जीवन रक्षक उपचार नहीं मिल पाने के कारण होती है। 2023 में सबसे ज्यादा सड़क हादसों में मौतें उत्तर प्रदेश में हुईं। यहां 23,652 लोगों की सड़क हादसे में जान गई है, जो 2022 (22,595) और 2021 (21, 227) से अधिक है। सबसे कम मौतें अंडमान और निकोबार में दर्ज की गईं। यहां सिर्फ 24 लोगों की जान गई है। 10 लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों में दिल्ली 1457, बेंगलुरु 915 और जयपुर 849 में सबसे ज्यादा मौतें हुईं। अमृतसर, चंडीगढ़ और श्रीनगर में सबसे कम लोगों की जान गई है। मौतों के ये आंकड़े चिंतित करते हैं। सरकार ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन जमीन पर वास्तविक बदलाव लाने के लिए अभी और बहुत कुछ करना बाकी है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना*** 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

200
से ज्यादा प्रजातियां पक्षियों की और वनस्पतियों की विविधता यहां का आकर्षण और बढ़ाती है।

872.24
वर्ग किमी है कुल क्षेत्रफल बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान का

3000
रुपये प्रति व्यक्ति है जीप सफारी का किराया

स्लॉथ बियर

बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान पहुंचकर होता है 'जंगल बुक' जैसा एहसास

जंगल की गोद में बाघ और हाथियों की धरती पर अद्भुत सफर

इंडियन रॉक पायथन

सफारी, सन्नाटा और सरप्राइज जैसा
बांदीपुर का जादुई संसार

पश्चिमी घाट की सुरम्य पहाड़ियों में बसा बांदीपुर दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य में स्थित प्रकृति प्रेमियों और रोमांच चाहने वालों के लिए एक आदर्श पर्यटन स्थल है। हरे-भरे जंगलों, कल-कल करती नदियों और नीरवता बढ़ाते प्राकृतिक दृश्यों से घिरे इस सुरम्य व सुंदर रमणीक स्थल पर पहुंचकर आप आज की भागदौड़ भरी जिंदगी की कशमकश कुछ देर के लिए भूलकर यहीं के हो जाएंगे। यह देश का बाघ आरक्षित राष्ट्रीय उद्यान है। यहां बंगाल टाइगर, एशियाई हाथी, तेंदुआ और गौर जैसे जीवों तथा तमाम दुर्लभ पक्षियों के साथ अजगर, किंग कोबरा और मगरमच्छ पाए जाते हैं। बांदीपुर पहुंचने के लिए हमने अपनी यात्रा कार द्वारा मैसूर से शुरू की। करीब 82 किलोमीटर की यात्रा दो घंटे में पूरी करके हम बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान के गेट पर थे। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान को देश के सबसे सुंदर और बेहतर प्रबंधित राष्ट्रीय उद्यानों में गिना जाता है। कर्नाटक में मैसूर-ऊटी राजमार्ग पर विशाल पश्चिमी घाट के सुरम्य परिवेश में स्थित यह नीलगिरि रिजर्व का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इसके उत्तर-पश्चिम में कर्नाटक का राजीव गांधी राष्ट्रीय उद्यान (नागरहोल), दक्षिण में तमिलनाडु का मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य और दक्षिण-पश्चिम में केरल का वायनाड वन्यजीव अभयारण्य है। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान का कुल क्षेत्रफल 872.24 वर्ग किमी है। यह आंशिक रूप से चामराजनगर जिले के गुंडलुपेट तालुका और आंशिक रूप से मैसूर जिले के एचडीकोटे और नंजनगुड तालुका में आता है।

बाघों व हाथियों का यह प्रजनन स्थल, राजाओं का था शिकारगाह

- कभी यह उद्यान राजा-महाराजाओं का शिकारगाह था। बाद में आसपास के आरक्षित वन क्षेत्रों को इसमें शामिल कर दिया गया और इसका नाम बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान रखा गया। यह राष्ट्रीय उद्यान बाघों और हाथियों का प्रजनन स्थल था, इसलिए इन्हें बचाने के लिए इस अभयारण्य को देश भर के 30 अभयारण्यों में चिह्नित किया गया। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान बाघ, हाथी, भालू और भारतीय गौर जैसे अनोखे और तमाम लुप्तप्राय वन्यजीव प्रजातियों का घर है। यह प्रकृति प्रेमियों के लिए स्वर्ग है। नीलगिरी की तलहटी में बसे बांदीपुर का बाघों से पुराना नाता है। यह लुप्तप्राय एशियाई जंगली हाथियों का अंतिम आश्रय स्थल है। इस राष्ट्रीय उद्यान में स्लॉथ बियर, गौर, भारतीय रॉक अजगर, सियार, मगर और चार सींग वाले मृग जैसी कई अन्य लुप्तप्राय प्रजातियां देखने को मिलती हैं। यहां सांभर, चूहा हिरण, चीतल, सुस्त भालू और उड़ने वाली दुर्लभ छिपकली भी पाई जाती है। पक्षियों की 200 से ज्यादा प्रजातियां और वनस्पतियों की विविधता यहां का आकर्षण और बढ़ाती है। बांदीपुर में सागौन, शीशम, चंदन, भारतीय लॉरेल और कीनो के पेड़, गुच्छेदार बांस सहित इमारती लकड़ियों के पेड़ भी हैं।

नीली आंखों वाला तेंदुआ

अविश्वसनीय! सावधान!
यहां मिलते अलग-अलग रंग की आंखों वाले तेंदुए

इस तेंदुए की आंखें आपको सम्मोहित कर देंगी। बांदीपुर टाइगर रिजर्व में भारत में अपनी तरह के पहले दो अलग-अलग रंग की आंखों वाले तेंदुए भी हैं। एक आंख नीली-हरी तो दूसरी भूरी। यह एक जेनेटिक विशेषता हेटेरोक्रोमिया है, जिसके कारण तेंदुए की दोनों आंखों का रंग अलग-अलग होता है।

प्रकृति की अद्भुत दुनिया में वन्य जीवों के घर देखने को सफारी

- उद्यान के द्वार से भीतर प्रवेश करते ही हमें घने जंगलों, लुढ़कती पहाड़ियों और विशाल घास के मैदानों के साथ एक अद्भुत दुनिया के दर्शन हुए। पक्षियों की चहचहाहट, बंदरों की खों-खों और पत्तों की सरसराहट से प्राकृतिक वन्य जीवन जीवंत हो उठा। जंगली फूलों की खुशबू हवा के साथ बहकर स्वर्ग जैसा अहसास दिला रही थी। बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान वनस्पतियों और जीवों की एक समृद्ध विविधता का घर है, जिसमें बाघ, हाथी, तेंदुए, हिरण, जंगली सूअर और पक्षियों की कई प्रजातियां शामिल हैं।
- यहां के जीवों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने के लिए उद्यान में सफारी की सुविधा उपलब्ध है। हमने वन विभाग द्वारा संचालित मिनी-बस सफारी की यात्रा रेंज कार्यालय से शुरू की। यहां से बस सफारी सुबह 6.15 से 9 बजे और दोपहर 2.15 से शाम 5 बजे के बीच चलती है। शुल्क 350 रुपये प्रति व्यक्ति है। जीप सफारी का किराया तीन हजार रुपये प्रति व्यक्ति है। जीप सफारी सुबह 6.15 से 8 बजे, सुबह 8 से 9.45 बजे, दोपहर 2.30 से 4.30 बजे और शाम 4.30 से 6.30 बजे के बीच संचालित होती है। पूर्व में चलने वाली हाथी सफारी अब यहां बंद की जा चुकी है। जीप और मिनी बस सफारी का समय भी मौसम और सुरक्षा कारणों से बदलता रहता है।

आदिवासी गांवों की परंपराएं और रीति-रिवाजों को नजदीक से देखें

प्राकृतिक सुंदरता के अलावा, बांदीपुर राष्ट्रीय उद्यान अपनी सांस्कृतिक विरासत के लिए भी जाना जाता है। यह उद्यान कई आदिवासी गांवों से घिरा हुआ है। हर एक गांव की अपनी अनूठी परंपराएं और रीति-रिवाज हैं। आपको इन गांवों में घूमते समय ऐसा लगेगा जैसे एक या दो शताब्दी पीछे चले गए हैं। आदिवासी गांवों का भ्रमण समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का अनुभव दिलाता है। यहां लोगों की जीवन शैली बहुत करीब से देखी जा सकती है। हालांकि समय की कमी से हम इस अनूठे अवसर को बहुत थोड़े समय के लिए कार से ही देख पाए। लेकिन बांदीपुर घूमने के दौरान आसपास के आदिवासी गांवों में लोगों के रीति-रिवाजों और परंपराओं के बारे में जरूर काफी जानकारी हासिल की।

लेखक - शिव कुमार अवस्थी, ब्रह्मावर्त, कानपुर
उप वन संरक्षक (सेवानिवृत्त)

200 रुपये मूल्य वर्ग के नोट पर कहानी सांची स्तूप की
रुपया बताता नीचे संसार ऊपर मोक्ष

भारतीय रिजर्व बैंक ने 25 अगस्त, 2017 को महात्मा गांधी नई श्रृंखला में रुपये 200 मूल्य वर्ग का नोट जारी किया था। यह नोट अपने पृष्ठ भाग में सांची के स्तूप की कहानी सुनाता है। सांची स्तूप मध्य प्रदेश में स्थित है। यह स्थान भोपाल से लगभग 40 किमी दूर एक पहाड़ी पर है। सांची स्थल में बौद्ध स्मारकों (एकाश्म स्तंभ, महल, मंदिर और मठ) का एक समूह है। इनमें से अधिकांश दूसरी और पहली शताब्दी ईसा पूर्व के हैं। यह सबसे पुराना बौद्ध अभयारण्य है और 12वीं शताब्दी ईस्वी तक भारत में एक प्रमुख बौद्ध केंद्र था। सांची के स्तूप, मंदिर, विहार और स्तंभ, प्राचीनतम और सबसे परिपक्व, प्राचीन कलाओं और स्वतंत्र वास्तुकला के उदाहरण हैं, जो तीसरी शताब्दी ईसा पूर्व से बारहवीं शताब्दी ईस्वी तक बौद्ध धर्म के इतिहास का विस्तृत दस्तावेजीकरण करते हैं। सांची स्तूप बुद्ध की निर्माण अवस्था मोक्ष को दर्शाता है। इसका ऊपर की ओर गोलाकार गुम्बद मोक्ष और नीचे की चौड़ी आधारशिला भौतिक संसार को दिखाती है।

- **सम्राट अशोक के पुत्र से जुड़ा पवित्र स्थान :** शांत और मनोरम वनीय पठार पर स्थित सांची के बौद्ध स्मारकों को श्रीलंकाई बौद्ध इतिहास में पवित्र चेतियागिरि भी माना जाता है। यहां सम्राट अशोक के पुत्र महेंद्र, श्रीलंका की अपनी धर्मप्रचारक यात्रा शुरू करने से पहले रुके थे। सांची में स्थापित सारिपुत्र और मौद्गल्यायन (बुद्ध के प्रमुख शिष्य) के अवशेषों की थेरवादियों द्वारा पूजा की जाती थी और आज भी उनका सम्मान किया जाता है।
- **शुंग और सातवाहन वंश ने अलंकृत किए स्तंभ व स्तूप :** सांची के एक पवित्र केंद्र के रूप में आरंभ का श्रेय मौर्य सम्राट अशोक को है। अत्यधिक विस्तृत शीर्ष वाले अखंड अशोक स्तम्भ की स्थापना के साथ, सम्राट अशोक ने सांची को एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल के रूप में प्रतिष्ठित किया। स्तम्भ के समकालीन एक ईंट का स्तूप था, जिसका आकार बाद में शुंग वंश के दौरान बढ़ाया गया, पत्थर की परत से ढका गया और अलंकृत कठघरा, हर्मिका, यष्टि, छत्र और चार तोरण युक्त प्रदक्षिणा पथों और सीढ़ियों से संवर्धित किया गया, जिन्हें बाद में पहली शताब्दी ईस्वी में सातवाहन वंश के दौरान अलंकृत किया गया।

- अजय त्रिवेदी, उप निदेशक युवा कल्याण विभाग।

घरों में हरियाली का तरीका वर्टिकल गार्डनिंग

शहरों में खासकर अपार्टमेंट में रहने वाले लोगों के पास बागवानी के लिए जगह नहीं होती है। लेकिन अपना खुद का बगीचा उगाना एक ऐसा सपना होता है, जिसे अधिकतर लोग कभी छोड़ना नहीं चाहते हैं। ऐसे में वर्टिकल गार्डन हमेशा से उन सभी लोगों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र रहे हैं, जिन्होंने इन्हें देखा है। बेबीलोन के बगीचों से शुरू हुए वर्टिकल गार्डन के विचार का इस्तेमाल जगह बचाने और सुंदर दिखने वाले स्थान बनाने के लिए किया गया था, लेकिन आज, इस बागवानी तकनीक का दुनिया भर में इस्तेमाल किया जा रहा है।



पौधों को दीवार, छत, पिलर या बालकनी में उगाने की विधि

वर्टिकल गार्डनिंग पौधों को ऊपर की ओर उगाने की एक विधि है, जिसमें अक्सर दीवारों, जालीदार ढांचों या विशेष रूप से डिजाइन किए गए गमलों जैसी संरचनाओं का उपयोग किया जाता है। यह तरीका छोटी जगह का अधिकतम उपयोग करता है, जिससे यह छोटे क्षेत्रों या शहरी परिवेश के लिए आदर्श बन जाता है। ज्यादातर फ्लैटों या छोटे घरों के अंदर वर्टिकल गार्डनिंग आज एक चलन के रूप में स्थापित हो गई है। यह एक ऐसी तकनीक है जिसमें पौधों को वर्टिकल जगह पर जैसे दीवार, छत, पिलर या बालकनी की रेलिंग आदि पर उगाया जाता है। वास्तव में यह बागबानी का अर्बन तरीका है, जिसमें कम जगह में ज्यादा पौधे उगाए जाने की कोशिश की जाती है। लटकते पौधों के साथ-साथ गमलों में लगे पौधों से भी वर्टिकल गार्डनिंग की जा सकती है। घर के अंदर और बाहर होने वाली वर्टिकल गार्डनिंग को ग्रीन वॉल भी कहा जाता है। शहरों में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रीन वॉल कई शहरों में पुलों के नीचे, महत्वपूर्ण स्थलों पर देखी जा सकती है।

- **सबसे पहले उचित स्थान चुनें :** वर्टिकल गार्डनिंग के लिए पर्याप्त रोशनी वाली एक अच्छी जगह चुनना बेहद जरूरी है। यह देखें कि कौन से पौधे किस स्थान के लिए उपयुक्त होंगे और उन्हें लगाने के लिए दीवार, छत या बॉलकनी कितनी मजबूत है। पौधे चाहे किसी भी किस्म के चुने गए हों, इनडोर वर्टिकल गार्डनिंग की बदौलत हवा की गुणवत्ता और ड्राइंग रूम या कमरे के वातावरण में सुधार किया जा सकता है। इसके साथ ही यह भी महत्वपूर्ण तथ्य है कि पौधे अलग-अलग ध्वनि अवरोधक के रूप में भी काम कर सकते हैं।
- **पौधों का चयन और पानी देने की व्यवस्था महत्वपूर्ण :** घर के अंदर पौधों की अच्छी वृद्धि के लिए पौधों को पर्याप्त पानी देना जरूरी है। इसके लिए कई तरह की सिंचाई प्रणालियां उपलब्ध हैं। वर्टिकल गार्डनिंग में यह सुनिश्चित करना जरूरी है कि पौधे उगाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले बर्तन जलरोधी हों। पहले दीवार पर एक वाटरप्रूफ इंसुलेशन परत लगाना भी बेहतर विकल्प है। इससे दीवार पर नमी या फफूंदी लगने से बच सकते हैं।

बालकनी के लिए करें व्यापक तैयारी

- बालकनी पर वर्टिकल गार्डनिंग की योजना बनाते समय, व्यापक तैयारी जरूरी है। बालकनी में प्रकाश की स्थिति पर विचार करना और उसके अनुसार पौधों का चयन करना महत्वपूर्ण है। बालकनी पर ऊर्ध्वाधर बागवानी के लिए जड़ी-बूटियां और सब्जियां, दोनों ही बेहतरीन विकल्प हैं। गर्मियों में अपनी उपज खुद इकट्ठा करने का आनंद अद्भुत हो सकता है। उदाहरण के लिए जुकनी और टमाटर धूप वाली जगह पर खूब फलते-फूलते हैं। फूल वाले पौधे बालकनी में रंग भर देते हैं। बालकनी पर ऊर्ध्वाधर बागवानी के लिए लोकप्रिय फूल वाले पौधों में चढ़ने वाले नास्टर्टियम शामिल हैं, जो खाने योग्य भी होते हैं। इसके साथ ही ट्रेलिंग पेटुनिया, जेरेनियम और मैंडेविला भी हैं। बालकनी पर बारहमासी फूल वाले पौधों के लिए, बौना झाड़ू या शीतकालीन चमेली अच्छे विकल्प हैं। खिलती हुई बालकनी का लंबे समय तक आनंद सुनिश्चित करने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले उर्वरकों जैसे उर्वरकों और पोषक तत्वों के मिश्रण का उपयोग करना बेहतर रहेगा।

फीचर डेस्क, कानपुर

बाजार	सेंसेक्स ↓	निफ्टी ↓
बंद हुआ	80,710	24,741
गिरावट	7.25	6.70
प्रतिशत में	0.01	0.03

सोना -1,06970 प्रति 10 ग्राम

चांदी- 1,25,600 प्रति किलो

अमृत विचार

अयोध्या, शनिवार, 6 सितंबर 2025

www.amritvichar.com

ब्रीफ न्यूज

हिंदुजा समूह करेगा 5,176 करोड़ का निवेश

चेन्नई। तमिलनाडु सरकार ने हिंदुजा समूह और एस्ट्राज़ेनका कंपनी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिनमें कुल 5,176 करोड़ रुपये के निवेश की प्रतिबद्धता जताई गई है। इन दिनों तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ब्रिटेन यात्रा पर हैं। लंदन में श्री स्टालिन की उपस्थिति में हुये समझौते के तहत हिंदुजा समूह ई-वाहन, बैटरी प्रौद्योगिकी और स्पेयर पार्ट्स निर्माण में 5,000 करोड़ रुपये के निवेश से संयंत्र स्थापित करेगा और राज्य में 1,000 से अधिक रोज़गार के अवसर पैदा करेगा। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि श्री स्टालिन की जर्मनी और ब्रिटेन की यात्रा से अब तक 13,016 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त हुआ है और राज्य में 17,813 नौकरियां सृजित होंगी।

ओयो का पहली तिमाही का लाभ 200 करोड़

नई दिल्ली। ऑनलाइन यात्रा बुकिंग मंच ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने शुक्रवार को शीर्ष प्रबंधन को भेजे एक ईमेल में बताया कि मजबूत राजस्व वृद्धि से पहली तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 200 करोड़ रुपये रहा। अग्रवाल ने ईमेल में कहा कि राजस्व वृद्धि की मुख्य वजह होटल 'इन्वेंट्री' का प्रीमियमीकरण और कमरों का बेहतर उपयोग है। ओयो ने पिछले वर्ष की इसी (अप्रैल-जून) तिमाही में 87 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया था। शेयरधारकों को भेजी अधिसूचना के अनुसार समूचे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ओयो ने 16,250 करोड़ रुपये के बुकिंग मूल्य (जीबीवी) और 6,252 करोड़ रुपये तक के राजस्व के साथ मजबूत परिचालन प्रदर्शन किया।

नथिंग इस साल भारत में पहला स्टोर खोलेगी

नई दिल्ली। लंदन स्थित उपभोक्ता प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग इस साल भारत में अपना पहला स्टोर खोलेगी जबकि इसका सहयोगी ब्रांड सीएमएफ यहां पर अपना वैश्विक मुख्यालय खोलने जा रहा है। नथिंग के सह-संस्थापक एकिस इवान्जेलिडिस ने शुक्रवार को इसकी घोषणा की। नथिंग का स्मार्टफोन फोन (3) भारत में ही बनाया जा रहा है और अब इसका निर्यात भी शुरू हो गया है।

जीएसटी दरों में कटौती का लाभ आम लोगों को

सीबीआईसी ने कहा- अभी की कीमत और जीएसटी में सुधारों के बाद की कीमतों पर रहेगी नजर

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी दरों में बदलाव के बाद कटौती का लाभ आम लोगों तक पहुंच पाएगा, इसको लेकर कयासों का दौर जारी है। इसी बीच केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड ने स्पष्ट किया है कि कटौती का लाभ आम लोगों तक पहुंचे इसके लिए उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों समेत समूची स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

सीबीआईसी के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सरकार जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों को दिलाने के लिए काम कर रही है। इसके लिए सीबीआईसी, उपभोक्ता मामलों के मंत्रालयों समेत सभी संबंधित विभागों के साथ मिलकर कीमतों और पूरी स्थिति पर नजर रख रहा है। अग्रवाल ने एक बातचीत में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों के तहत एक तरह के सामान को एक ही कर दायरे में लाने और प्रक्रियाओं को सरल बनाने से विवादों में कमी आने की उम्मीद है। केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों की भागीदारी वाली जीएसटी परिषद ने बुधवार को जीएसटी के चार स्लैब की जगह दो स्लैब करने का फैसला किया। अब कर की दरें पांच और 18 प्रतिशत होंगी जबकि विलासिता एवं सिगरेट जैसी अहितकर वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू होगी। हम कीमतों के रुख पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम देख रहे हैं कि अभी सामानों की क्या कीमत है और जीएसटी में सुधारों के बाद आगे क्या रुझान रहने वाला है। कंपनियों पर भी हमारी नजर होगी।

सीबीआईसी चेयरमैन ने कहा कि अगर दर कटौती का लाभ ग्राहकों को नहीं मिलने की शिकायत आती है, हम उसे उद्योग संगठनों के पास ले जाएंगे। उद्योग संगठनों ने कहा है कि दरों में कटौती से जो भी लाभ होगा, उसका फायदा ग्राहकों को दिया जाएगा। अग्रवाल ने कहा कि सरकार ने कदम उठाया है, प्रक्रिया को सरल किया गया है। उद्याोगों को एक निश्चितता दी गयी है। ऐसे में उनका भी दायित्व बनता है। हमें पूरा विश्वास है कि वे जो भी लाभ हैं, ग्राहकों को देंगे।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, ''जो माल पहले से बाजार में है और उस पर एमआरपी छपा है, उनमें 10 से 15 दिनों में बदलाव कर पाना थोड़ा मुश्किल लगता है लेकिन आपूर्ति श्रृंखला में बाजार में माल ज्यादा होते नहीं हैं। जो भी नई खेप आएगी, उसमें चीजें ठीक हो जाएंगी। अग्रवाल ने कहा कि चूंकि बाजार में काफी प्रतिस्पर्धा है, ऐसे में एक कंपनी ग्राहकों को लाभ दे और कोई दूसरी नहीं देती है तो यह बात सामने आ जाएगी। कंपनियों के लिए ऐसा कर पाना मुश्किल है। अगर कोई टीवी खरीदता है उसे तुंरत लाभ मिल जाएगा। एमआरपी पर बेचे जाने वाले छोटे सामानों पर हो सकता है कि कंपनियां डीलर के जरिये खुदरा दुकानदारों को छूट दें। विवादों के समाधान के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि दरों को युक्तिसंत बनाया गया है। पहले चार दरें होती थी, अब दो हो गयी हैं। एक तरह के सामान को एक ही कर श्रेणी में रखा गया है, जैसे खाने के सामान पर अब पांच प्रतिशत कर लगेंगे। पहले एक ही तरह की वस्तुओं पर अलग-अलग दरें होने से कई नोटिस जाते थे। जीएसटी सुधारों से वह समस्या समाप्त होगी।

अब विवाद की संभावना नहीं : अग्रवाल

अग्रवाल ने कहा कि कंपनियों के लिए जीएसटी वास्तव में सरल और पारदर्शी हो गया है और विवाद की संभावना लगभग खत्म हो गयी है। रिफंड, पंजीकरण प्रक्रियाओं को तेज और सरल बनाया गया है ताकि उन्हें कोई दिक्कत नहीं हो। नयी दरों के दिवाली से पहले लागू करने के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि ग्राहक दरों में कटौती की उम्मीद में अपनी खरीदारी टाल रहे थे और उद्योग जगत से जल्द कर सुधार लागू करने की मांग आने लगी थी। उन्होंने कहा कि इस बात को ध्यान में रखते हुए जीएसटी परिषद की बैठक तुरंत आयोजित की गई और यह निर्णय लिया गया कि नई दरें 22 सितंबर से प्रभावी होंगी, जो नवरात्रि का पहला दिन है जिसके साथ त्योहारी मौसम शुरू हो जाता है।

सरकार को 3,700 करोड़ रुपये का राजस्व नुकसान होगा

कोलकाता। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपनी नवीनतम शोध रिपोर्ट में कहा कि दरों में कमी के जरिये माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधार से 3,700 करोड़ रुपये का न्यूनतम राजस्व नुकसान होगा। सरकार का अनुमान है कि जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने का शुद्ध राजकोषीय प्रभाव वार्षिक आधार पर 48,000 करोड़ रुपये होगा। रिपोर्ट के अनुसार, विकास और उपभोग में वृद्धि को देखते हुए न्यूनतम राजस्व हानि 3,700 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। इसका राजकोषीय घाटे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

जीएसटी कटौती से दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच से छह प्रतिशत बढ़ेगी: क्रिसिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- **छोटे वाहनों पर 30 हजार से 60 हजार व दोपहिया पर 3,000 से 7,000 की कटौती की उम्मीद**

वाहनों पर जीएसटी दरों को युक्तिसंगत बनाने से चालू वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री पांच से छह प्रतिशत बढ़ जाने की उम्मीद है जबकि यात्री वाहनों की बिक्री में दो से तीन प्रतिशत का इजाफा हो सकता है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने एक बयान में कहा कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की 22 सितंबर से प्रभावी होने वाली पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की नई दर संरचना से मोटर वाहन क्षेत्र में मांग फिर से बढ़ेगी।

क्रिसिल रेटिंग्स के वरिष्ठ निदेशक अनुज सेठी ने कहा कि जीएसटी कटौती का पूरा लाभ मिलने से वाहनों की कीमतों में पांच-10 प्रतिशत (छोटे यात्री वाहनों पर 30 हजार से 60 हजार रुपये और दोपहिया वाहनों पर 3,000 से 7,000 रुपये) की कमी आने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि और आगामी त्योहारों को देखते हुए इस दर कटौती से बाजार की धारणा को बल मिलेगा। नए उत्पादों की पेशकश, कम ब्याज दरों और बेहतर सामर्थ्य से मोटर वाहन क्षेत्र में दूसरी छमाही में मजबूती आनी चाहिए। बयान के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष में दोपहिया वाहनों की बिक्री में पांच से छह प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है जबकि यात्री वाहनों की बिक्री में दो से तीन बढ़ सकती है। अप्रैल-अगस्त अवधि में दोपहिया वाहनों की बिक्री में वृद्धि दर शून्य से एक प्रतिशत के साथ लगभग स्थिर रही जबकि यात्री वाहनों की बिक्री में तीन से चार प्रतिशत की गिरावट आई। संशोधित जीएसटी ढांचे के तहत, छोटे यात्री वाहनों, 350 सीसी तक के दोपहिया वाहन (इस खंड की बिक्री का लगभग 90 प्रतिशत), वाणिज्यिक वाहन (सीवी) और तिपहिया वाहनों पर कर की दरें 28 प्रतिशत से घटकर 18 प्रतिशत हो जाएंगी।

जीएसटी में कटौती से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सस्ती

नई दिल्ली, एजेंसी

जीएसटी दरों में कटौती करने के फैसले का चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े लोगों ने स्वागत करते हुए कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाएं सस्ती होंगी।

आरजी हॉस्पिटल्स के प्रबंध निदेशक अविनाश ओझा ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा के वित्तीय बोझ को कम करने के लिए आवश्यक दवाओं और चिकित्सकीय उपकरणों पर जीएसटी में सरकार का हालिया सुधार स्वास्थ्य सेवाओं को किफायती बनाने को लेकर मजबूत प्रतिबद्धता को बताता है। 33 जीवन रक्षक दवाओं पर जीएसटी को पूरी तरह से माफ करना, साथ ही कैंसर, दुर्लभ बीमारियों और पुरानी बीमारियों में इस्तेमाल होने वाली महत्वपूर्ण दवाओं के लिए इसे घटाकर शून्य करना स्वागत योग्य राहत है। पारस हेल्थ के मुख्य परिचालन अधिकारी (ग्रुप) विनीत अग्रवाल ने कहा कि जीएसटी सुधार भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने और देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है।

आईएचसीएल की आईटी पर मैलवेयर हमला

नई दिल्ली। इंडियन होटल्स कंपनी लि. (आईएचसीएल) ने अपनी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली पर एक मैलवेयर हमला होने की जानकारी देते हुए कहा है कि इसके प्रभाव को कम करने के लिए तुरंत कार्रवाई की गई। देश की आतिथ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी कंपनी आईएचसीएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस साइबर हमले का प्रभाव कम करने और आईटी प्रणाली को सुरक्षित करने के लिए तुरंत जरूरी कदम उठाए गए हैं।

- **साइबर हमले के बाद स्थिति पर रखी जा रही है करीबी नजर : इंडियन होटल्स**

नोएडा से दिल्ली एयरपोर्ट के लिए शुरू होगी सीधी लग्जरी बस सेवा

नई दिल्ली, एजेंसी

- **संचालन के लिए फ्लेक्सीबस नामक कंपनी से किया करार**

नोएडा और ग्रेटर नोएडा के लोगों के लिए अब दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचना बेहद आसान हो जायेगा क्योंकि जल्द ही इसके लिए सीधी लग्जरी बस सेवा शुरू होने वाली है।

एयरपोर्ट का संचालन करने वाली कंपनी दिल्ली अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (डायल) ने शुक्रवार को बताया कि इस बस सेवा के संचालन के लिए उसने फ्लेक्सीबस नामक कंपनी से करार किया है। इसका किराया 199 रुपये होगा। इस बस सेवा के अगले सप्ताह शुरू होने की उम्मीद है। बुकिंग फ्लेक्सीबस के ऐप या वेबसाइट के अलावा रेडबस, मेकमाईट्रिप और पेटीएम के माध्यम से भी कराई जा सकती है। बस के ठहराव नोएडा सेक्टर 16, बोटैनिकल गार्डेन, गोल्फ कोर्स, गौड़ सिटी, जेपी विशटाउन और परी चौक पर होंगे। यह सेवा चौबीसों घंटे उपलब्ध होगी। हवाई अड्डे से ग्रेटर नोएडा के परी चौक तक के सफर में 130 से 180 मिनट का समय लगेगा। डायल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विदेह कुमार जयपुरियार ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सार्वजनिक वाहन के इस्तेमाल को बढ़ावा देना है।

लेज के पैकिंग पर किसान

नई दिल्ली। स्वदेशी की अपनी छवि को बढ़ावा देने के लिए अमेरिकी कंपनी पेप्सीको की भारतीय इकाई पेप्सिको इंडिया ने लेज चिप्स के पैक पर किसानों को जगह दी है। पेप्सीको इंडिया ने शुक्रवार को बताया कि उसके आलू चिप्स ब्रांड लेज ने भारतीय किसानों को सम्मानित करने वाली अपनी पहल ''मिट्टी की चिट्ठी'' के तहत यह शुरुआत की है। लेज ने पहली बार लिमिटेड एडिशन पैक पेश किया है जिनमें भारतीय किसानों को दर्शाया गया है। इन पैकेट्स पर पुरुष और महिला किसानों के हाथ से बने चित्र है।

राष्ट्रीय

सम्मान और सुरक्षा के लिए शिक्षा जरूरी: मुर्मू

राष्ट्रपति ने कहा - सुविधाओं का अपना महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है स्मार्ट शिक्षक

नई दिल्ली, एजेंसी

शिक्षक दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान के अपने विशेष दौरे के दौरान शिक्षकों से बातचीत करती हुईं राष्ट्रपति।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। राष्ट्रपति मुर्मु ने इस मौके पर कहा कि भोजन, वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया।

राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवार, समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशील, जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैं, जो केवल प्रतिस्पर्धा, किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनायें और बुद्धि दोनों होती हैं।

भावनाओं और बुद्धि का समन्वय विद्यार्थियों पर भी प्रभाव डालता है। राष्ट्रपति ने कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्ड, स्मार्ट कक्षायें और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व है, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण है स्मार्ट शिक्षक। उन्होंने कहा कि स्मार्ट शिक्षक वे शिक्षक होते हैं जो अपने विद्यार्थियों के विकास की आवश्यकताओं को समझते हैं। स्मार्ट शिक्षक स्नेह और संवेदनशीलता के साथ अध्ययन की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाते हैं। ऐसे शिक्षक छात्रों को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। बालिकाओं की शिक्षा में निवेश करके, हम अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के निर्माण में एक अमूल्य निवेश करते हैं। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बालिकाओं की शिक्षा में जितना अधिक योगदान देंगे, शिक्षक के रूप में उनका जीवन उतना ही सार्थक होगा। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बालिकाओं सहित उन सभी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दें, जो अपेक्षाकृत शर्मीले हैं, या कम सुविधा प्राप्त पृष्ठभूमि से आते हैं।

राष्ट्रपति ने प्रो. गणेश टी. पण्डित को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के संयुक्त निदेशक (शैक्षणिक परियोजनाएं एवं प्रकाशन अनुभाग) प्रो. गणेश तिम्मण्ण पण्डित को राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार-2025 से सम्मानित किया। गौरतलब है की प्रो. गणेश टी. पण्डित उच्च शिक्षा में राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित होने वाले अकेले शिक्षक होने के साथ ही पूरे भारत से अकेले संस्कृत शिक्षक हैं। उनको पुरस्कार स्वरूप प्रशस्ति-पत्र, 50,000 रुपये की नकद राशि एवं रजत पदक प्रदान किया गया। ज्ञात रहे कि प्रो. पण्डित ने संस्कृत शिक्षा को आधुनिक तकनीक से जोड़ने और शिक्षण में नवाचार लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राहत

कुल्लू। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आपदा के बाद राहत कार्यों के तहत सेना के जवान हेलीकॉप्टर से राशन की आपूर्ति उतारते हुए। शुक्रवार को वायु सेना के तीन हेलिकाप्टर कुल्लू के भुंतर हवाई अड्डे पहुंचे। इसमें दो एम-17 और एक चिनूक हेलिकाप्टर को राहत कार्य में लगाया गया है। इनमें खाने-पीने के राशन के साथ तिरपाल व दवाइयों को भेजा गया। सैंज घाटी के शाक्टी गांव में 13 बैग और मरोड़ गांव में 6 बैग राशन सेना हेलिकॉप्टर के माध्यम से एयर ड्रॉप किया।

बच्चे का डीएनए परीक्षण मातृत्व का अपमान: कोर्ट

भुवनेश्वर, एजेंसी

- **हाईकोर्ट ने कहा - डीएनए परीक्षण के लिए मजबूर करने से निजता का अधिकार प्रभावित होता है**

उड़ीसा उच्च न्यायालय ने निचली अदालत के उस आदेश बरकरार रखा है जिसमें एक पुरुष के डीएनए परीक्षण की मांग को अस्वीकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति बी.पी. राउत्रे की एकल पीठ ने कहा कि बच्चे के डीएनए परीक्षण का निर्देश देना एक महिला के मातृत्व का अपमान होगा जो साक्ष्य अधिनियम की धारा 112 में वर्णित कानून के खिलाफ है।

न्यायमूर्ति ने सिविल विविध याचिका को खारिज करते हुए कहा कि यह ध्यान में रखना चाहिए कि किसी व्यक्ति को डीएनए परीक्षण के लिए मजबूर करने से उसकी निजता का अधिकार प्रभावित होता है। यह मुक़दमा एक संयुक्त परिवार की संपत्ति के बंटवारे के मुकदमे को लेकर शुरू हुआ जिसमें प्रतिद्वंदी पक्ष के माता-पिता का पता लगाने के लिए डीएनए परीक्षण की मांग की गई थी। कुचिंडा के दीवानी मामलों के न्यायाधीश (वरिष्ठ खंड) ने इस मांग को ठुकरा दिया था। न्यायमूर्ति राउत्रे ने अपने फैसले में कहा कि यह समझ से परे है कि बंटवारे के मामले में डीएनए परीक्षण कैसे प्रासंगिक होगा।

सुप्रीम आदेश

शीर्ष अदालत ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय को पुन : सुनवाई करने को कहा

जमानत रद्द करने की 40 याचिकाओं में एक जैसे आदेश, सुप्रीम कोर्ट नाराज

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने एक कड़े आदेश में इलाहाबाद उच्च न्यायालय से नाराजगी जताई कि उसने पिछले दो वर्षों से जमानत रद्द करने के लिए कम से कम 40 याचिकाओं में पूर्व निर्धारित आदेश (साइक्लोस्टाइल्ड टेम्पलेट ऑर्डर) पारित किए हैं, जिसमें शिकायतकर्ताओं को गवाह संरक्षण योजना, 2018 के तहत उपाय तलाशने के लिए कहा गया है।

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि हमें इलाहाबाद उच्च न्यायालय के कई आदेश मिले हैं, जो कानून की गलत धारणा पर आधारित हैं, खासकर यह कि गवाह संरक्षण योजना जमानत रद्द करने का एक विकल्प है। उच्च न्यायालय के अनुसार, यह एक वैकल्पिक उपाय है। पीठ ने कहना था कि हमें यह जानकर दुख हो रहा है कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध रिकॉर्ड के अनुसार, हमें कम से कम 40 हाल के आदेश मिले हैं, जो पिछले एक साल में ही पारित किए गए हैं। न्यायमूर्ति पारदीवाला के नेतृत्व वाली पीठ ने ही इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश प्रशांत कुमार की एक दीवानी विवाद मामले में आपराधिक कार्यवाही की अनुमति देने के लिए आलोचना की थी तथा सेवानिवृत्ति तक उनसे आपराधिक मामलों को वापस ले लिया गया था।

- **उच्च न्यायालय को गुण-दोष के आधार पर याचिका पर निर्णय लेना चाहिए था**

इस विवादास्पद आदेश को बाद में प्रधान न्यायाधीश बी आर गवई के आदेश पर संशोधित किया गया था। इस मामले में, न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कड़े शब्दों में फैसला सुनाया और उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज कर दिया, जिसमें हत्या के मुकदमे का सामना कर रहे एक आरोपी की जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया गया था, और इसके बजाय शिकायतकर्ता को गवाह संरक्षण योजना के तहत सहायता लेने के लिए कहा गया था। मूल शिकायतकर्ता फिरेराम ने इस आधार पर आरोपी की जमानत रद्द करने का अनुरोध किया कि उसने हत्या के एक मामले के गवाहों को धमकी देकर जमानत की शर्तों का उल्लंघन किया है। उच्च न्यायालय ने जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया और इसके बजाय शिकायतकर्ता को गवाह संरक्षण योजना के तहत आवेदन करने का निर्देश दिया।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि हम इस तथ्य पर गौर करते हैं कि उच्च न्यायालय ने एक बहुत ही अजीब आदेश पारित किया है... उच्च न्यायालय का कहना है कि अपीलकर्ता के मामले में पीड़ित व्यक्ति के रूप में मूल प्रथम सूचनाकर्ता होने के नाते उपाय गवाह संरक्षण योजना के तहत है। दूसरे शब्दों में, इस आदेश को पढ़कर हम यही समझ पाए हैं कि उच्च न्यायालय चाहता है कि अपीलकर्ता इस योजना के प्रावधानों का लाभ उठाए। यही कहते हुए उच्च न्यायालय ने जमानत रद्द करने से इनकार कर दिया। पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय को 'कानून के सुस्थापित सिद्धांतों को लागू करते हुए' गुण-दोष के आधार पर जमानत रद्द करने की याचिका पर निर्णय लेना चाहिए था। शीर्ष अदालत ने आरोपी को जमानत देने संबंधी उच्च न्यायालय के पिछले आदेश का हवाला दिया था।

वर्ल्ड ब्रीफ

अनुतिन होंगे थाइलैंड के अगले प्रधानमंत्री

बैंकॉक। थाईलैंड के वरिष्ठ नेता अनुतिन चार्नविराकुल देश के अगले प्रधानमंत्री होंगे। संसद में हुए मतदान में शुक्रवार को उन्होंने बहुमत हासिल कर लिया। भूमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन ने प्रतिनिधि सभा के 492 सदस्यों में से 247 वोट हासिल किए हैं जो कि बहुमत के लिए जरूरी आंकड़ा है। मतदान पूरा होने के बाद उनके कुल मतों की पुष्टि होनी है। राजा महा वजीरालोंगकोर्न द्वारा औपचारिक तौर पर नियुक्ति किए जाने के बाद, अनुतिन और उनकी सरकार के कुछ ही दिन में पदभार ग्रहण करने की उम्मीद है। अनुतिन ने पैतोंगटार्न शिनावात्रा का स्थान लिया है, जिन्हें पिछले सप्ताह अदालत के आदेश पर प्रधानमंत्री पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

अफगानिस्तान में फिर लगे भूकंप के झटके

काबुल। अफगानिस्तान के नांगरहार प्रांत में गुरुवार की रात आए भूकंप से 13 लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सभी घायल व्यक्ति दारा ए नूर जिले के हैं। प्रांतीय राजधानी जलालाबाद सहित कई जिलों में भी भूकंप का असर पड़ा है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक गुरुवार सुबह और रात को नांगरहार में क्रमशः 4.7 और 5.6 तीव्रता वाले दो भूकंप के झटके महसूस हुए। इससे पहले रविवार की रात पड़ोसी प्रांत कुनार में 6.0 की तीव्रता वाले भूकंप में 2,200 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई, 3,600 से अधिक घायल हुए और 7000 घर नष्ट हो गए।

जॉर्जिया में आव्रजन छापे, 475 हिरासत में

सवाना। अमेरिका के जॉर्जिया में आव्रजन अधिकारियों की छापेमारी के दौरान लगभग 475 लोगों को हिरासत में लिया गया। जिस जगह छापेमारी की गयी, वहां दक्षिण कोरियाई ऑटो कंपनी हुंदै इलेक्ट्रिक वाहन बनाती है। गृह विभाग के तहत विशेष अधिकारी स्टीवन श्रैंक ने शुक्रवार को सवाना में संवाददाताओं से यह बात कही। हालांकि लोगों पर लगाए गए आरोपों की घोषणा नहीं की गई। श्रैंक ने बताया, यह कार्रवाई जॉर्जिया और अमेरिकी लोगों के लिए रोजगार के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

चीन ने किया नए परीक्षण उपग्रह का प्रक्षेपण

शीचांग। चीन ने शुक्रवार को दक्षिण-पश्चिमी प्रांत सिचुआन के शीचांग उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र से एक नया परीक्षण उपग्रह अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया। शियान-29 उपग्रह को बीजिंग समयानुसार प्रातः 10:34 बजे लॉन्ग मार्च-3सी रॉकेट के माध्यम से प्रक्षेपित किया गया, जिसमें युआनझेंग-1 (एक्सपीडिशन-1) का ऊपरी हिस्सा ले जाने वाले रॉकेट से जुड़ा हुआ था। उपग्रह सफलतापूर्वक पूर्व निर्धारित कक्ष में पहुंच गया।

ब्रिटेनः टैक्स चोरी मामले में घिरीं उपप्रधानमंत्री एंजेला का इस्तीफा

लंदन, एजेंसी

● इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर खरीदे घर की नहीं दी गई स्टांप ड्यूटी

ब्रिटेन की उपप्रधानमंत्री एंजेला रेनर ने घर खरीद पर कर का कम भुगतान जाने के मामले में स्वतंत्र जांच के बाद शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया। लेबर पार्टी की एक प्रभावशाली नेता रेनर के खिलाफ इंग्लैंड के दक्षिणी तट पर स्थित घर पर सही स्टाम्प ड्यूटी का भुगतान के लिए विशेषज्ञ कर सलाह न लेकर मंत्री आचार संहिता का उल्लंघन करने का आरोप है।

रेनर ने अपना मामला मंत्रिस्तरीय मानकों पर स्वतंत्र सलाहकार लॉरी मैग्नस के पास भेजा, जिन्होंने शुक्रवार को प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर को अपनी रिपोर्ट सौंपी। केअर स्टार्मर अब अपने मंत्रिमंडल में फेरबदल को औपचारिक रूप दे रहे हैं। उन्होंने वरिष्ठ मंत्री रेनर के इस्तीफे पर अफसोस जताया। स्टार्मर ने कहा, निजी तौर पर मुझे आपके सरकार से बाहर जाने पर बहुत दुख हो रहा है। रेनर ने प्रधानमंत्री को लिखे त्यागपत्र में कहा, मैं दोहराना चाहती हूं कि उचित राशि के भुगतान के अलावा कुछ और करने का मेरा कभी इरादा नहीं था। मुझे यह भी ध्यान रखना चाहिए कि मीडिया का दबाव मेरे परिवार पर कितना भारी पड़ रहा है।

हिमालयी क्षेत्रों में मानवीय छेड़छाड़ का नतीजा

जलवायु परिवर्तन, अनियोजित विकास और शहरीकरण, वनों की कटाई और भूमि उपयोग में बदलाव, पर्यटन के दबाव और संसाधनों पर बढ़ते बोझ जैसे कई कारण हैं जिनके कारण भारत के हिमालयी क्षेत्रों में प्राकृतिक आपदाओं की न सिर्फ संख्या बल्कि भयावहता भी बढ़ी है। इसमें सबसे ज्यादा तबाही जल मौसम संबंधी घटनाओं की वजह से हुई है। प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध हिमालयी क्षेत्रों में मानवीय हस्तक्षेप सबसे ज्यादा विनाशकारी साबित हुआ है। भारतीय वन सर्वेक्षण, नीति आयोग और कई गैर सरकारी संगठनों की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में इनके गंभीर प्रभावों का साफ उल्लेख है। वनों के नुकसान, भूस्खलन में वृद्धि और प्राकृतिक झरनों के सूखने जैसे इनके दुष्परिणाम इन क्षेत्रों में बसे लोगों को झेलने पड़ रहे हैं। विडंबना यह है इसे रोकने के लिए अब तक कोई सख्त कदम भी नहीं उठाए गए हैं।

प्राकृतिक आपदाएं

लगातार बढ़ता संकट

- वर्ष 2024-25 में बाढ़, सूखा और तापमान वृद्धि जैसी अत्यधिक प्राकृतिक घटनाओं से 3,000 से अधिक लोगों की जान गई, जो पिछले 11 सालों में सबसे ज्यादा है।
- वर्ष 2019 से 2023 के बीच 281 प्राकृतिक आपदाएं दर्ज की गईं, जबकि केवल 2024 में 400 से अधिक घटनाएं सामने आईं, जो घटनाओं में तीव्र वृद्धि दर्शाती है।
- वर्ष 2023 में भारत को आपदाओं से 12 अरब अमेरिकी डॉलर (एक लाख करोड़ रुपये से अधिक) का नुकसान हुआ, जो पिछले दशक से काफी ज्यादा था।
- वर्ष 2015 से 2024 के बीच बाढ़, तूफान, भूस्खलन जैसी आपदाओं से 3.2 करोड़ लोग विस्थापित हुए, मगर 2024 में 4.58 करोड़ लोगों को घर छोड़ना पड़ा।
- हाल के कुछ वर्षों में आपदा राहत के लिए सरकारी खर्च में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जो प्राकृतिक आपदाओं की बढ़ती संख्या और तीव्रता को दर्शाता है।

हाल ही में आईं आपदाएं

- जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में 17 अगस्त को बादल फटने से भूस्खलन होने के बाद भारी तबाही हुई जिसमें सात लोग मारे गए।
- उत्तरकाशी के धराली गांव में 5 अगस्त को आई अचानक बाढ़ ने पूरे गांव को तबाह कर दिया, यहां सैकड़ों लोग बेघर हो गए।
- आंध्र प्रदेश में आपदाओं में 343, मध्य प्रदेश में 243 और हिमाचल प्रदेश में 195 लोगों की मौत हुई, आपदाओं का सिलसिला जारी है।

कहां कैसी आपदा

बादल फटना और बाढ़ जैसी घटनाओं की उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में वृद्धि हुई है। वनों की कटाई और अनियमित निर्माण के कारण भूस्खलन की घटनाओं में भी वृद्धि हुई है। हिमनदों का तेजी से पिघलना ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड को बढ़ा रहा है, सिक्किम में देखा गया।

मानवीय हस्तक्षेप

- भारतीय वन सर्वेक्षण की स्टेट ऑफ फॉरेस्ट रिपोर्ट के अनुसार हिमालयी राज्यों में 2019 की तुलना में 1,072 वर्ग किमी वन आवरण कम हुआ है।
- नीति आयोग ने बताया है कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र में 50% प्राकृतिक झरने सूख रहे हैं, जो वन कटान और अनियोजित विकास के कारण है।
- सुदूर संवेदन संस्थान की रिपोर्ट में पश्चिमी हिमालय में शहरीकरण में भारी वृद्धि, वनों के कटान और जल निकायों में गिरावट की पुष्टि।

ये भी प्रमुख कारण

- ग्लोबल वार्मिंग से वर्षा की तीव्रता बढ़ रही है और तापमान में वृद्धि हो रही है, जिससे हिमनद तेजी से पिघल रहे हैं।
- वन कटान से मिट्टी की पकड़ कमजोर होती है, इससे भूस्खलन का खतरा, जल निकासी पैटर्न भी प्रभावित।
- पर्यटकों की बढ़ती संख्या से संसाधनों पर दबाव पड़ता है जो नाजुक क्षेत्रों को और ज्यादा असुरक्षित बनाता है।

यूक्रेन युद्ध के परोक्ष परिणाम ग्लोबल साउथ के देशों पर डाल रहे हैं असर

भारत का संयुक्त राष्ट्र महासभा में संबोधन, ईंधन की कीमतों पर जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी



संयुक्त राष्ट्र महासभा बोलते भारतीय राजदूत पर्वतनेनी हरीश।

भारत ने यूक्रेन संघर्ष के 'परोक्ष प्रभावों' खासतौर पर ईंधन की कीमतों पर चिंता व्यक्त की और कहा है कि 'ग्लोबल साउथ' के देशों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। भारत ने साथ ही कहा कि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए युद्ध को समाप्त किया जा सकता है और स्थाई शांति लाई जा सकती है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने बृहस्पतिवार को कहा, भारत यूक्रेन की स्थिति को लेकर चिंतित है। हमारा मानना है कि निर्दोष लोगों की जान जाना अस्वीकार्य है और युद्ध के मैदान में कोई समाधान नहीं निकलता। संयुक्त राष्ट्र महासभा में 'यूक्रेन के कब्जे वाले क्षेत्रों की स्थिति' विषय पर आयोजित चर्चा में हरीश ने कहा कि भारत को इस बात की चिंता है कि संघर्ष के परिणामस्वरूप ईंधन की कीमतें और अन्य चीजें पूरे विश्व को प्रभावित कर रहे हैं, विशेष रूप से ग्लोबल साउथ के देशों को, जिन्हें उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। हमारा मानना है कि उनकी आवाज सुनी जाए और उनकी वैध चिंताओं का समुचित समाधान किया जाए।

'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है और ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। भारत ने इस बात पर जोर दिया कि स्थाई शांति के लिए सभी हितधारकों की पूर्ण भागीदारी और प्रतिबद्धता महत्वपूर्ण है। हरीश ने कहा कि भारत ने पिछले महीने अलास्का में अमेरिक के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर बैठक का समर्थन किया और उसमें हुई प्रगति की सराहना की।

मोदी के संदेश का किया जिक्र - ये युद्ध का युग नहीं

राजदूत पर्वतनेनी हरीश ने इस बात पर जोर दिया कि यूक्रेन संघर्ष का शीघ्र अंत सभी के हित में है, साथ ही उन्होंने मोदी के इस संदेश का जिक्र किया कि यह युद्ध का युग नहीं है। हरीश ने कहा, हम यूक्रेन के राष्ट्रपति और यूरोपीय नेताओं के साथ बातचीत करने के अमेरिकी राष्ट्रपति के कूटनीतिक प्रयासों पर भी ध्यान देते हैं। उन्होंने कहा,हमारा मानना है कि ये सभी कूटनीतिक प्रयास यूक्रेन में जारी संघर्ष को समाप्त कराने और स्थायी शांति की संभावनाओं के लिए अहम हैं। हरीश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मौजूदा स्थिति पर पुतिन, जेलेंस्की और यूरोपीय नेतृत्व के संपर्क में हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत के बयान से कुछ घंटे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने यूरोपीय संघ के शीर्ष नेताओं एंटोनियो कोस्टा और उर्सुला वॉन डेर लेयेन से बातचीत की। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, आपसी हितों के मुद्दों और यूक्रेन में संघर्ष को जल्द समाप्त कराने के प्रयासों पर विचार विमर्श किया।

जयशंकर ने की यूक्रेन के विदेश मंत्री से बात

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बृहस्पतिवार को अपने यूक्रेनी समकक्ष आंद्रेई सिबिहा के साथ यूक्रेन संघर्ष पर चर्चा की। जयशंकर के साथ फोन पर बातचीत के बाद सिबिहा ने कहा कि उन्होंने अपने भारतीय समकक्ष को वर्तमान युद्ध की स्थिति और यूक्रेन की ओर से न्यायोचित शांति प्राप्त किए जाने के प्रयासों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, हम शत्रुता की पूर्ण समाप्ति और व्यापक अंतरराष्ट्रीय शांति प्रयासों के समर्थन में भारत की बुलंद आवाज और सक्रिय भूमिका पर भरोसा करते हैं। यूक्रेनी विदेश मंत्री ने कहा कि वह और जयशंकर इस महीने के अंत में संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान मुलाकात करने पर सहमत हुए हैं। जयशंकर-सिबिहा वार्ता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चीन के तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात किए जाने के तीन दिन बाद हुई। बैठक में मोदी ने पुतिन को बताया कि भारत यूक्रेन में शांति स्थापित करने की दिशा में हाल ही में किए गए सभी प्रयासों का स्वागत करता है और यह मानवता का आह्वान है कि यथाशीघ्र शत्रुता को समाप्त करने का रास्ता खोजा जाए।

पेंटागन का नया नाम युद्ध मंत्रालय, रक्षा मंत्री अब युद्ध मंत्री

वाशिंगटन। अमेरिकी के पेंटागन को युद्ध मंत्रालय और रक्षा मंत्री को युद्ध मंत्री के नाम से जाना जाएगा। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप नया कानून बनाने जा रहे हैं जिसके अंतर्गत ये दोनों नाम बदल दिए जाएंगे।

नया नाम रक्षा मंत्रालय द्वितीयक पद के रूप में इस्तेमाल होगा। सरकार को इस पर कानून बनाने के लिए पहले अमेरिकी कांग्रेस की मंजूरी चाहिए होगी। नाम बदलने के तर्क में कहा गया है कि 'युद्ध मंत्रालय' नाम 'रक्षा मंत्रालय' की तुलना में कहीं अधिक तत्परता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। रक्षा शब्द से केवल रक्षात्मक क्षमताओं पर ही ध्यान जाता है।

शिक्षक दिवस



पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर रेत कलाकार सुदर्शन पटनायक ने ओडिशा के पुरी में रेत की मूर्ति बनाकर देश को शिक्षक दिवस की बधाई दी। एजेंसी

वैश्विक सद्भाव के लिए दुबई में शुरू हुआ 'आई एम पीसकीपर' अभियान

दुबई। बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच, दुबई में एक नया अंतरराष्ट्रीय अभियान, 'आई एम पीसकीपर' शुरू किया गया है, जिसका उद्देश्य वैश्विक सद्भाव के लिए संवाद और समझ को बढ़ावा देने के इच्छुक व्यक्तियों और संस्थाओं को एक मंच पर लाना है।

भारतीय फार्मा दिग्गज वॉकहार्ट के कार्यकारी निदेशक और वॉकहार्ट फाउंडेशन के सीईओ डॉ. हुजैफा खोराकीवाला ने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में इस आंदोलन की शुरुआत की, जिसमें दो नोबेल पुरस्कार विजेताओं समेत कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियों ने हिस्सा लिया। यह घटनाक्रम गाजा में जारी संघर्ष और खाड़ी क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच सामने आया है, जहां जून में ईरान और इजराइल के बीच कुछ समय तक युद्ध हुआ था। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, खोराकीवाला ने कहा कि यह अभियान इस बात पर जोर देता है कि मानवीय मूल्यों की मुद्रा से अपने लिए आंतरिक शांति खरीदी जा सकती है, जो समाज में शांति की नींव रखती है।

भारतीय छात्रों की अमेरिका में घटी रुचि, यूरोपीय देश बन रहे नई पसंद

मुंबई। अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदनों में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की गिरावट आई है, क्योंकि भारतीय छात्र जर्मनी जैसे यूरोपीय देशों को पसंद कर रहे हैं, जहां 2024-25 में 32.6 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

एडटेक कंपनी अपग्रेड की ट्रांसनेशनल एजुकेशन रिपोर्ट 2024-25 में कहा गया है कि अमेरिका अब भारतीय छात्रों के लिए स्वभाविक और सबे पसंदीदा शैक्षणिक गंतव्य नहीं रह गया है। इसमें कहा गया कि अमेरिकी विश्वविद्यालयों में आवेदनों में साल-दर-साल 13 प्रतिशत की गिरावट आई है, जबकि जर्मनी जैसे यूरोपीय गंतव्यों (2022 के 13.2 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 32.6 प्रतिशत) और संयुक्त अरब अमीरात में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है जहां 42 प्रतिशत अंतरराष्ट्रीय छात्र भारतीय हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिम एशिया तेजी से भारतीय छात्रों के लिए व्यावहारिक और सुलभ विदेश अध्ययन स्थल बनता जा रहा है, जहां वैश्विक परिसरों से डिग्री कार्यक्रम उपलब्ध हैं। दुबई और कतर के एजुकेशन सिटी में जॉर्जटाउन, जॉन्स हॉपकिन्स, आरआईटी, कार्नेगी मेलॉन और वेइल कॉर्नेल सहित अमेरिकी विश्वविद्यालयों के सैटेलाइट परिसर अपने घरेलू संस्थानों के समान ही डिग्री प्रदान करते हैं।

बोलीवियाः अमेरिका से प्रत्यर्पण के बाद पूर्व गृह मंत्री गिरफ्तार

ला पाज, एजेंसी

● मुरिलो पर हैं हत्या, गबन धनशोधन और सत्ता के दुरुपयोग के आरोप

विवादों में रहने वाले बोलीविया के पूर्व गृह मंत्री आर्तुरो मुरिलो को कई आरोपों में अमेरिका से प्रत्यर्पित करने के बाद बृहस्पतिवार को हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया।

उनके खिलाफ आरोपों में 2019 में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों पर दमनकारी कार्रवाई का आदेश देने के लिए मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है। मुरिलो जून में अमेरिकी जेल से चार साल सजा काटने के बाद रिहा हुए थे। उन पर फ्लोरिडा की एक कंपनी से 5.32 लाख डॉलर की रिश्वत लेने और आंसू गैस बेचने का अनुबंध दिलाने का आरोप था। बुधवार रात उन्हें मियामी से निष्कासित कर बोलीविया भेजा गया, जहां वह पहले से दो मामलों में दोषी ठहराए जा चुके हैं। उन पर हत्या, धनशोधन, सत्ता का दुरुपयोग, गबन और महंगी आंसू गैस की खरीद में पद का दुरुपयोग करने जैसे आरोप भी हैं। ला पाज पहुंचने पर अभियोजन पक्ष ने कहा कि उन्हें अधिकतम सुरक्षा वाली चोनचोकोरो जेल में भेजा जाएगा। अटॉर्नी जनरल रोजर मरिका ने कहा, मुरिलो को जेल में रहना ही होगा।

श्रीलंकाः बस दुर्घटना में 15 लोगों की मौत

कोलंबो। श्रीलंका के उवा प्रांत के बडुल्ला ज़िले में एक बस दुर्घटना में कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि इतने ही घायल हो गए।

पुलिस के अनुसार, 30 से अधिक लोग दक्षिणी श्रीलंकाई शहर तांगल्ले से पर्यटन यात्रा पर निकले थे, लेकिन बृहस्पतिवार रात करीब नौ बजे बस की टक्कर सामने से आ रही एक जीप से हुई, जिसके बाद बस सड़क की रेलिंग से टकराकर एल्ला कस्बे के पास 1000 फुट से अधिक गहरी खाई में गिर गई। मृतकों में नौ महिलाएं शामिल हैं। सभी लोग तांगाल्ले अर्बन काउंसिल (नगर परिषद) के कर्मचारी थे।

ट्रंप ने टेक दिग्गजों को दी दावत, मस्क को नहीं बुलाया

वाशिंगटन, एजेंसी

व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी जगत के दिग्गजों के साथ ट्रंप और उनकी पत्नी मेलानिया।

● सभी कंपनियों के सीईओ से देश में निवेश के बारे में ली जानकारी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को व्हाइट हाउस में प्रौद्योगिकी जगत (टेक) के दिग्गजों के एक समूह की मेजबानी की और उनकी कंपनियों द्वारा देश में किए जा रहे निवेश की जानकारी ली। ट्रंप के मेहमानों में उनके करीबी रहे एलन मस्क शामिल नहीं थे?

ट्रंप ने एक लंबी मेज के चारों ओर बैठे इन दिग्गजों को बेहद बुद्धिमान करार दिया। कंपनियों के सीईओ ट्रंप की तकनीकी प्रगति से जुड़ी आकांक्षाओं पर चर्चा करते रहे लेकिन ट्रंप ने पूरा ध्यान निवेश पर केंद्रित रखा। उन्होंने मेज के चारों ओर घूमकर उनसे पूछा कि वे देश में कितना निवेश कर रहे हैं। ट्रंप के दाहिनी ओर बैठे मेटा के सहसंस्थापक मार्क जुकरबर्ग ने कहा कि वह 600 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश कर रहे हैं। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने भी 600 अरब अमेरिकी डॉलर निवेश की बात कही। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने 250 अरब डॉलर के निवेश का अनुमान जताया। माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला ने कहा निवेश 80 अरब डॉलर प्रति वर्ष के करीब है। ट्रंप ने यह सुनकर कहा, अच्छा है, काफी अच्छा।

मेहमानों में ट्रंप के करीबी रहे एलन मस्क शामिल नहीं थे। इस साल के शुरू में मस्क और ट्रंप के बीच एक विधेयक को लेकर विवाद हुआ था और दोनों ने एक-दूसरे पर काफी कड़ी सार्वजनिक टिप्पणियां की थीं। मेहमानों के बीच एआई में मस्क के प्रतिद्वंद्वी रहे ओपनएआई के सैम ऑल्टमैन और पेमेंट प्रॉसेसिंग कंपनी 'शिफ्ट4' के संस्थापक जेरेड इसाकमैन भी शामिल थे।

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 6 सितंबर, शनिवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-भाद्रपद, पक्ष-शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी 7 सितंबर 01.41 तक तत्पश्चात पूर्णिमा।

आज का पंचांग



दिशाशूल- पूर्व, ऋतु- शरद।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-धनिष्ठा 22.55 तक तत्पश्चात शतभिषा।

मेष आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव कम होगा। महिलाएं खरीदारी पर काफी ध्यान दे सकती हैं। अपनी कल्पनाओं को साकार करने का अवसर मिलेगा। मन में नए कार्यों को लेकर उमंग-उत्साह की भावना रहेगी।

वृष आज कारोबार की स्थिति में सुधार आने की संभावना है। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। नए कार्यों की शुरुआत कर सकते हैं। पुराने झगड़ों को लेकर दोबारा उलझने से बचें। आपको कोई गुमी हुई वस्तु वापस मिल सकती है।

मिथुन आज व्यवसाय में सावधानी रखने की आवश्यकता है। रुका हुआ धन आपको प्राप्त हो सकता है। परिवार के सदस्य आपके ऊपर गर्व करेंगे। उच्च अधिकारियों की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है। अध्यात्मिक विषयों पर गूढ़ अध्ययन कर सकते हैं।

कर्क आज का दिन संघर्ष से युक्त हो सकता है। कुछ महत्वपूर्ण काम अटक सकते हैं। आपका मन किसी काम में नहीं लगेगा। आलस्य करने से बचें। प्रियजनों की सलाह पर गंभीरता से विचार करें। जीवनसाथी के साथ विश्वास में कमी आएगी।

सिंह आज व्यवसाय में दैनिक आय में वृद्धि होगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को उच्च पद मिल सकता है। थोड़े ही प्रयासों से आपके कार्य सफल हो जाएंगे। आपके मन में अनेक सवाल एक साथ चलते रहेंगे। इंटरव्यू में सम्मिलित हो रहे हैं तो दिन सौभाग्यशाली रहेगा।

कन्या आज प्रेम-संबंधों को पारिवारिक सहमति मिल सकती है। आपकी बातों से मित्र नाराज हो सकते हैं। जीवन के प्रति अपने दृष्टिकोण में कुछ परिवर्तन ला सकते हैं। जीवनसाथी के साथ तालमेल बहुत ही अच्छा रहेगा।

तुला आज सहकर्मी आपको अपमानित करने का प्रयास करेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में शुभ परिणाम प्राप्त होने के योग बन रहे हैं। दोस्तों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। परिवार के लोग आपके निर्णयों से अत्यधिक प्रसन्न रहेंगे।

वृश्चिक आज आपको अकारण यात्रा करनी पड़ सकती है। आपको अपनी छवि की चिंता हो सकती है। व्यवसाय में धन की कमी होने की आशंका है। आपके घरेलू खर्चों में वृद्धि होगी। घर में अचानक बिना बुलाए मेहमान आ सकते हैं।

धनु आज मनोरंजन के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। शांतिपूर्ण तरीके से समस्याओं का समाधान निकालने का प्रयास करें। किसी रिश्तेदार के घर मिलने के लिए जा सकते हैं। प्रभावशाली लोगों के बीच आपका उठना-बैठना रहेगा।

मकर आज गरिष्ठ व तला-भुना भोजन कब्ज व माइग्रेन का कारण बन सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध षड्यंत्र रच सकते हैं। कार्यक्षेत्र में तनाव बढ़ने की संभावना है। नई संपत्ति खरीदने का विचार बना सकते हैं। अपनी नकारात्मक आदतों पर नियंत्रण रखें।

कुंभ आज आपके करियर में नया मोड़ आ सकता है। उधार दिया हुआ धन आपको वापस मिलेगा। यदि आप किसी समस्या से परेशान हैं तो आपको उसका समाधान मिल सकता है। धैर्यवान होकर कार्य पूर्ण करें।

मीन आज पैतृक संपत्ति को लेकर विवाद उपजने की आशंका है। स्वभाव में क्रोध और चिड़चिड़ापन अधिक हो सकता है। आपकी राय लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। अधीनस्थ कर्मचारी उच्च अधिकारियों से असंतुष्ट हो सकते हैं।

सुडोकू-91

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		2					3	
6				1		4		
	8				9		5	
4			2				6	
	5						4	
			8		5		1	7
	6		7			8		
		3		5				4
	9					6		

सुडोकू - 90 का हल

6	1	9	2	8	3	7	4	5
3	4	8	7	5	6	1	2	9
7	5	2	4	9	1	3	6	8
8	7	3	9	6	4	5	1	2
9	2	5	1	7	8	4	3	6
1	6	4	3	2	5	8	9	7
2	3	7	5	1	9	6	8	4
5	8	1	6	4	2	9	7	3
4	9	6	8	3	7	2	5	1

मुझे गर्व है कि मैं क्रिकेट में नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। यह ना सिर्फ मेरे पसंदीदा खेल में मेरी वापसी है, बल्कि अपनी विरासत, संस्कृति, गांव और परिवार का प्रतिनिधित्व करने का बड़ा सम्मान भी है। -रॉस टेलर

स्टेडियम

अयोध्या, शनिवार, 6 सितंबर 2025

अमृत विचार

www.amritvichar.com

हाईलाइट

महिला हॉकी टीम का शानदार आगाज

हांगझोउ (चीन) : उदिता दुहान और ब्यूटी डुंग डुंग के दो-दो गोल की मदद से भारत ने महिला एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में शुक्रवार को यहां थाईलैंड को 11-0 से करारी शिकस्त देकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। उदिता ने 30वें और 52वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर जबकि डुंग डुंग ने 45वें और 54वें मिनट में गोल किए। इन दोनों के अलावा भारत की तरफ से मुमताज खान (सातवें मिनट), संगीता कुमारी (10वें), नवनीत कौर (16वें), लालरेम्सियामी (18वें), थौदाम सुमन देवी (49वें), शर्मिला देवी (57वें) और रुतुजा दादासो पिसल (60वें) ने गोल दागे। वर्तमान में भारत टीम विश्व में नौवें स्थान पर काबिज है।

मुक्केबाज खिलाड़ियों की जीत शुरुआत

लिवरपूल : भारतीय मुक्केबाज सुमित कुंडू ने शुक्रवार को यहां पुरुष मिडिलवेट वर्ग में जॉर्डन के मोहम्मद अल हुसैन को सर्वसम्मत निर्णय से हराकर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के अंतिम 16 में प्रवेश किया। सुमित ने मुकाबले के शुरुआती दौर से ही दबदबा कायम करते हुए अल हुसैन को रक्षात्मक होने पर मजबूर कर दिया। दोनों मुक्केबाजों ने कई बार सटीक मुक्के मारे लेकिन सुमित लगातार हावी रहे। उनके दमदार बैकहैंड ने जॉर्डन के मुक्केबाज के रक्षण को लगातार भेदा। भारतीय मुक्केबाज ने दूसरे चरण में बड़ी बढ़त कायम कर ली।

रॉस टेलर ने ली संन्यास से वापसी

नई दिल्ली : न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर ने संन्यास से वापसी कर ली है। हालांकि अब वह न्यूजीलैंड से नहीं बल्कि समोआ की तरफ से खेलते हुए दिखाई देंगे। 41-वर्षीय मध्य क्रम के बल्लेबाज टेलर आगामी ईस्ट एशिया-पैसिफ़िक टी20 विश्व कप 2026 के क्वालिफ़ायर टूर्नामेंट में समोआ का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम एकाउंट पर इसकी घोषणा करते हुए लिखा मैं इस अवसर के लिए उत्साहित हूं। टेलर को अपनी मां की विरासत के चलते समोआ का पासपोर्ट मिला हुआ है। वह अप्रैल 2022 में न्यूजीलैंड के लिए आख़िरी बार खेले थे। इससे उनका तीन साल का कूलिंग ऑफ पीरियड भी पूरा हो गया है और अब वह समोआ के लिए खेलने के पात्र हैं।

हॉकी एशिया कप के एक मैच में जीत के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी। एजेंसी

एशिया कप फाइनल से एक कदम दूर भारतीय हॉकी टीम

राजगीर (बिहार), एजेंसी

फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एशिया कप में शनिवार को सुपर 4 चरण के आखिरी मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत चीन के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच बार की चैंपियन दक्षिण कोरिया से 2-2 से ड्रॉ के बाद भारत ने दूसरे सुपर 4 मैच में मलेशिया को 4-1 से हराया। इस जीत से चीन के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम का मनोबल बढ़ा होगा।

भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जाएंगी और भारत के लिए एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया हालांकि शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही । भारत ने शुरूआती गोल गंवा दिया लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। मलेशिया पर मिली जीत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि अभी भी यह टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है और भारतीय खिलाड़ियों को पता है कि उनसे अपेक्षायें बहुत ज्यादा है।

- चीन के खिलाफ अहम मुकाबले में आज करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

समय : शाम 7:30 से।

सवाल यह है कि वे अपेक्षाओं पर कैसे खरे उतरें और इसका जवाब भी आसान है कि बारीकियों पर ध्यान देकर अपने प्रदर्शन में और सुधार किया जाए।

टूर्नामेंट में अभी तक मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राजिंदर सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा खेल दिखाया है। मलेशिया के खिलाफ फॉरवर्ड पंक्ति से उनका तालमेल कमाल का था। हार्दिक ने खास तौर पर तेज ड्रिबलिंग और अकेले गेंद लेकर दौड़ते हुए कई मौके बनाए। बरसों से भारतीय हॉकी की सेवा कर रहे मनप्रीत ने दिखा दिया कि अभी भी उनके भीतर जीत की भूख कम नहीं हुई है । उन्होंने न सिर्फ मौके बनाए बल्कि गोल के सूत्रधार भी रहे। अभिषेक, सुखजीत सिंह और मनदीप सिंह ने आक्रमण का जिम्मा बखूबी संभाला और आगे भी इस लय को कायम रखना चाहेंगे। भारत को हालांकि सर्कल के भीतर मिले हर मौके को भुनाना होगा और इसके लिए हड़बड़ाने से बचना जरूरी है। सुपर 4 चरण के एक अन्य मैच में मलेशिया का सामना दक्षिण कोरिया से होगा।

पेनल्टी कॉर्नर है परेशानी का सबब

- पेनल्टी कॉर्नर कोच फुल्टोन की परेशानी का सबब होगा। अच्छी शुरुआत के बाद कप्तान हरमनप्रीत पेनल्टी कॉर्नर भुनाने में नाकाम रहे। जुगराज सिंह, संजय और अमित रोहिदास का भी यही हाल था। मलेशिया के खिलाफ छह में से एक ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल हो सका और वह भी रिबाउंड पर था। दूसरी ओर पूल चरण में भारत से 3-4 से हारने के बाद से चीन ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है।

सबालेंका और अमांडा के बीच होगी खिताबी भिड़ंत

यूएस ओपन : सेमीफाइनल में सबालेंका ने पेगुला और अमांडा ने ओसाका को हराया

न्यूयॉर्क, एजेंसी

शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका और उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा बीच यूएस ओपन में महिला एकल वर्ग में खिताबी भिड़ंत होगी। बेलारूस की आर्यना सबालेंका ने अपनी विशिष्ट दृढ़ता और मानसिक शक्ति का परिचय देते हुए एक सेट से पिछड़ने के बाद चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला को हराकर तीसरी बार यूएस ओपन के फाइनल में प्रवेश किया।

गुरुवार रात दो घंटे तक चले सेमीफाइनल मुकाबले में बेलारुस की सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला को 4-6, 6-3, 6-4 से हराया।

पेगुला ने न्यूयॉर्क के शोरगुल में उत्साहित दर्शकों के बीच पहला सेट जीतकर पासा पलटने की चेतावनी दी। अमेरिकी खिलाड़ी ने पेगुला ने सबालेंका की सहज गलतियों का फायदा उठाया और दो बार सर्विस ब्रेक करके 6-4 से पहला सेट अपने नाम कर लिया।

बेलारूस की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका अमेरिका की स्टार टेनिस खिलाड़ी पेगुला के खिलाफ शॉट लगाती हुईं। एजेंसी

इसके बाद बेलारूसी खिलाड़ी ने ऑफ-कोर्ट ब्रेक के बाद नए दृढ़ संकल्प के साथ वापसी की। उन्होंने अपने ग्राउंडस्ट्रोक की तीव्रता बढ़ाई और दूसरे सेट को 6-3 से जीत के साथ मैच को निर्णायक बना दिया। अंतिम सेट में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ने दबाव के क्षणों में अपना धैर्य बनाए रखा। अपने तीसरे मैच पॉइंट पर, उन्होंने राहत और जश्न की गर्जना के साथ जीत पक्की कर ली। 27 वर्षीय खिलाड़ी की इस जीत ने उन्हें सेरेना विलियम्स (2011-2014) के बाद लगातार तीन यूएस ओपन फाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी बना दिया है। मैच के बाद सबालेंका ने कहा यह वाकई एक कड़ा मुकाबला था। उसने अविश्वसनीय टेनिस खेला और मुझे यह जीत हासिल करने के लिए बहुत मेहनत करनी पड़ी। मैं बस अंदर ही अंदर प्रार्थना कर रही थी और अच्छे की उम्मीद कर रही थी। शनिवार को होने वाले चैंपियनशिप मैच में सबालेंका का सामना उभरती हुई अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा से होगा। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिकी खिलाड़ी अमांडा अनिसिमोवा ने अपने करियर के सबसे उल्लेखनीय उलटफेरों में से एक की कहानी गढ़ते हुए रोमांचक मुकाबले में जापान की नाओमी ओसाका को 6-7(4), 7-6(3), 6-3 से हराकर पहली बार यूएस ओपन फाइनल में जगह बनाई। यह जीत अमेरिकी टेनिस प्रशंसकों के लिए, यह नई उम्मीद का क्षण है, क्योंकि अनिसिमोवा 2017 में स्लोएन स्टीफंस के बाद यूएस ओपन महिला एकल फाइनल में पहुंचने वाली पहली घरेलू खिलाड़ी बन गई हैं।

भांबरी और वीनस का सफर थमा

- **न्यूयॉर्क :** भारत के युकी भांबरी और न्यूजीलैंड के उनके जोड़ीदार माइकल वीनस अमेरिकी ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष युगल के सेमीफाइनल में हार गए, जो किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भांबरी और वीनस को नील स्कूप्स्की और जो सैलिसबरी की छठी वरीयता प्राप्त ब्रिटिश जोड़ी से रोमांचक मुकाबले में 7-6(2) 6-7(5) 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन इससे पहले भारतीय खिलाड़ी ने इतिहास रच दिया था। दिल्ली के रहने वाले 33 वर्षीय भांबरी ओपन युग में आनंद अमृतराज, विजय अमृतराज, लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना के बाद किसी ग्रैंड स्लैम के युगल सेमीफाइनल में पहुंचने वाले केवल छठे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बन गए। सानिया मिर्जा युगल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली, दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने वाली और टेनिस ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाली एकमात्र अन्य भारतीय खिलाड़ी हैं। भांबरी और वीनस की जोड़ी ने फ्लशिंग मीडोज में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था और अंतिम चार तक के अपने सफ़र में वरीयता प्राप्त जोड़ियों को भी हराया। हार के बाद भांबरी ने कहा यह मेरे लिए एक विशेष सप्ताह रहा है। इस स्तर पर खेलना और किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ा क्षण है। पिछले दशक में कई चोटों से जूझने वाले दिल्ली के इस खिलाड़ी के लिए सेमीफाइनल में पहुंचना एक बड़ी सफलता है।

अमांडा अनिसिमोवा।

स्लोवाकिया ने जर्मनी को उलटफेर का शिकार बनाया

लंदन : स्लोवाकिया ने जर्मनी को 2-0 से हराकर फुटबॉल विश्व कप के यूरोपीय क्वालीफायर में बड़ा उलटफेर किया। डेविड हैन्को और डेविड स्ट्रेलेक ने जर्मनी की रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर स्लोवाकिया को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

स्लोवाकिया ने आखिरी बार 2010 में विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था। इस हार से जर्मनी की 2026 में होने वाले विश्व कप में जगह बनाने की राह मुश्किल हो गई है। प्लेऑफ से बचने के लिए जर्मनी को शेष सभी पांच मैच जीतने होंगे।

विश्व कप ग्रुप ए क्वालीफाइंग फुटबॉल मैच में जर्मनी को हराने के बाद जश्न मनाते स्लोवाकिया के खिलाड़ी। एजेंसी

बीसीसीआई ने टीम की जर्सी प्रायोजन की दरों में बढ़ोतरी की

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट टीम की जर्सी को अब प्रायोजित करना और महंगा हो जाएगा। बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) ने द्विपक्षीय सीरीजके लिए दाम प्रति मैच 3.5 करोड़ रुपये और बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच 1.5 करोड़ रुपये कर दिए हैं।

क्रिकबज की एक रिपोर्ट के अनुसार, नई दरें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) द्वारा स्वीकृत और आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं पर लागू होंगी। रिपोर्ट में उद्योग से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि ये आंकड़े मौजूदा दरों से थोड़े ज्यादा हैं। पहले द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.17 करोड़ रुपये और बहुपक्षीय मैचों के लिए 1.12 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाता था। यह बदलाव ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम, 2025 के आने के बाद ' ड्रीम 11' के जर्सी प्रायोजक के रूप में हटने के बाद हुआ है।

सरकार द्वारा हाल ही में पारित ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के बाद बीसीसीआई ने भारतीय टीम के प्रमुख प्रायोजक ड्रीम 11 का अनुबंध रद्द कर दिया। यह संशोधन आगामी एशिया कप के समाप्त होने के बाद ही लागू होगा। बीसीसीआई को हालांकि 400 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होने का अनुमान है। बोली के परिणाम के आधार पर अंतिम आंकड़ा अधिक भी हो सकता है। नई दरें आगामी एशिया कप के बाद से प्रभावी होंगी। बीसीसीआई संभावित रूप से प्रति मैच 400 करोड़ रुपये से अधिक कमा सकता है। अंतिम आंकड़ा हालांकि बोली के परिणाम के आधार पर अधिक हो सकता है। ड्रीम 11 के हटने के बाद भारतीय टीम के मुख्य प्रायोजक अधिकारों के लिए बीसीसीआई ने मंगलवार को बोलियां आमंत्रित कीं। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया बोली लगाने वाले (जिसमें उसके समूह की कोई भी कंपनी शामिल है) को भारत में या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाओं में संलग्न नहीं होना चाहिए, भारत में किसी भी व्यक्ति को कोई ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और भारत में सट्टेबाजी या जुए में संलग्न किसी भी व्यक्ति में कोई निवेश या स्वामित्व हित नहीं होना चाहिए। भारतीय टीम यूएई में नौ सितंबर से शुरू होने वाले एशिया कप में बिना किसी मुख्य प्रायोजक के खेलेगी, क्योंकि बोर्ड ने बोली जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर तय की है। ड्रीम 11 ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के कारण अपने वास्तविक धन से जुड़े ऑनलाइन गेम को बंद कर दिया है।

3.5 करोड़ रुपये दाम द्विपक्षीय सीरीज के लिए प्रति मैच होगा।

1.5 करोड़ रुपये बहुपक्षीय टूर्नामेंट में प्रति मैच के लिए होगा।

जगदीशन दोहरे शतक से चूके दक्षिण क्षेत्र ने बनाए 536 रन

बेंगलुरु, एजेंसी

नारायण जगदीशन (197 रन) अपना दोहरा शतक पूरा करने से महज तीन रन से चूक गए जिससे दक्षिण क्षेत्र ने शुक्रवार को यहां दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल में दूसरे दिन उत्तर क्षेत्र के खिलाफ पहली पारी में 536 रनों का प्रभावशाली स्कोर बनाया।

दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 297 रन से करने के बाद दक्षिण क्षेत्र ने पूरे दिन (88.2 ओवर) बल्लेबाजी की लेकिन बाकी विकेट खोकर केवल 239 रन ही बना सका। जगदीशन ने रन आउट होने से पहले 352 गेंद में 16 चौके और तीन छक्के लगाए। दक्षिण के बाकी बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सके लेकिन टीम को सराहनीय स्कोर तक पहुंचाने में सफल रहे। उत्तर क्षेत्र के बल्लेबाजों के पास अब पहली पारी में 537 के स्कोर तक पहुंच कर फाइनल में जगह पक्की करने के लिए पूरे दो दिन हैं।

दलीप ट्रॉफी

नारायण जगदीशन। एजेंसी

मध्य क्षेत्र का पश्चिम क्षेत्र को माकूल जवाब

बेंगलुरु : दानिश मालेवार और शुभम शर्मा की अगुवाई में बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन से मध्य क्षेत्र ने दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को उत्तर क्षेत्र के 438 रन के जवाब में अपनी पहली पारी में दो विकेट पर 229 रन बनाकर मैच पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली। दिन का खेल खत्म होते समय शुभम शर्मा (60) के साथ कप्तान रजत पाटीदार (47) क्रीज पर डटे हुए थे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 69 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। टीम पहली पारी में उत्तर क्षेत्र से 209 रन पीछे है और उसके आठ विकेट शेष है। क्वार्टर फाइनल में पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ दोहरा शतक जड़ने वाले मालेवार ने धैर्य के साथ पारी की शुरुआत करते हुए 76 रन बनाये। उन्होंने पहले विकेट के लिए आयुष पांडे (40) के साथ 67 रन की साझेदारी कर ठोस शुरुआत दिलाई।

दक्षिण अफ्रीका ने इंग्लैंड को हराकर वनडे सीरीज जीती

लंदन : दक्षिण अफ्रीका ने लॉर्ड्स में मैट ब्रीट्ज़के की 85 रन की रिकॉर्ड पारी की बदौलत दूसरे एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में पांच रन से जीत हासिल कर इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैच की सीरीज एक मैच शेष रहते अपने नाम कर ली।

दक्षिण अफ्रीका में पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर में आठ विकेट पर 330 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड की टीम नौ विकेट पर 325 रन ही बना सकी। उसकी तरफ से जो रूट (61), जैकब बैथेल (58) और जोस बटलर (61) ने अर्धशतक जमाए। मैच आखिरी ओवर तक गया, जिसमें इंग्लैंड को एक विकेट शेष रहते 16 रन चाहिए थे, पर पुछल्ले बल्लेबाज जोफ्रा आर्चर की शानदार बल्लेबाजी के बावजूद मेजबान टीम लक्ष्य तक पहुंचने से चूक गई।

विश्व चैंपियनशिप | आज से शुरू हो रही प्रतियोगिता में अनुभवी दीपिका और युवा गाथा पर रहेंगी सबकी निगाहें

तीरंदाजों की अगली पीढ़ी चमक बिखेरने को तैयार

ग्वांगजू (दक्षिण कोरिया), एजेंसी

अपने करियर के अंतिम पड़ाव में अनुभवी तीरंदाज दीपिका कुमारी एक बार फिर विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने की कोशिश करेंगी। इसमें भारत 15 साल की गाथा खडके की अगुआई में अगली पीढ़ी का प्रदर्शन करने को तैयार है। पुणे की गाथा ने राष्ट्रीय ट्रायल्स में चमकदार प्रदर्शन की बदौलत शनिवार से शुरू हो रहे प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के लिए सीनियर टीम में अपनी जगह पक्की की।

अनुभवी दीपिका और अंकिता भकत के साथ गाथा की उपस्थिति ने अतीत और भविष्य की तीरंदाजों के लिए कंधे से कंधा मिलाकर प्रतिस्पर्धा करने का मंच तैयार कर दिया है। ट्रायल्स में अव्वल रहीं दीपिका के साथ अंकिता और गाथा ने भारत की तीन सदस्यीय रिकर्व महिला टीम बनाई। गाथा ने जुलाई में मैड्रिड में पदार्पण किया था और चीनी ताइपे की ओलंपियन और विश्व कप पदक विजेता चिउ यी-चिंग को हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी।

उनका अंतिम-16 में पहुंचना इस प्रतियोगिता में भारतीय महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन रहा जिससे वह दीपिका और अंकिता से आगे हो गईं।

वहीं मां बनने के बाद 31 वर्षीय दीपिका के लिए विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का एक और मौका है क्योंकि ओलंपिक के साथ यह पदक भी उनकी कैबिनेट में नहीं है। 2011 में पहली बार हिस्सा लेने बाद से इस सबसे प्रतिष्ठित भारतीय तीरंदाज ने केवल टीम रजत पदक (2011, 2015) जीते हैं लेकिन कोई व्यक्तिगत पदक नहीं जीता है। यह उनकी छठी विश्व चैंपियनशिप होगी। अंकिता महिला टीम की तीसरी सदस्य हैं जिन्होंने दो साल पहले बर्लिन विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया था लेकिन पहले ही दौर में बाहर हो गई थीं।

भारतीयों के सामने दक्षिण कोरिया की कड़ी चुनौती होगी जिसकी अगुआई तोक्यो ओलंपिक चैंपियन एन सान तथा मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और दुनिया की नंबर एक तीरंदाज लिम सिह्योन कर रही हैं। महिला रिकर्व में कोरियाई टीम प्रबल दावेदार हैं और यह देखना होगा कि क्या भारतीय उनकी बाधा पार कर पाते हैं। पुरुष रिकर्व में धीरज बोम्मादेवरा, नीरज चौहान और राहुल के साथ भारत की अगुवाई करेंगे।

दीपिका कुमारी। एजेंसी

भारतीय टीम

- **रिकर्व पुरुष :** धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, राहुल। **रिकर्व महिला :** दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, गाथा खडके। **कंपाउंड पुरुष :** प्रथमेश फुगे, अमन सैनी, ऋषभ यादव। **कंपाउंड महिला :** परनीत कौर, पृथिका प्रदीप, ज्योति सुरेखा वेन्नम।